Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 06

देश

टीम इंडिया में वापसी के लिए आईपीएल 2024 काफी नहीं ! ईशान और श्रेयस के सेलेक्शन...

साय सरकार का एलान, 12 मार्च को किसानों के खातों में आएंगे 13 हजार करोड़ रूपए

कृष्ण पक्ष नवमी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • सोमवार • 04 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 84 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹64, 090	₹73,600

आज का इतिहास

- 1961 : भारत के पहले विमान वाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत की तैनाती हुई।
- 2013: व्लादिमीर पुतिन ने आरोपों के बीच रूस का राष्ट्रपति चुनाव जीता।

न्यूज बाइट्स

छपरा से चलने वाली कई ट्रेनें कैंसिल

छपरा (नि.सं.)। रेल विभाग द्वारा अपने मूलभूत संरचना में लगातार बदलाव किया जा रहा है। इसी क्रम में लखनऊ मंडल के गोंडा-बुढ़वल खंड पर तीसरी लाइन निर्माण के सिलसिले में गोंडा कचहरी और करनैलगंज रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने के चलते ट्रेनों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन और पुनर्निर्धारण किया जाएगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार गोमतीनगर से चलने वाली गोमतीनगर-छपरा कचहरी के साथ ही ऐशबाग गोरखपुर निरस्त रहेगी।

पवन सिंह का आसनसोल से चुनाव लड़ने से इनकार

आरा (भोजपुर)। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने आसनसोल से लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारण वश में आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। चर्चा है कि पवन सिंह आरा से टिकट चाहते थे। जनवरी महीने में उन्हें इशारा भी किया था कि अगर आरा से टिकट मिलेगा तो वे चुनाव लड़ेंगे। इसकी पूरी तैयारी है। पवन सिंह को भाजपा ने शनिवार को ही पश्चिम बंगाल के आसनसोल से लोकसभा प्रत्याशी बनाया है।

एआईबीए ने गलत सूचना के प्रसार पर गूगल के खिलाफ मोदी को लिखा पत्र

नई दिल्ली (ए.)। ऑल-इंडिया बार एसोसिएशन (एआईबीए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल पर सार्वजनिक डोमेन में भ्रामक और शरारती जानकारी डालकर प्रधानमंत्री की छवि खराब करने का प्रयास का आरोप लगाते हुए कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं ऑल-इंडिया बार एसोसिएशन (एआईबीए) के अध्यक्ष डॉ. आदिश सी. अग्रवाल ने कहा कि गूगल ने सार्वजनिक डोमेन में भ्रामक और शरारती जानकारी डालकर भारतीय दंड संहिता की समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने संबंधी धाराओं के तहत अपराध किया है।

बेतिया में हाईवा ने 7 लोगों को रौंदा, सास-बहू की मौत

बेतिया (सीतामढ़ी)। बेतिया और सीतामढ़ी में दो अलग-अलग सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। पहली घटना बेतिया की है, जहां एक अनियंत्रित हाईवा ने एक ही परिवार के सात लोगों को रौंद दिया। हादसे में दो महिला की मौत हो गई। दोनों सास-बहू हैं। मृतक की पहचान सुगंधी देवी (55) और उनकी बहू सोमारी देवी (32) के रूप में हुई है। हादसे में 5 की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

21 जिलों में हुई बारिश, सात मार्च तक दिन में होगी गर्मी और रात में लगेगी ठंड

निज संवाददाता | पटना

पटना सहित प्रदेश में सोमवार से अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान चढ़ेगा और न्यूनतम पारा गिरेगा। अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने के आसार हैं। वहीं न्यूनतम पारा में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जाएगी। इससे दिन में गर्मी और रात में ठंड का एहसास होगा। रविवार को पटना सहित 21 जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। इस दौरान चार जिलों के 11 शहरों में झमाझम बारिश हुई है। सबसे अधिक रोहतास के बिक्रमगंज में 8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

पश्चिमी चंपारण में 1.9, सीवान में 1, मुजफ्फरपुर में 0.3, सारण में 0.6, वैशाली में 1.5, समस्तीपुर में 0.6, भागलपुर में 0.1, बक्सर में 5.7, भोजपुर में 0.5, पटना में 1.1, अरवल में 3, जहानाबाद में 2.9, नालंदा में 1.4, लखीसराय में 0.5, शेखपुरा में 3, कैमूर में 4.5, रोहतास में 9.2, औरंगाबाद में 2.9, गया में 4.3, नवादा में 2.9 और जमुई में 1.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

राजधानी सहित 29 शहरों का अधिकतम पारा गिरा

प्रदेश के अधिकतर शहरों में रविवार को हल्की से मध्य स्तर की बारिश होने के कारण अधिकतम तापमान में 8.3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। पटना सहित 29 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट आई। प्रदेश का सबसे गर्म जिला 30.2 डिग्री सेल्सियस के साथ फारबिसगंज रहा। वहीं राजधानी सहित 30 शहरों के न्यूनतम तापमान में 6.4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हुई। प्रदेश का सबसे ठंडा जिला 13.5 डिग्री सेल्सियस के साथ किशनगंज रहा है।

पटना का 5.7, गया का 8.2, भागलपुर का 2.7, पूर्णिया का 2.3, भोजपुरी का 2.9, बक्सर का 8.3, औरंगाबाद का 6.9, नवादा का 7, जमुई व बेगूसराय का 6.8, छपरा का 4.6, बांका का 5.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान गिरा।

पटना में शनिवार रात से रविवार की रात तक रुक-रुक कर बूंदाबांदी और बारिश होती रही। रात में तेज हवा भी चली। पटना के अधिकतम तापमान में 5.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट और न्यूनतम तापमान में 2.1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। पटना का अधिकतम तापमान 23.1 और न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इन जगहों पर सबसे अधिक बारिश

मौसम विभाग के अनुसार रोहतास के बिक्रमगंज में 8 व डेहरी में 5, बक्सर के ईटाड़ी में 7.8, राजपुर में 6, ब्रह्मपुर में 4.2 व सिमरी में 4.2 , भभुआ के कूदरा में 5.8 व रामपुर में 4.6 जबकि अरवल के केलर में 5.4 और करपी में 4.8 मिलीमीटर बारिश हुई।

स्वदेशी नवाचार और साझीदारी को मिलेगा बढ़ावा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज करेंगे डिफकनेक्ट 2024 का उद्घाटन

- इस आयोजन का उद्देश्य सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करना और रक्षा क्षेत्र में सहयोग, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच बनने के लिए होना है।

एजेंसी | नयी दिल्ली



उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी नवाचार और साझीदारी को बढ़ावा देने के वास्ते सोमवार को यहां डिफकनेक्ट 2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।

इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस-डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन (आईडीईएक्स-डीआईओ) मानेकशॉ सेंटर में डिफकनेक्ट 2024 का आयोजन कर रहा है। डिफकनेक्ट 2024 देश के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सशस्त्र बलों, रक्षा उद्योग के प्रमुख उद्यमियों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं सहित सभी महत्वपूर्ण हितधारकों को एक साथ लाता है।

इस आयोजन का उद्देश्य सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करना और रक्षा क्षेत्र में सहयोग, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच बनने के लिए होना है। यह आयोजन रक्षा क्षेत्र में भारत के अग्रणी उद्योगों से बड़ी संख्या में नवप्रवर्तकों और निवेशकों को आकर्षित करेगा।

आईडीईएक्स का ढांचा सैन्य कर्मियों को सह-विकास मॉडल के तहत नवप्रवर्तकों के साथ काम करने की अनुमति देता है। वे अंतिम-उपयोगकर्ता, नोडल और डोमेन विशेषज्ञ के रूप में कार्य करते हैं। यह सहयोग अंतिम उपयोगकर्ता की विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि का लाभ उठाकर नवाचार को निर्देशित करने और मौजूदा प्लेटफार्मों में प्रगति को सुचारू रूप से एकीकृत करने में मदद करता है।अब तक, आईडीईएक्स ने डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज के 10 राउंड और ओपन चैलेंज के 11 राउंड लॉन्च किए हैं, जिनमें ट्राई-सर्विसेज रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, भारतीय तट रक्षक, सीमा सड़क संगठन और अन्य एजेंसियों की चुनौतियों के खिलाफ व्यक्तिगत इनोवेटर्स और स्टार्ट-अप से 9,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

इस कार्यक्रम में आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर 'परिवर्तन की वाहक महिलाएं' विषय पर एक महिला पैनल चर्चा भी होगी। आईडीईएक्स विजेताओं द्वारा विकसित अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन सभी आगंतुकों के लिए मुख्य आकर्षण होगा। यह आईडीईएक्स स्टार्ट-अप से मिलने और उनकी नवीन तकनीकों को समझने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 2018 में लॉन्च किया गया आईडीईएक्स, अनिवार्य रूप से रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में विभिन्न हितधारकों के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। यह इस विशिष्ट क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विकास और संभावित सहयोग की निगरानी के लिए अम्ब्रेला संगठन की तरह कार्य करता है।

पीएम नरेन्द्र मोदी आज से पांच राज्यों की तीन दिवसीय यात्रा पर

नयी दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार की तीन दिन की यात्रा पर जाएंगे। श्री मोदी सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे तमिलनाडु के कलपक्कम में भाविनी जाएंगे।प्रधानमंत्री पांच मार्च को हैदराबाद में नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन (सीएआरओ) केंद्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद, तेलंगाना के संगारेड्डी में 6,800 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री ओडिशा में जाजपुर के चंडीखोले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। यात्रा के अंतिम दिन छह मार्च को श्री मोदी पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 15,400 करोड़ रुपये की कई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। बाद में वह बिहार के बेतिया में 8,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

300 यूनिट मिलेगी फ्री बिजली, डाकघर में करवा लें आज ही रजिस्ट्रेशन

एजेंसी | नई दिल्ली

पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत डाकघर में निशुल्क पंजीकरण किये जा रहे है। लोहारू डाकघर प्रभारी नितिन वालिया ने बताया कि भिवानी मंडल डाक अधीक्षक संजय वर्मा के निर्देशानुसार, इस योजना के तहत छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने पर हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इस योजना की शुरुआत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 फरवरी को की थी। आठ मार्च तक लोहारू डाकघर में निशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है। इसके लिए डाकघर में एक स्पेशल काउंटर भी बनाया गया है। नितिन वालिया ने बताया कि योजना में पंजीकरण करवाने के इच्छुक नागरिक अपने क्षेत्र के पोस्टमैन के माध्यम से भी करवा सकते है। लोहारू डाकघर के अंतर्गत 19 शाखा डाकघरों में भी इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। योजना में पंजीकरण के लिए उपभोक्ता को पिछले छह माह के दौरान का कोई भी एक बिजली बिल की कॉपी के साथ डाकघर के माध्यम से निशुल्क पंजीकरण करवाना होगा। उन्होंने बताया कि यह योजना दो किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए प्रणालीगत लागत के 60 प्रतिशत और दो से तीन किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए अतिरिक्त प्रणालीगत लागत के 40 प्रतिशत के बराबर सीएफए प्रदान करेगी। सीएफए को तीन किलोवाट पर सीमित किया जाएगा।

सीएम चंपाई सोरेन ने 93 करोड़ की 5 योजनाओं की दी सौगात

निज संवाददाता | गढ़वा (झारखंड)

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार (3 मार्च 2024) को गढ़वा को 93 करोड़ रुपए की सौगातें दीं। खराब मौसम की वजह से सीएम को पहुंचने में साढ़े चार घंटे की देरी हुई। झारखंड के मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से दोपहर बाद 4:30 बजे गढ़वा पहुंचे। यहां सबसे पहले सीएम ने गढ़वा के नवनिर्मित समाहरनालय भवन का उद्घाटन किया। चंपाई सोरेन ने रविवार को अपराह्न जिला मुख्यालय गढ़वा में 93 करोड़ की लागत से निर्मित 5 महत्वपूर्ण योजनाओं का उदघाटन किया। इसमें 60 करोड़ की लागत से निर्मित अत्याधुनिक समाहरणालय भवन, 15 करोड़ की लागत से बना बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, 7 करोड़ रुपये से बने बहुप्रतीक्षित नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन, 4 करोड़ की लागत की नवनिर्मित अंतरराज्यीय पालिका परिवहन पड़ाव और 7 करोड़ की लागत से बने फुटबॉल स्टेडियम शामिल हैं।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में पहुंचे। यहां उनको जनसभा को संबोधित करना था, लेकिन हेलीकॉप्टर के उड़ने का समय हो जाने की वजह से वह मंच पर भी नहीं जा पाए। यहां टाउन हॉल का उद्घाटन करने के बाद वह रांची के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के साथ सभी कार्यक्रमों में झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, बसंत सोरेन और हफीजुल हसन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। खराब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री को रांची से सड़क मार्ग से गढ़वा आना पड़ा। इसके कारण वे निर्धारित कार्यक्रम में समय से साढ़े चार घंटे देरी से पहुंचे।

मुख्यमंत्री के गढ़वा पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पारंपरिक झारखंडी गीत व नृत्य से उनका स्वागत हुआ। समय की कमी की वजह से चंपाई सोरेन ने यहां कोई भाषण नहीं दिया।

एसटीईटी : डमी एडमिट कार्ड में आठ मार्च तक करें सुधार

- आठ मार्च के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि के सुधार का दावा मान्य नहीं होगा।

निज संवाददाता | पटना

बिहार बोर्ड ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) 2024 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का पांचवां डमी एडमिट कार्ड जारी किया है। यह वेबसाइट https://www.bsebstet2024.com पर चार से आठ मार्च तक उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी इस अवधि में इसे अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो आवेदक अपने यूजर आइडी एवं पासवर्ड का प्रयोग कर त्रुटि में सुधार कर सकते हैं। आठ मार्च के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि के सुधार का दावा मान्य नहीं होगा। जिन्होंने परीक्षा शुल्क की राशि जमा नहीं की है, वे आठ मार्च तक जमा कर सकते हैं। शुल्क की राशि लंबित रहने पर एडमिट कार्ड जारी नहीं किया जाएगा।

निःशुल्क कोचिंग के लिए 10 मार्च तक आवेदन

- बीएसईबी के छात्रों को हर महीने मिलेगा एक हजार

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की देखरेख में संचालित होने वाले मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले निःशुल्क कोचिंग संस्थान में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को हर महीने 1000 की छात्रवृत्ति मिलेगी। इसके अलावा 2 साल में प्रत्येक छात्रों को 24 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस निःशुल्क कोचिंग में पढ़ने के लिए विद्यार्थी 10 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। उनका चयन इंटरव्यू और लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए तमाम विद्यार्थियों को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट coaching.biharboardonline.com पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। अन्य बोर्ड के छात्रों को भी दिया गया मौका। परीक्षा समिति ने कहा है कि बीएसइबी, सीबीएसई, आईसीएसई या अन्य बोर्ड के 10वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले वैसे विद्यार्थी, जो 11वीं कक्षा में बिहार बोर्ड से संबद्ध संस्थान में नामांकन लेने के इच्छुक हैं, वे भी इसमें पढ़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। बिहार बोर्ड की ओर से आयोजित मुफ्त कोचिंग में पढ़ने के लिए अब सरकारी शिक्षकों से भी आवेदन मांगे गए हैं। तमाम छात्रों को इंजीनियरिंग मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवाने के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री,बायोलॉजी और मैथ्स विषय के शिक्षकों को आवेदन करने के लिए कहा गया है। बोर्ड के द्वारा यह भी शर्त रखी गई है कि वैसे शिक्षक जिन्होंने न्यूनतम एक वर्ष तक किसी कोचिंग संस्थान में जेईई, नीट के बच्चों को पढ़ाया है। वैसे ही शिक्षा के समय आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने के बाद बोर्ड उनमें से शिक्षकों को शॉर्टलिस्ट करेगा। शॉर्टलिस्ट की जानकारी उन्हें 9 मार्च तक दे दी जाएगी। जिन्हें 18 मार्च को एक थ्योरी डेमो क्लास देना होगा। निशुल्क शिक्षण कार्य के लिए चयनित शिक्षकों को उनको मिलने वाली कुल वेतन का 20 प्रतिशत अतिरिक्त राशि प्रोत्सान मानदेश के रूप में दी जाएगी।

स्वास्थ्य अनुसंधान पर समन्वय : मनसुख मांडविया

नयी दिल्ली (ए.)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने स्वास्थ्य अनुसंधान की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए को कहा कि राष्ट्रीय प्राथमिकता के स्वास्थ्य मुद्दों से निपटने में सार्थक और प्रभावशाली शोध को बढ़ावा देने के लिए अंतर-विभागीय समन्वय शुरू किया है। श्री मांडविया ने यहां भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की संचालन परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में आईसीएमआर का बजट चार गुना बढ़ गया है। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार भी उपस्थित थीं।

बिहार को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की मिल सकती है सौगात छह मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिखा सकते है हरी झंडी

- बता दें कि पटना से चलने वाली यह तीसरी वंदे भारत ट्रेन होगी। अभी पटना से रांची और हावड़ा के बीच वंदे भारत का संचालन किया जा रहा है। न्यूजलपाईगुड़ी-पटनावंदे भारत एक्सप्रेस को पिछले साल के अंत में ही चलाने की तैयारी थी।

निज संवाददाता | किशनगंज

बिहार के जल्द ही एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। यह ट्रेन राजधानी पटना से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलाई जाएगी। इस ट्रेन का संचालन पटना से कटिहार और किशनगंज होकर किया जाएगा। इससे सीमांचल के लोगों को कम समय में पटना आने-जाने की सुविधा मिलेगी। पीएम मोदी 6 मार्च को बेतिया में जनसभा के दौरान इस ट्रेन की शुरुआत कर सकते हैं।

पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से जोगबनी न्यू जलपाईगुड़ी का उद्घाटन किया। किशनगंज रेलवे स्टेशन पर इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान बीजेपी एमएलसी दिलीप जायसवाल और पार्टी जिलाध्यक्ष सुशांत दास समेत अन्य नेता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 6 मार्च को किशनगंज के रास्ते न्यू जलपाईगुड़ी से पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत हो सकती है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को बेतिया में जनसभा करने वाले हैं। इस दौरान वे बिहार समेत देशभर को करीब 19 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत को भी हरी झंडी दिखाई जा सकती है।

बता दें कि पटना से चलने वाली यह तीसरी वंदे भारत ट्रेन होगी। अभी पटना से रांची और हावड़ा के बीच वंदे भारत का संचालन किया जा रहा है। न्यू जलपाईगुड़ी-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को पिछले साल के अंत में ही चलाने की तैयारी थी। मगर किन्हीं कारणों की वजह से इसे नहीं शुरू किया गया। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि इसी महीने यह ट्रेन शुरू हो जाएगी।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2 | MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |

डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

संक्षिप्त समाचार

टेंपो में रहे 87 बोतल विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार,भेजे गए जेल

रजौली। थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने एक टेंपो से 87 बोतल विदेशी शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया।होली त्यौहार को लेकर बिहार के शराब धंधेबाज प्रतिदिन शराब की खेंप को बिहार पहुंचाने के लिए तरह-तरह के उपाय अपनाते रहते हैं।किन्तु उत्पाद विभाग शराब धंधेबाजों पर नकेल कसने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।बीते दो दिनों से लगातार उत्पाद विभाग टेंपो में बने तहखानों से शराब बरामद कर रही है।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है।साथ ही कहा कि जांच के क्रम में टेंपो संख्या बीआर01पीई1254 से कुल 87 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया।बरामद शराब में रॉयल स्टैग के 750 एमएल के 45 बोतल एवं इम्पेरियल ब्लू के 375 एमएल के 42 बोतल है।मौके से एक शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 7 के नाला पर नामक मोहल्ला निवासी स्व प्रदीप प्रसाद के बेटे दीपक कुमार गुप्ता के रूप में हुई है।उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि टेंपो में बरामद शराब एवं गिरफ्तार शराब धंधेबाज के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।जिसे रविवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।इस मौके पर उत्पाद एएसआई पंचम लाल धीरज,उत्पाद सिपाही एवं

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला आईकॉन राहुल वर्मा चला रहे जागरूकता अभियान

नवादा। जिला आईकॉन राहुल वर्मा ने मतदान जागरूकता को लेकर वारिसलीगंज एवं पकरीबरावां के प्राथमिक विद्यालय बर्डिहा बलियारी गाँव मे लोगों से मिले। पिछले लोक सभा चुनाव में 0.20 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार बर्डिहा के लोगों से मिलकर उनके द्वारा मतदान के प्रति जागरूक किया गया एवं प्रेरित कर वोट का अधिकार को बताया गया। लोगों ने शपथ लिया की आने वाले लोक सभा चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। इस अभियान में लोगों ने समर्थन दिया और कहा कि इस बार बहिष्कार नहीं बल्कि इस बार जागरूक होकर मतदान करेंगे। जिला आइकॉन राहुल वर्मा ने मतदाताओं को सक्षम ऐप के बारे में बताया एवं चुनाव आयोग द्वारा दी गयी जानकारी से रूबरू कराया।

रबी विपणन वर्ष 24-25 गेंहू खरीद हेतु किसान के साथ बैठक

चेरियाबरियारपुर (बेगूसराय)। अनुमंडल अंतर्गत विक्रमपुर पंचायत के कमला नेहरू पुस्तकालय वार्ड संख्या 6 में रवि विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं खरीद के लिए किसानों के साथ संवाद और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों से नए वित्तीय वर्ष में गेहू खरीद को लेकर चर्चा की गई। चेरिया बरियारपुर में बने गेहूं क्रय केंद्र में भारतीय खाद्य निगम किसानों से 2275 रुपये की दर से गेहूं खरीदने का एलान किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए समस्तीपुर निगम के राजेश कुमार ने बताया कि गेहूं खरीद को लेकर राहुल कुमार को खरीद प्रभारी और राजेश कुमार को भुगतान प्रभारी बनाया गया है। जिसके तहत बैठक कर संवाद में यह जानकारी दी गई कि जिले में गेहूं खरीद के लिए चेरिया बरियारपुर सहित अन्य छह केंद्र बनाए गए हैं। जहां 15 मार्च से गेहूं खरीद प्रारंभ हो जाएंगी। भारत सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 2275 रुपये निर्धारित किया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में डेढ़ सौ रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। किसानों को यह भी जानकारी दी गई कि खाद्य निगम द्वारा रजिस्टर्ड किसानों से ही गेहूं खरीद की जाएंगी। साथ ही फसल का भुगतान 48 घंटे के अंदर सीधे किसानों के खाते में कर दिया जाएगा। संवाद कार्यक्रम में किसानों से सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए पोर्टल पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने का अनुरोध किया गया। साथ ही गेहूं अधिप्राप्ति के लिए आन स्पाट किसानों का पंजीकरण भी किया गया। मौके पर बिक्रमपुर पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, किसान रामकुमार सिंह, बलेश्वर सिंह, अमित कुमार, पुस्कर कुमार, आनंद मोहन सिंह, कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह, बसंत सिंह, झुनझुन सिंह के अलावे दर्जनों की संख्या में किसान मौजूद थे।

बेगुसराय जिला 7 ओपी बना स्वतंत्र थानां अब खुद करेंगे एफआईआर

बेगुसराय। बेगूसराय जिला अन्तर्गत ओ०पी० को थानों के रूप में उत्क्रमित किए जाने संबधित बिहार राज्य सरकार के गृह विभाग द्वारा अधिसूचना जारी पर सभी उत्क्रमित हुए 07 थानें स्वतंत्र रूप से कार्य करते हुए करेगें F.I.R दर्ज एस्पिमनिष कुमार ने बताया कि 1, रिफाइनरी थानां,2,परिहारा थाना 3,छौड़ाही थानां 4,लोहियानगर थाना 5,लाखो थाना 6 सिंघौल थाना 7 रतनपुर थाना को ओपी थानां से स्वतंत्र थानां बनाया गया।

बेगूसराय में प्रधानमंत्री मोदी ने कि जिला महामंत्री अमित देव से बात कर पुछा कि हाल छैय

बखरी(बेगूसराय)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बेगूसराय में कई योजनाएं का रिमोट के जरिए उद्घाटन किया।इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ सदस्य अनिल कुमार देव के पुत्र जिला महामंत्री व जिला परिषद सदस्य आमित कुमार देव से मिल उनका हालचाल जाना। बेगूसराय में शिलान्यास कार्यक्रम शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री विभिन्न नेताओं का अभिवादन स्वीकार कर रहे थें।इसी बीच मंच कि तरफ़ पहुँचकर उन्होंने अमित कुमार देव से बातचीत की और उनका हालचाल पूछा। और कहां कि हाल छैय अमित देव ने भी खड़े होकर प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। दरअसल, कार्यक्रम आरंभ होने से कुछ देर पहले मोदी ने मंच पर सभी नेताओ से मिल रहे थे। जब वह जिला महामंत्री व जिला परिषद सदस्य आमित कुमार देव के पास पहुंचे तो उनकी थोड़ी देर बातचीत हुई। उद्घाटन सत्र के दौरान सभी नेता आम तौर पर प्रधानमंत्री का अभिवादन करते हैं। इस दौरान सूत्रों के मुताबिक मोदी की तरफ से कि हाल छैय (हालचाल) पूछने पर अमित कुमार देव ने बताया कि वो ठीक हैं। मोदी ने इसके अलावा तमाम सांसदों और नेताओं से भी मिलकर उनका हालचाल पूछा। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेगूसराय में 1 लाख 62 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाओं का रिमोट के जरिए उद्घाटन और शिलान्यास किया।

प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख अब अपने पद पर हैं या नहीं हैं, फंसा कानूनी पेच

साहेबपुर कमाल बेगुसराय। विकास योजनाओं में भेदभाव को लेकर पंचायत समिति सदस्यों के बीच गुटबंदी से कानूनी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है । प्रखंड प्रमुख के विरोधी खेमें के पंसस पुष्प कुमार पासवान ने बलिया एसडीओ को आवेदन देकर 4 मार्च 024 को होने वाली पंचायत समिति की बैठक को स्थगित करने की मांग की है । साथ ही अवैध तरीके से पूर्व में हुए सभी बैठकों में लिए गए निर्णयों पर भी रोक लगाने की मांग की है । सदस्यो ने 17 फरवरी 024 को बैठक बुलाने की मांग की थी । जिसे नजर अंदाज कर दिया गया , जो नियम विरुद्ध है । सनहा पश्चिम पंचायत के पंसस श्री पासवान ने बलिया एसडीओ को दिए आवेदन में पटना उच्च न्यायालय के फैसले का हवाला देकर कहा है कि 30 जनवरी 024 को प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवं मतदान होना था । लेकिन प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास लगाने वाले सभी सदष्य सुनियोजित साजिश के तहत निर्धारित तिथि को सदन से अनुपस्थित रहे । साथ ही हार के डर से प्रमुख व उप प्रमुख भी सदन से गायब रहे । जबकि दस पंचायत समिति सदष्य प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा व मतदान के लिए सदन में घंटों बैठे रहे । ऐसी स्थिति में पटना उच्च न्यायालय के c w j c न0 20751 / 2018 के फैसले के आलोक में प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख अब अपने पद पर नहीं रहे । जिस कारण कानूनी तौर पर उन्हें बैठक बुलाने का अधिकार नहीं है । यदि 4 मार्क 24 बैठक होती है तो उच्च न्यायालय के फसले का अवमानना होगा । इस संबंध में पटना उच्च न्यायाल के फैसले का सत्यापित कॉपी बीडीओ सह कार्यपालक अधिकारी को उपलब्ध करा दिया गया है ।

लाभार्थियों से संपर्क कर हर घर दस्तक देकर मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताये- गगन

निज संवाददाता। **रजौली**

प्रखंड अंतर्गत बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन की अध्यक्षता में रजौली भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक समपन्न हुई।मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि बैठक शुरू होने के उपरांत सबसे पहले हम सभी के प्रेरणादायक श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रृद्धांजलि दिया गया।मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि आज की बैठक में केन्द्र से आये लाभार्थी सूची के माध्यम से प्रत्येक बूथ पर लाभार्थियों के नाम, मोबाइल नंबर एवं मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिये लोगों से मिलकर प्रत्येक शक्ति केन्द्र प्रभारी अपने-अपने शक्ति केन्द्रों के प्रत्येक बूथों पर एक टोली बनाकर हर घर-दस्तक देकर पत्रक के माध्यम से लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें अवगत करायेगे कि मोदी सरकार के इन योजनाओं का लाभ आपने लिया है।इसी क्रम में मै आपके बीच आया हूं मोदी जी ने मुझे आपसे समर्थन लेने के लिए भेजा है। आप अपने मोबाईल से इस नंबर पर 9638002024 पर मिस्ड कॉल मारकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्थन दे। आपने ही मोदी जी को शक्ति दिया कि आज नरेन्द्र मोदी आप सभी देशवासियों का सेवा समर्पित भाव से कर रहे है। मोदी सरकार ने आप सबों के विभिन्न गरीब कल्याण योजना जैसे प्रधानमंत्री मुफ्त अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना,प्रधानमंत्री जन-धन योजना ऐसे कई योजनाओं का लाभ आप सबों को शत प्रतिशत अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ये मोदी सरकार का लक्ष्य है।आप सबों के दिये ताकत का ही परिणाम है कि मोदी जी ने समृद्ध भारत,समृद्ध बिहार,हर एक देश वासीं एवं हर एक बिहारवासी को समृद्ध,सशक्त,आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तत्परता के साथ कार्य कर रहे हैं। मोदी जी को फिर से एक बार आप सभी देशवासी अभूतपूर्व जन-समर्थन दे जिससे भविष्य में भी इन सभी एवं और भी कई नई योजना का लाभ आप सभी देशवासियों को मिले। इसलिए फिर से आनेवाले 2024 के लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व जन समर्थन एक-एक वोट देकर नरेन्द्र मोदी को फिर से एक बार प्रधानमंत्री बनाये। जिससे हमारा देश हर क्षेत्र में ऐसे ही एक नया आयाम स्थापित करे।मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी देशवासियों के नाम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र हरेक टोला, कस्बों, बूथों पर वितरण सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने इर्द-गिर्द के बूथों, शक्ति केन्द्रों पर घर-घर जाकर कर रहे हैं।इस मौके पर पार्टी के अभिभावकों, समर्पित संगठन साथियों,रजौली के सभी भाजपा परिवारजनों ने अपना-अपना सुझाव पार्टी को सशक्त, मजबूत बनाने की दिशा में दिया। सबों ने एक स्वर में फिर से एक बार देश का नेतृत्व एवं देश का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाने का संकल्प लिया। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक स्वर के साथ नवादा संसदीय सीट जीताकर मोदी जी को देने का संकल्प लिया। इस मौके पर अतिपिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन कुमार मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, मनोज बरहपूरिया, मनीष कुमार,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार,अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष जावेद अंसारी, मिथिलेश राजवंशी,देवेन्द्र प्रसाद दीवान,प्रोफेसर सुरेंद्र चौधरी,अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुसाफिर चौधरी, ऋषि कपूर, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, ललन कुमार दिनकर,अशोक साव,कारू राम,विनोद आर्या,मनीष सोनी,छोटू कुमार राज,सिमू राय,सुरेश कुमार सिंह भाजपा परिवारजन उपस्थित थे।

वैदिक मंत्रोच्चारण कर भूमि पूजन कर बालू उठाव शरू

निज संवाददाता। **नारदीगंज**

नारदीगंज के ढाढर नदी में प्रतापपुर मनी डाक स्थान से रविवार से बालू का उठाव के लिए भूमि पूजन हुआ।इस दौरान सहजपुरा निवासी आचार्य सुरेश पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधि विधान से विधिवत भूमि पूजन कराये,वही यजमान की भूमिका मणि राणी कन्ट्रेक्शन कम्पनी के ठीकेदार प्रीतम कुमार ने निभाया। तदोपरान्त पूजन के बाद कन्ट्रेक्शन के ठीकेदार व अन्य लोग ने नारियल फोड़कर बालू उठाव का कार्य शुरू कराये। उसके बाद जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर पर बालू लाद कर पहला चालान शिव मंदिर रामे के नाम से काटकर वहां भेजा गया। बीते तीन वर्षों से नदी में बालू का उठाव नहीं हो रहा था।इस कन्ट्रेक्शन के माध्यम से बालू का उठाव शुरू होने से प्रखंड क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। लोगों ने बताया की बालू घाट चालू नहीं रहने के कारण लोगों का मकान दुकान बनना बंद हो गया था।आसपास के लोगों का कहना है की सरकार को इस घाट को और पहले चालू कर देना चाहिए था। क्योंकि कोई भी ट्रैक्टर वाला बालू लाने के लिए नदी में नहीं जा रहा था। वैसे चोरी छिपे बालू उठाने के दौरान खनन विभाग के द्वारा सैकड़ों ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया था,साथ ही सभी ट्रैक्टर मालिकों पर प्राथमिकी भी दर्ज करवा दिया गया था। इस दौरान जितेंद्र कुमार,बबलू सिंह, विजय कुमार सिंह,मुकेश रंजन, धनंजय कुमार,संजय यादव,जीवन कुमार,मनीष कुमार,धन्नू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

जिले में सैकड़ों शिक्षकों का सर्टिफिकेट मिला डुप्लीकेट

एक प्रमाण-पत्र पर 4 जगह नौकरी, शिक्षा विभाग की टेढ़ी नज़र

निज संवाददाता। **नवादा**

जिले में कुल 86 नियोजित शिक्षक चिह्नित किए गए है, जो 15-15 नियोजित शिक्षक के टीईटी प्रमाणपत्र पर दो से तीन जगह काम कर रहे हैं। जी हां, समक्षता परीक्षा का मकसद धीरे-धीरे स्पष्ट होने लगा है। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिए जाने के लिए सक्षमता परीक्षा ली जा रही है, लेकिन सक्षमता परीक्षा में शामिल होने के पहले ही फर्जी तरीके से बहाल गुरु जी बिहार के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के बिछाए जाल में फंसने लगे हैं। केके पाठक के बिछाए जाल में फंसने लगे शिक्षकः- जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थापित 86 ऐसे शिक्षकों का सर्टिफिकेट फर्जी पाया गया है, जिनके नाम पर नवादा के अलावा राज्य के 25 जिलों में 89 गुरु जी बने हैं। हालांकि यह बात जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि नवादा में पदस्थापित गुरु जी बीटेट सार्टिफिकेट के आधार पर गुरु जी बने है लेकिन इतना तय है कि इनमें से एक ही गुरु जी सही है। ताज्जुब है कि फर्जी कागजात पर बहाल जिन नियोजित शिक्षकों को अब तक जिला प्रशासन के अधिकारी और निगरानी नहीं पकड़ पाए। वह बिहार के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के बिछाए जाल में फंस गए हैं। दरअसल, सक्षमता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। पहले और दूसरे चरण में बहाल नियोजित शिक्षकों का दक्षता प्रमाण-पत्र जबकि तीसरे से छठे चरण तक बहाल शिक्षकों का बीटेट और सीटेट सर्टिफिकेट भी अपलोड करवाया गया था। पहले और दूसरे चरण के शिक्षक अभी पकड़ से बाहर हैं , क्योंकि उस दौर में फर्जी तरीके से बहाल हुए गुरु जी का मामला मेघा सूची, ट्रेनिंग सार्टिफिकेट और अमान्य संस्थाओं की डिग्रियां का रहा है, लेकिन बीटेट और सीटेट सार्टिफिकेट पर बहाल हुए शिक्षकों का सीधे तौर पर सॉफ्टवेयर से मिलान हो जा रहा है। इसके चलते बहुत आसानी से डुप्लीकेट पकड़ में आने लगे हैं। बता दें कि जिले में 7200 नियोजित शिक्षक हैं लेकिन प्रथम चरण के सक्षमता परीक्षा के लिए 5926 शिक्षक ही फॉर्म भरे हैं। नवादा में 9, हिसुआ में 12, रजौली में 10, वरिसलीगंज में 9, काशिचक में 3, कौआकोल में 3, अकबरपुर, रोह सिरदला और नरहट में 2, मेसकॉर और गोविंदपुर में एक-एक है। नवादा में पदस्थापित 86 शिक्षकों का सर्टिफिकेट बिहार के 25 जिलों में डुप्लीकेट पाया गया है। इसमें सर्वाधिक पड़ोसी जिला नालंदा में 18, गया में 13, जहानाबाद में 8, शेखपुरा और पटना में 5-5, भोजपुर, रोहतास और मुंगेर में 4-4 बेगूसराय, सारण और मुजफ्फरपुर में 3-3, लखीसराय, मधेपुरा, मोतिहारी, अरवल, समस्तीपुर में 2-2 जबकि अररिया, औरंगाबाद, गोपालगंज, मधुबनी, खगड़िया, वैशाली, सीवान, सीतामढ़ी और कैमूर में पदस्थापित एक-एक गुरु जी का बीटेट, सीटेट सर्टिफिकेट डुप्लीकेट नवादा में पदस्थापित शिक्षकों के बीटेट सर्टिफिकेट से मिल रहा है। एक सार्टिफिकेट पर तीन जगह नौकरीः- प्राप्त लिस्ट के मुताबिक जिले के गोविंदपुर प्रखंड के उत्क्रमित मिडिल स्कूल सोहरा में नवलेश कुमार नवल पदस्थापित हैं लेकिन टीईटी रोल नंबर नहीं भरा गया है जबकि इसी नाम के दस्तावेज पर अररिया और मधेपुरा में एक-एक शिक्षक नौकरी कर रहे हैं। एक सर्टिफिकेट पर चार जगह नौकरीः- जिले के पकरीबरावां प्रखंड के नवसृजित बलियारी बुजुर्ग में प्रीति कुमारी नाम की टीचर है लेकिन प्रीति कुमारी के बीटेट सर्टिफिकेट के बीटेट रोल नंबर के आधार पर तीन जगहों पर पदस्थापित है। नवादा के अलावा रोहतास, लखीसराय और मुजफ्फरपुर में भी इसी सार्टिफिकेट पर नौकरी कर रहे है। इनमें से कोई एक ही सही होगा ,अब जांच में पता चलेगा कि कौन असली है। फिलहाल पूरे मामले पर अब शिक्षा विभाग की नजरें टेढ़ी हो गयी हैं। पूरे मामले पर जिला शिक्षा पदाधिकारी का कहना है कि फर्जी शिक्षकों को बर्खास्त किया जाएगा। जो लोग एक सर्टिफिकेट पर दो जगह नौकरी कर रहे हैं। उनकी सूची विभाग को भेज दी गई है। पटना में जांच की जाएगी फर्जी कागजात पर बहाल शिक्षकों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाएगा और प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

सीएमई सह मेडिकल कैम्प में सैकड़ो लोगो का किया गया ईलाज

खोपड़ी के सबसे नीचले हिस्से से भी ट्यूमर हटाना अब संभवः --डॉ. कमाली

निज संवाददाता। **पकरीबरावां/नवादा**

एक जमाना था जब मस्तिष्क के बेस एरिया में ऑपरेशन असंभव माना जाता था। यहां ट्यूमर हो जाए तो जीवन की क्षति तय मानी जाती थी। लेकिन मेडिकल तकनीक के एडवांसमेंट ने इसे भी अब सहज बना दिया है। अब मस्तिष्क के गहर से गहरे एरिया में स्थित ट्यूमर को भी ऑपरेट किया जा रहा है। मैंने ही कई ऐसे केस किए जिसमें नवादा का भी एक मरीज शामिल है। यह कहना था पटना के जानेमाने न्यूरो और स्पाइन सर्जन डॉ. एनआई कमाली का। वारसलीगंज रोड स्थित क्यूर वेल मेडिकल सेंटर में आयोजित सीएमई(कंट्यून्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के कई डॉक्टर जुटे थे। डॉक्टरों को संबोधित करते हुए डॉ. कमाली ने न्यूरो सर्जरी में हाल में आए प्रगति के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि नवादा के ही एक मरीज का अटलांटो एक्जीयल डिस्लोकेशन की सर्जरी की। इसमें गर्दन की हड्डी डिस्लोकेट होकर नर्व को दबा दी थी जिससे 24 वर्षीय मरीज जन्मजात चलने फिरने में असमर्थ था। ऑपरेशन के 10 दिन बाद ही मरीज उठकर बैठने लगा। इसी तरह का एक और केस नवादा के ही एक पांच वर्षीय बच्चे की थी।

सर्जरी के बाद उसका जीवन भी सुधर गया। डॉ. एनआई कमाली ने बताया अब मेडिकल साइंस इतना तरक्की कर गया है कि बड़े-बड़े और गहराई वाले ब्रेन ट्यूमर को भी निकाला जा रहा है। मस्तिष्क के सबसे संवेदनशील एरिया ब्रेन स्टेम ट्यूमर को सफलतापूर्वक ऑपरेट किया जा रहा है। बच्चों में न्यूरो और स्पाइन की सर्जरी कर जन्मजात समस्या से निजात दिलाई जा रही है। सीएमई में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अबू अकरमा, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अबू अनस, डॉ. प्रिंस राज, मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर यूसुफ मलिक आदि मौजूद थे। 160 मरीजों को देखा गयाः सीएमई के पहले मेडिकल कैंप यहां आयोजित किया गया था, जिसमें 160 मरीजों को देखा और परामर्श दिया। ये मरीज पूरे जिले से आए थे। डॉ. एनआई कमाली पटना में कंकड़बाग के लोहिया पार्क के पीछे मरीजों को अपनी सेवा देते हैं। ये देश के कई बड़े अस्पतालों में सेवा दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि विदेश में भी इन्हें सेवा देने का मौका आया, लेकिन इन्होंने अपनी धरती का चुना और बिहार वापस आ गए। धन्यवाद

होगी सहूलियतः आज रिफाइनरी थाना के रूप में रूपांतरित हो गया रिफाइनरी ओपी

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

रविवार को सहायक थाना रिफाइनरी पूर्ण रूपेण रिफाइनरी थाना के रूप में रूपांतरित हो गया। स्थाई थाने के रूप में अपग्रेडेड थाना का उद्घाटन सदर डीएसपी सुबोध कुमार और तेघड़ा डीएसपी रविंद्र मोहन प्रसादके द्वारा रिबन काटकर किया गया। ध्यातव्य हो कि कुछ दिनों पहले बिहार सरकार के द्वारा 163 थानों को अपग्रेड किया गया था, जिसमें सहायक थाना रिफाइनरी भी शामिल था। आज से रिफाइनरी थाना में संपूर्ण थाना के रूप में विधिवत काम का शुरू हो गया।सदर डीएसपी ने कहा कि पूर्ण थाना का दर्जा मिलने से थाना में सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। कार्यरत पुलिसकर्मियों को पर्याप्त सुविधा मिलने से उनकी कार्य उत्पादकता बढ़ेगी और वे अपने कर्तव्य का पालन गंभीरतापूर्वक कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि थाना में कार्यरत सुरक्षा बलों की संख्या में गुणात्मक इजाफा होगा। थाना कैंपस में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना होगी, जिससे महिलाओं की समस्याओं के निष्पादन में सहूलियत होगी। रिफाइनरी थाना के थानाध्यक्ष ऑफिसर अमरजीत प्रताप सिंह ने कहा कि पूर्ण थाना का दर्जा मिलने से थाना की कार्य क्षमता में बढ़ोतरी होगी। रिफाइनरी थाना में ही अब प्राथमिकी पूर्ण रूपेण दर्ज हो सकेगी। अपराध नियंत्रण में काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य लोगों से विधि व्यवस्था के संधारण में सकारात्मक सहयोग देने की बात कही। मौके पर थाना क्षेत्र के सम्मानित वार्ड पार्षद, समाजसेवी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ का ग्यारहवां वार्षिक अधिवेशन संपन्न

निज संवाददाता। **नवादा**

नवादा शहर के एक निजी होटल के सभागार में राष्ट्रीय डाक कर्मचारी का संघ का ग्यारहवां वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता रजनीकांत कुमार और मंच का संचालन राजेश्वर कुमार ने किया। अधिवेशन में ओल्ड पेंशन की मांग सभी उपस्थित डाककर्मियों ने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किया। डाक संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार निराला ,जबकि सचिव के लिए जितेन्द्र कुमार को सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसके अलावे उप सचिव अजय कुमार, सहायक सचिव सतेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, पूजा कुमारी, उपाध्यक्ष राजेश्वर कुमार, सहायक अध्यक्ष रजनीकांत कुमार ज्योति प्रिया राजेश कुमार, ऑडिटर लक्ष्मीकांत कुमार, कोषाध्यक्ष गौरी शंकर कुमार, सह कोषाध्यक्ष अंकित कुमार संगठन सचिव रवि कुमार, रणधीर कुमार, अनुराग कुमार, ललित मोहन और शंकर कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया। सभी नव चयनित अधिकारीयों को माल्यार्पण किया गया । अपने संबोधन के दौरान जितेन्द्र कुमार ने कहा कि हम सभी डाककर्मी हर प्रकार को टारगेट को पूरा करने में सक्षम है। आदरणीय प्रधानमंत्री के सभी प्रकार के डाक से सम्बंधित योजना को सफल बनाने में हम सभी तत्पर है। पीएम मोदी ने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सूर्योदय योजना की शुरुआत की है। जिसमें हमारे नवादा मंडल के सभी डाककर्मी योजना को सफल बनाने में लगे है।

दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग गम्भीर रूप में घायल,एक रेफर

निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र के हरदिया स्थित पानी टंकी के समीप रविवार की दोपहर को दो बाइकों की आमने-सामने हो गई।जिससे दोनों बाइकों पर सवार कुल तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई।सूचना के आलोक में डायल 112 की टीम ने तीनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया।साथ ही सड़क दुर्घटना की जानकारी घायलों के परिजनों को भी दी।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ शिवपुरारी ने कहा कि घायलों की पहचान गझण्डी गांव निवासी जानकी विहोर के पुत्र गोविंद कुमार,कुंभियातरी गांव निवासी बाले मुंडा के पट मटुन मुंडा एवं बखौरी गांव निवासी बाबूलाल प्रसाद के पुत्र शैलेश कुमार के रूप में हुई है।चिकित्सक ने कहा कि तीनों घायलों का प्राथमिक इलाज किया गया है।वहीं घायल शैलेश कुमार की स्थिति थोड़ी गम्भीर थी।जिसके कारण शैलेश कुमार को बेहतर इलाज हेतु नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया है।घायल के परिजनों ने कहा कि एक बाइक दिबौर से रजौली की ओर जा रही थी एवं एक बाइक रजौली से ट्रैक्टर के कुछ सामान खरीदकर वापस घर आ रहे थे।इसी बीच दोनों बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई।वहीं प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाने में पदस्थापित पीटीसी पवन कुमार को पुलिस बल के साथ भेजा गया है।साथ ही कहा कि पुलिस मामले को लेकर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

संक्षिप्त समाचार

शादी के पूर्व लड़की गायब

भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी। थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी के दस दिन पूर्व लड़की फरार होने का मामला सामने आया है। खोजबीन करने पर जब लड़की का कोई सुराग नहीं मिला तो लड़की के पिता ने थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। दिए गए आवेदन में लड़की के पिता ने बताया है कि लड़की अपने मां और बहन के साथ नंबर लगाने के लिए एक निजी क्लीनिक में गई हुई थी। जहां नंबर लगाने के लिए लड़की की मां और बहन क्लीनिक की अंदर चली गई है और वह बाहर में थी। जब दोनों नंबर लगाकर वापस आया तो देखा की लड़की वहां नहीं थी। काफी खोज भी किया लेकिन कहीं लड़की का पता नहीं चला। लड़की के पिता ने लड़की की सुरक्षित बारामदी को लेकर थानाध्यक्ष से गुहार लगाया है।मामले को लेकर थानाध्यक्ष प्रियरंजन ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे कि कार्रवाई की जा रही है।

नशे में हंगामा कर रहे चार शराबी गिरफ्तार

भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी। बाथ थाना अंतर्गत ऊंचागांव में आपके नशे में ड्यूटी कर शराबी को हंगामा करते देख बाथ थाना उठाकर थाना लाया। जहां चारो का मेडिकल कराए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार शराबी सन्नी,सुधीर, चिंटू, विकास को न्यायालय भेजा गया है। रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ ने विभिन्न आरोपों में 9 यात्री को गिरफ्तार किया। आरपीएफ ने बताया कि चार यात्री ट्रेन के लगेज बोगी में बैठकर अनाधिकृत सफर कर रहा था। जिसे गिरफ्तार कर पीआर मुक्त करते हुए रेलवे न्यायालय में उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं गंदगी फैलाने के आरोप में पकड़े गए चार यात्री को कॉमर्शियल से फाइन करा कर पोस्ट पर से मुक्त किया गया।

फतुहा में अपराधियों ने युवक को मारी गोली, मौत

पटना, एजेंसी। पटना के फतुहा में फोरलेन आरओबी से पहले सड़क किनारे एक 25 वर्षीय युवक को गोली मार दी गई। इससे उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। खून से लथपथ हालत में युवक की लाश मिली है। इसे पुलिस ने एनएमसीएच भेजवा दिया है, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।शनिवार की देर रात गोली मारी गई है। सभी अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। यह घटना फतुहा दनियावां स्टेट हाइवे फोर लेन आरओबी के ठीक पहले की है। घटना की सूचना फतुहा थाने को स्थानीय लोगों ने दिया। सूचना मिलते ही पहले तो 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद फतुहा थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज भी मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच भेज दिया है। पुलिस छानबीन में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी को भी खंगाला जा रहा है, ताकि अपराधियों का पता लगाया जा सके।

चाचा ने भतीजे को मारी गोली, हालत गंभीर, जमीन विवाद को लेकर हुई फायरिंग

जहानाबाद, एजेंसी। जहानाबाद जमीनी विवाद में चाचा ने भतीजे को गोली मार कर दिया। घटना शनिवार की देर रात्रि मखदुमपुर थाना क्षेत्र के तरहुआ वाला विगहा गांव की है। घायल युवक तरहुआ विगहा निवासी गणेश महतो का पुत्र धर्मराज कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार गणेश महतो का अपने भाइयों से जमीनी विवाद चल रहा है। एक भाई मकान बना रहा था, दीवार बनता देख भतीजा धर्मराज अपने चाचा को रोकने गया। पहले तो दोनों में कहासुनी हुई। फिर फायरिंग होने लगी। गोलबारी में भतीजे के पेट में गोली लग गई। घायल युवक को रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गोलीबारी की घटना जमीनी विवाद के कारण हुई है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति घर छोड़कर फरार हो गया है।

महाशिवरात्रि पर 300 साल बाद बन रहा दुर्लभ योग

शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि और चर्तुग्रही योग में होगी पूजा; जानें शुभ मुहूर्त

पटना, एजेंसी। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस साल शिवरात्रि 8 मार्च को मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर इस बार 300 साल बाद खास त्रिकोण योग बन रहा है।

यह शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और चर्तुग्रही योग का दुर्लभ संयोग है। इसके साथ ही शुक्रवार दिन होने के कारण शुक्र प्रदोष व्रत का संयोग बन रहा है। इस दुर्लभ योग और शुभ अवसर पर भगवान शंकर की पूजा करने से भक्तों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

निशिता काल महाशिवरात्रि का आठवां काल है

ज्योतिषाचार्य मोहन ने बताया कि इस दिन कुंभ राशि पर शनि मूल त्रिकोण में बैठे हैं। इसके साथ सूर्य, चंद्रमा और शुक्र भी विराजमान है। इसके चलते चतुग्रही योग बन रहा है। महाशिवरात्रि के लिए निशिता काल पूजा का मुहूर्त चतुर्दशी तिथि में होना आवश्यक है। रात्रि का आठवां काल निशिता काल कहलाता है। रात्रि 9:58 बजे से 12:31 मिनट तक निशिता काल रहेगा। महाशिवरात्रि के दिन शहद से शिवलिंग का अभिषेक करना शुभ होता है। गन्ने के रस से शिव का अभिषेक करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

शिवरात्रि पूजा का शुभ मुहूर्त

पहला प्रहर- 8 मार्च को शाम 6:25 बजे से रात 9:28 बजे तक

दूसरा प्रहर- रात 9:28 से 12:31 बजे तक

तीसरा प्रहर- रात 12:31 बजे से 3:34 बजे तक

अंतिम प्रहर- सुबह 3:34 बजे से सुबह 6:37 बजे तक

मुजफ्फरपुर में चलती बस में आग, 54 लोग बाल-बाल बचे

महागठबंधन की रैली में शामिल होने पटना आ रहे थे समर्थक, शॉर्ट सर्किट से हादसा

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। मुजफ्फरपुर में चलती बस आग लग गई थी। इस बस में 54 लोग सवार थे। जो महागठबंधन की रैली में शामिल होने के लिए बस से पटना आ रहे थे। रात करीब 9 बजे बस पश्चिम चंपारण से खुली थी। रात 11 बजे मुजफ्फरपुर के मोतीपुर थाना क्षेत्र के नारियार पहुंची। तभी बस में शॉर्ट-सर्किट के कारण चिंगारी निकलने लगी, लेकिन इसकी भनक चालक को नहीं लगी। वो वाहन चलाता रहा। कुछ देर बाद चिंगारी आग की लपटों में बदल गई। घुआं निकलने लगा। धुआं देख सभी डर गए। आनन-फानन में बस पर सवार सभी समर्थक नीचे उतरे। जिसके बाद चालक ने बस को सड़क किनारे लगा दिया।

दमकल की गाड़ी आने से पहले बस पूरी तरह जली : समर्थकों और स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की, पर कोई फायदा नहीं हुआ। आग की लपटें और तेज होती गई। स्थानीय लोगों ने मोतीपुर थाना की पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। जब दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक बस पूरी तरह से जल गई। घटना में किसी को नुकसान नहीं हुआ। सभी समर्थक सुरक्षित हैं।

किसी को नुकसान नहीं हुआ

मोतीपुर थाना अध्यक्ष राजन कुमार पांडेय ने बताया कि पटना में रैली में शामिल होने के लिए एक बस जा रही थी। जिसमें 54 समर्थक बैठे हुए थे। अचानक बस में आग लग गई। जिस कारण बस पूरी तरह जल कर राख हो गई। किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हादसे के बाद राजद समर्थकों को दूसरी बस से पटना के लिए रवाना किया गया।

किशनगंज में शौचालय की टंकी में डूबने से 3 बच्चियों की मौत

अचानक टूटा टंकी का ढक्कन, तीनों गिरे

किशनगंज, एजेंसी। बिहार के किशनगंज में शनिवार रात शौचालय की टंकी में डूबने से तीन मासूम बच्चियों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि तीनों खेल रही थी। इस दौरान टंकी का ढक्कन टूट गया। इस वजह से तीनों बच्चियां टंकी में गिर गईं। मरने वाले में दो सगी बहनें और एक पड़ोसी की बच्ची शामिल हैं। घटना जिले के बहादुरगंज नगर के बाराडांगा गांव की है। दरअसल तीनों बच्चियां शनिवार देर शाम घर के बाहर ही खेल रही थीं। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी वे घर नहीं आई तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान बच्चियों की शव टंकी में मिलने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में तीनों के शव निकाले। वहीं, किशनगंज एसडीपीओ गौतम कुमार, बहादुरगंज थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन, नव कार्यपालक पदाधिकारी मो.रहमान, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि वसीकुर रहमान अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रशासन मामले की जांच में जुट गए है।

मृतक बच्चों की पहचान : मृतक बच्चों की पहचान बाराडंगा के ही रहनेवाले अजमल आलम के बेटी छोटी प्रवीण (10) और अकबर आलम के दो बेटियां आयात परवीन(7) और सीमा प्रवीण(4) के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों बच्चियों के शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, बच्चों के शव मिलने के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चों की मौत की खबर सुन पूरे गांव में मातम का माहौल है।

क्या कहती पुलिस : बहादुरगंज थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बहादुरगंज थाना की पुलिस और एसडीपीओ भी पहुंचे शौचालय का ढक्कन टूटकर गिरने से बच्चों की मौत होने का मामला सामने आया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

शिव की आराधना में उमड़े लोग

भागलपुर, एजेंसी। भगवान शिव की आराधना के लिए रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शिवरात्रि के पूर्व बाबा बूढ़ानाथ भक्त मंडल की ओर से गोशला से निशान शोभायात्रा निकाली गयी है। शोभायात्रा अभी कोतवाली चौक के पास पहुंची है। जो स्टेशन चौक, वेरायटी चौक, खलीफाबाग चौक होते हुए बूढ़ानाथ मंदिर पहुंचेगी।

दूल्हे की गाड़ी नहर में गिरी, शीशा तोड़कर निकाला गया

मोतिहारी, एजेंसी। मोतिहारी में बारात जा रही दूल्हे की गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गई। गाड़ी में सवार दूल्हे सहित पांच लोग को शीशा तोड़ कर बाहर निकाला गया। दूल्हे की गाड़ी अनियंत्रित हो कर नहर में जा गिरी। ग्रामीणों के सहयोग से सभी को बाहर निकाला गया। सभी को हल्की छोटे आई हैं। घटना केसरिया थाना क्षेत्र के राजपुर-कोटवा रोड की है। घटना के संबंध ने गाड़ी चला रहे ड्राइवर अनमोल कुमार ने बताया कि मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज स्थित बालथी गांव से बारात लेकर कोटवा थाना क्षेत्र के चितरीया जा रहा थे। गाड़ी में दूल्हा समेत पांच लोग सवार थे। इसी दौरान केसरिया थाना क्षेत्र के राजपुर कोटवा रोड में हाजीपुर टर्निंग के समीप मोटरसाइकिल सवार को बचाने के दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई।

दूसरी गाड़ी से शादी करने गया दूल्हा : नहर में गाड़ी पलटने के बाद पानी के तेज बहाव में कार बहने लगी और कार में सवार लोग शोर मचाने लगे। तब तक पीछे से आ रही बारात की अन्य गाड़ियां भी पहुंची। सभी ने शोर मचा कर स्थानीय ग्रामीण से मदद मांगी, फिर सभी ने मिल कर पानी में बह रहे कार को काफी मशक्कत के बाद रोका। फिर शीशा तोड़कर दूल्हा समेत गाड़ी में सवार पांचों लोगों को बाहर निकाला। फिर दूल्हा को दूसरी गाड़ी से लड़की वालों के यहां भेजा गया।

स्कॉर्पियो की टक्कर से बहन की मौत, भाई जख्मी

स्टेट हाईवे से होते दोनों पैदल लौट रहे थे घर, आक्रोशितों ने की मुआवजे की मांग

पूर्णिया, एजेंसी। पूर्णिया में भीषण सड़क हादसा हुआ है। स्कॉर्पियो ने सड़क पर पैदल चल रहे भाई-बहन को कुचल दिया। दोनों अपने घर लौट रहे थे। हादसा में मौके पर ही 18 वर्षीय बहन की मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय भाई की हालत काफी नाजुक है। बच्चे को स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों ने त्रस्ष्ट॥ पूर्णिया में एडमिट कराया है। घटना के नगर थाना क्षेत्र के पूर्णिया-धमदाहा स्टेट हाईवे की है।

पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ

भाई-बहन की पहचान के नगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत वार्ड-13 निवासी सदरे आलम की बेटी मुन्नी खातून (18) और मो. एतवारी (12) के रूप में हुई है। हादसे के बाद से घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची के नगर थाने की पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया। आक्रोशित परिजन मुआवजे की मांग पर अड़े थे।

रात 10 बजे निकले थे दोनों

परिजनों ने बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे दोनों भाई-बहन के नगर के काझा बड़ी नहर पुल से होते हुए घर लौट रहे थे। 100 मीटर दूर पूर्णिया-धमदाहा स्टेट हाइवे पर एक कार रौंदती हुई निकल गई। घटना में 18 वर्षीय बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय भाई की हालत काफी गंभीर बनी हुई है।

हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। आक्रोशित परिजन शव के साथ एसएच पर बैठ गए। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही के नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद किसी तरह परिजनों का गुस्सा शांत कराया। आक्रोशित परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है।

पटना, बेगूसराय समेत कई जगह बारिश, 26 जिलों में यलो अलर्ट

पटना, एजेंसी। बिहार में पिछले एक हफ्ते से मौसम लगातार सामान्य बना हुआ था। आज इसमें बदलाव देखने को मिलेगा। पटना, लखीसराय, बेगूसराय, सासाराम, भोजपुर में अहले सुबह से बारिश हो रही है। राजधानी के बोरिंग रोड, कंकड़बाग, पाटलिपुत्रा इलाके में अभी बूंदाबांदी हो रही है। बेतिया और भागलपुर में हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 26 जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। कुछ जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवा को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार आज पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, नवादा, शेखपुरा, नालंदा, गया, जहानाबाद, पटना, अरवल, औरंगाबाद, भोजपुरी, रोहतास, बक्सर और कैमूर में बारिश, मेघगर्जन के साथ वज्रपात का भी पूर्वानुमान है। वहीं, इसके साथ ही भभुआ, रोहतास, औरंगाबाद और गया में ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। इस दौरान राज्य के दक्षिण-पश्चिम एवं दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेगी।

क्यों हो रहा मौसम में बदलाव : विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ अब चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य अफगानिस्तान और निकटवर्ती क्षेत्रों में समुद्र तल से औसत 3.1 किमी से 12.6 किमी के बीच

स्थित है। साथ ही एक ट्रफ रेखा इस चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर अरब सागर की तरफ गुजर रही है। इसके साथ ही एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से औसत 1.5 किमी ऊपर उत्तर पाकिस्तान और उससे सटे पंजाब पर स्थित है। एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण मेघालय और उसके आसपास समुद्र तल से औसत 3.1 किमी पर स्थित है। जिसके कारण से बारिश, मेघगर्जन, ओलावृष्टि, वज्रपात के लिए चेतावनी जारी कर दी गई है।

मौसम विभाग की ओर से किसानों को सलाह : विभाग ने किसानों के लिए को सलाह दी है कि अपने कटे और खुले स्थान में रखे हुए खरीफ एवं रबी फसल को सुरक्षित स्थान पर भण्डारण करने की व्यवस्था कर ले, ताकि पानी/नमी से फसल का बचाव हो सके। साथ ही रबी फसल के लिए ओलावृष्टि से बचाव के लिए उपरोक्त जिलों के लिए उपाय कर ले।

कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमान : पिछले 24 घंटे के दौरान मधुबनी जिला सबसे गरम रहा। जहां का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस किया गया है। इसके अलावा गया का 29 डिग्री, नवादा 30 डिग्री, पटना 28.4 डिग्री, औरंगाबाद 28 दिसंबर 9 डिग्री शेखपुरा 31.5 डिग्री, खगड़िया 31.4 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान भी 26 डिग्री से लेकर 32 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा है।

कहां कितना दर्ज किया गया न्यूनतम तापमान : पिछले 24 घंटे के दौरान बांका सबसे ठंडा रहा, यहां का न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा गया का 11.2 डिग्री, नवादा 12 डिग्री, शेखपुरा 12.6 डिग्री, पटना 16.9 डिग्री, वैशाली 14.6 डिग्री मुजफ्फरपुर 16.7 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से लेकर 18 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

ब्रजेश मेहरोत्रा बने बिहार के नये मुख्य सचिव, चैतन्य प्रसाद को विकास आयुक्त का जिम्मा

पटना, एजेंसी। नीतीश सरकार ने ब्रजेश मेहरोत्रा को बिहार का नया मुख्य सचिव बनाया है. शनिवार की शाम इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी. इससे पहले मुख्य सचिव के पद पर तैनात आमिर सुबहानी ने वीआरएस ले लिया था. उसके बाद ब्रजेश मेहरोत्रा को ये जिम्मेवारी सौंपी गयी है. ब्रजेश मेहरोत्रा 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. वे फिलहाल राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के साथ साथ संसदीय कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद पर तैनात थे. राज्य सरकार ने उन्हें 4 मार्च 2024 से बिहार का मुख्य सचिव बनाया है. इसके अलावा विकास आयुक्त के पद पर चैतन्य प्रसाद की तैनाती की गयी है. चैतन्य प्रसाद फिलहाल जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं. राज्य सरकार ने उन्हें विकास आयुक्त बनाने के साथ साथ जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया है. बता दें कि बिहार सरकार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने वीआरएस ले लिया हैं. 30 अप्रैल को वे रिटायर्ड होने वाले थे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके वीआरएस के आवेदन पर अपनी मंजूरी दे दी है. सरकारी सूत्रों के मुताबिक आमिर सुबहानी को बिहार विद्युत नियामक आयोग का अध्यक्ष बनाया जा सकता है. हालांकि उनके बीपीएससी अध्यक्ष बनने की भी चर्चा हो रही है. अतुल प्रसाद के सेवानिवृत होने के बाद बीपीएससी के अध्यक्ष का पद खाली है और उसे अतिरिक्त प्रभार के सहारे चलाया जा रहा है. वहीं विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह ने भी वीआरएस ले लिया था.

संक्षिप्त समाचार

शादी समारोह से लापता बच्चे अब तक सुराग नहीं, 1 मार्च की सुबह से है गया, मानसिक रूप से भी है कमजोर

गया। गया में रामपुर थाना क्षेत्र में चल रहे शादी समारोह से 1 मार्च की सुबह से लापता 10 वर्षीय लड़के का सुराग नहीं मिला है। रामपुर थाने की पुलिस लड़के की सकुशल बरामदगी में जुटी है। लड़के की मां प्रीति कुमारी ने बताया कि उनका लड़का थोड़ी मन्द बुद्धि का है। इस वजह से वह कुछ भी स्पष्ट बताने में सक्षम नही है। वहीं रामपुर थाना के इंस्पेक्टर रवि कुमार का कहना है कि पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। पूरे जिले के थानों को सूचित कर दिया गया है। सभी अलर्ट हैं। प्रीति कुमारी का कहना है कि वह अलीपुर थाना क्षेत्र के मखदुमपुर की रहने वाली है। वह बीते गुरुवार को रामपुर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में आई थी। शादी के दौरान रात भर आयुष साथ मे रहा। उसकी देखभाल भी लगातार की जा रही थी। लेकिन सुबह के समय वह घर जाने की जिद्द करने लगा। इस बीच उसे समझाया गया। वह शांत भी हो गया लेकिन कुछ देर बाद ही वह लापता हो गया। घर के सभी सदस्यों ने सम्बन्धित मुहल्ले और इलाके में छानबीन की पर कहीं कुछ पता नहीं चल सका। इस घटना से शादी समारोह वाले घर के लोग भयभीत हैं। मेरा पूरा परिवार किसी अनहोनी की आशंका से डरा हुआ है। इधर रामपुर थाने के इंस्पेक्टर ने बताया कि लापता बच्चे की फोटो सभी थाने और ओपी को मुहैया करा दिया गया।

झारखंड-बिहार के 27 पंचायतों से गुजरी जल चेतना यात्रा, नदीयों को बचाने की है मुहिम

गया। गया निरंजना (फल्गु) नदी को सालोभर बहने वाली नदी बनाने का अभियान जोरशोर से ल जारी है। भारत सरकार ने भी निरंजना रिवर रिचार्ज मिशन के साथ मिलकर नमामि निरंजना कार्यक्रम प्रारंभ किया है। इसी के तहत जल चेतना यात्रा निकाली गई थी। निरंजना रिवर रिचार्ज मिशन के संयोजक संजय सज्जन सिंह ने बताया कि निरंजना नदी का सवाल आम जनमानस के बीच पहुंचे। इसके लिए बीती 20 फरवरी को बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने निरंजना मिशन में लगे साथियों की एक्र "जल चेतना यात्रा" को बोधगया से रवाना किया था। यह यात्रा झारखंड के चतरा जिले के उदगम स्थल से शुरू होकर सिमरिया, लावालॉन्ग, हंटरगंज ब्लॉक होते हुए बिहार के गया जिले में डोभी, बाराचट्टी, मोहनपुर, बोधगया, मानपुर प्रखंड होते हुए जहानाबाद जिले के हुलासगंज, उदेरा स्थान के बाद नालंदा जिले में यात्रा करते हुए 1 मार्च को मोकामा के टाल तक पहुंची, जहां निरंजना (फल्गु) नदी समाप्त होती है। इस दौरान 27 पंचायतों में यह यात्रा पहुंची जहां नदी चौपाल, नुक्कड़ सभा, लोककला प्रस्तुति, वाल पेंटिंग, नदी के घाटों पर योगा, शपथ कार्यक्रम, हस्ताक्षर कैंपेन, वृक्षारोपण, विद्यालयों में बच्चों के बीच गतिविधियाँ, नुक्कड़ नाटक व निरंजना आरती द्वारा निरंजना (फल्गु) नदी के सवाल क्रो विमर्श में लाया गया। पिछले 12 दिनों में यह यात्रा हजारों लोगों तक पहुंची और लोग इस नदी क्रो बचाने के अभियान से जुड़ सके। 12 दिनों की यात्रा पूरी करने के बाद 2 मार्च को इस यात्रा का समापन किया गया जिसमे रिवर के बेसिन एरिया से निरंजना मिशन के साथी तथा दर्जनों पंचायत के प्रतिनिधि पहुंचे। यह निरंजना संवाद समारोह टेकुना फ़ार्म बुद्धा रिसोर्ट परिसर के चाणक्या सभागार में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में आगे की रणनीति क्रो लेकर परिचर्चा का आयोजन भी संपन्न हुआ।इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता विनय सेंगर, विनोद मांझी, इरफ़ान अहमद, गौरी कुमारी, भूयीं लाल यादव व इंजीनियर अवधेश कुमार के अलावा कई प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

युवक का प्राइवेट पार्ट काटा, बेरहमी से की हत्या, सुबह खेत की ओर गए लोगों की लाश पर पड़ी नजर, लापता था युवक

नालंदा। नालंदा में रविवार की सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव मिला। हत्यारों ने युवक का प्राइवेट पार्ट काट दिया। उसके शरीब पर कई जगहों पर कई जख्म के निशान मिले हैं। रविवार को जब लोग काम के लिए अपने खेत की ओर और बाजार निकले तो सभी की नजर लाश पर पड़ी। मृतक की पहचान हरनौत थाना क्षेत्र के डाकबंगला गांव निवासी स्व.दिनेश सिन्हा का 35 वर्षीय पुत्र अभिनव कुमार के रूप में की गई है। जो बीती शाम से लापता था। काफी बर्बरता से उसकी हत्या की गई है। युवक ड्राइवरी का काम किया करता था। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों में फैली, मौके पर भारी संख्या में लोग जुट गए। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि सुबह में पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव हिराजित तिमोहनी के पास पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, इसके बाद शव की पहचान कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। एफएसएल और डॉग स्कॉड की टीम घटनास्थल पर बुलाई जा रही।

क्रिकेट के लिए 2 भाइयों को पीटा, 1 की मौत, मैदान में खेल को लेकर हुआ था विवाद, दूसरे भाई का तोड़ा पैर

नालंदा। नालन्दा में क्रिकेट खेलने के विवाद को लेकर मारपीट हुई। जिसमें एक किशोर की शनिवार को मौत हो गई। मामला खुदागंज थाना क्षेत्र के बैरा गांव का है। मृतक की पहचान खुदागंज थाना क्षेत्र के बैरा गांव निवासी राजू साव का 12 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार है। शनिवार की देर शाम परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के भाई सुजीत कुमार ने बताया कि उसके दो सहोदर भाई गुड्डू और मंटू गांव के ही खेल के मैदान के पास थे। गांव के लड़के खेलने के लिए दबाव बनाने लगे। जब उसने खेलने से मना किया तो एक लड़के ने गुड्डू को बल्ले पीट दिया, बीच-बचावे करने गए भाई मंटू को भी बल्ले से मार कर पैर तोड़ दिया। आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए इस्लामपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां गुड्डू को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि मंटू इलाजरत है। घटना के बाद आरोपी गांव छोड़ फरार हो गया है। गुड्डू 6 भाइयों में सबसे छोटा था। मंटू गुड्डू का जुड़वा भाई जो इलाजरत है। खुदागंज थानाध्यक्ष जयप्रकाश नारायण ने बताया कि बच्चों के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर विवाद हुआ था। इसी बीच गांव के ही एक किशोर ने गुड्डू को पंजड़े के पास बैट से मार दिया। इस घटना में गुड्डू की मौत हो गई। जबकि उसका भाई इलाजरत है। परिजन शव को लेकर थाना पहुंचे, इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमॉर्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई होगी। आरोपी फरार है।

पुलिस के हत्थे चढ़े पांच साइबर अपराधी

फर्जी अकाउंट में मंगवाते थे पैसे, उत्तर प्रदेश के मुख्य सरगना की तलाश जारी

निज संवाददाता। गया

गया जिले के साइबर थाना की पुलिस टीम ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इनमें दो गया जिले के तो तीन बिहार के अलग-अलग जिले के रहने वाले हैं। इनके पास से साइबर ठगी में उपयोग किए जाने वाले फर्जी आधार कार्ड, मोबाइल फोन, लैपटॉप समेत पासबुक बरामद किया गया है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया पिछले वर्ष साइबर थाने में 48/23 केस दर्ज किया गया था। पीड़ित के खाते से साइबर अपराधियों ने 2 लाख 45 हजार रुपए की निकासी अवैध रूप से कर ली थी। अनुसंधान के क्रम में जानकारी मिली कि जिस अकाउंट में पीड़ित के रुपए ट्रांसफर हुए थे उस अकाउंट का धारक गुरारु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहवलपुर का रहने वाला है। बताया कि उक्त सूचना के आधार पर साइबर और गुरारु समेत टिकारी थाने पुलिस टीम बहावलपुर गांव में छापेमारी की तो छापेमारी के क्रम में दो साइबर अपराधियों की गिरफ्तार मौके से की गई। इनमें सिद्धार्थ कुमार और संदीप कुमार दोनों बहवलपुर के रहने वाले हैं। इन दोनों की निशानदेही पर तीन अन्य अपराधियों को पकड़ा गया है। इनमें पटना जिले के खाजी कला का रहने वाला अमन कुमार, नालंदा जिले का रहने वाला मोहम्मद मेहताब अख्तर की गिरफ्तारी गया के मुफस्सिल स्थित इसके साइबर कैफे से की गई है।

फर्जी आधार कार्ड, 11 मोबाइल फोन,1 लैपटॉप सहित अन्य चीजें बरामद: इसके अलावा जहानाबाद जिले के कुड़ौना थाना क्षेत्र से राहुल कुमार नामक साइबर अपराधी की गिरफ्तारी भी की गई है। एसएसपी ने बताया इन सभी को साइबर अपराध में शामिल होने और उनके पास से फर्जी आधार कार्ड, 11 मोबाइल फोन,1 लैपटॉप, 2 एटीएम कार्ड,3 पासबुक, नगद राशि 910 रुपए बरामद किए गए हैं। इसमें शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी की जा रही है। उनसे पूछताछ की गई तो पता चला यह अंतरराज्यीय साइबर गिरोह है। इन लोगों के द्वारा देश के कई राज्यों में साइबर ठगी की गई है। खास करके बिहार के गया समेत हिमाचल प्रदेश के काजा थाना में कांड संख्या 33/23 दर्ज है।

अकाउंट में पैसे आने के बाद निकाल कर आपस में बांट लेते थे: एसएसपी ने बताया इनसे पूछताछ में खुलासा हुआ है कि पूरे साइबर गिरोह का मुख्य सरगना जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। उनके द्वारा आधार कार्ड में नाम और एड्रेस चेंज कर दिया जाता था। आधार कार्ड के माध्यम से फर्जी अकाउंट खुलवाए जाते थे और जो साइबर क्राइम के द्वारा पैसे आते थे तो उस अकाउंट में डाले जाते थे। फिर इन लोगों के द्वारा अकाउंट में पैसे आने के बाद निकासी कर आपस में बांट लिए जाते थे। यह बहुत बड़ा गिरोह संचालित था और आगे भी कार्रवाई जारी है। विभिन्न अकाउंटों को खंगाला जा रहा है और भी आधार कार्ड है। उनके माध्यम से अकाउंट का पता लगाया जा रहा है। उन में जो राशि है उसकी जानकारी ली जा रही है। उन पैसों को फ्रिज करके उस पैसे को सीज किया जाएगा।

ब्रह्मयोनि-ढुंगेश्वरी और प्रेतशिला पर्वत पर रोपवे का होगा निर्माण, पर्यटन मंत्री ने किया शुभारंभ

15 महीने का लगेगा समय, 04 यात्रियों के बैठने की होगी व्यवस्था

निज संवाददाता। गया

गया में पर्यटन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार के द्वारा आज ब्रह्मयोनि ढुंगेश्वरी समेत प्रेतशिला पर्वत पर रोपवे के निर्माण का शुभारंभ किया। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना द्वारा ब्रह्मयोनी- ढूंगेश्वरी पर्वत पर रोपवे का काम किया जा रहा है। साथ ही बिहार राज्य पूल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा प्रेतशिला पर्वत पर रोपवे का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

निर्माण में 15 महीने का लगेगा समय: बता दें कि ब्रह्मयोनी पर्वत पर रोपवे का कार्य कराया जा रहा है, जो 8 करोड़ 67 लाख लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इसे बनाने में 15 माह का समय लगेगा। इसकी तकनीकी जानकारी के बारे में बताए तो इसमे 4 केबिन, प्रति केबिन 4 पर्यटक की क्षमता तथा दयाप्रकाश सरस्वती स्कूल से नजदीक से पर्वत चोटी तक 1160 फीट की लंबाई है। इसी प्रकार ढुंगेश्वरी पर्वत पर रोपवे परियोजना में 16 करोड़ 76 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है, जिसे पूरा होने में 18 महीने का समय लगेगा। इसमें दो सेक्शन है, सेक्शन 1 में 6 केबिन, प्रति केबिन 6 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी। जिसकी कुल लंबाई 1050 फिट है। तथा सेक्शन 2 में 2 केबिन, प्रति केबिन 6 यात्रियों की बैठने की व्यवस्था तथा रोपवे की लंबाई 700 फिट है। सेक्शन 1 सुजाता अकादमी के नजदीक से प्रागबोधी गुफा तक तथा सेक्शन 2 प्रागबोधी गुफा के नजदीक से पर्वत की चोटी तक है।

04 यात्रियों के बैठने की होगी व्यवस्था: बिहार राज्य पूल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा प्रेतशिला पर्वत पर रोपवे परियोजना का कार्य किया जा रहा है। जिसमें 10 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से 15 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसकी तकनीकी विशिष्टता में 6 केबिन, प्रति केबिन 04 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी तथा रोपवे की कुल लंबाई 312.38 मीटर है। यह रोपवे ब्रह्मकुंड स्थान से प्रेतशिला पर्वत पर स्थित प्रेतशिला मंदिर तक जाएगी। रोपवे के शुभारंभ के दौरान जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, एसडीओ सदर कऋष्लय श्रीवास्तव, एएसपी टाउन पारसनाथ साहू समेत जिला जन संपर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

नदी में डूबने से किसान की मौत, खेत जा रही महिला की पड़ी नजर

निज संवाददाता। गया

गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र के वारी गांव से होकर गुजरने वाली नीलांजना नदी में डूबने से एक मजदूर किसान की मौत हो गई। वह नदी में शौच करने की बात कह कर घर से निकला था। घटना की जानकारी गांव व घर वालों को काफी देर बाद मिली। बाराचट्टी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेज दिया है। वहीं मृतक के बच्चों का हाल बेहाल है। गांव वालों का कहना है कि मृतक की पत्नी की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। वह किसी तरह से अपने बच्चे का लालन पालन कर रहा था। डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि दोपहर सूचना मिली कि नीलांजना नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लिया लेकिन जिस स्थान पर यह घटना हुई थी। वह स्थान बाराचट्टी थाना क्षेत्र के अधीन है। इस वजह से बाराचट्टी पुलिस को मौके पर बुला कर डेड बॉडी उसे सुपुर्द कर दिया गया। गांव वालों ने बताया कि दोपहर को एक महिला नदी के किनारे के रास्ते से खेत पर जा रही थी। इस बीच नदी में उसे केवल किसी व्यक्ति के दोनों टांग नजर आई। लेकिन शेष हिस्सा नही दिख रहा था। यह देख वह डर गई। उसने इस बात की सूचना गांव वालों को दी।

मौके पर गांव वाले पहुंचे। उन्होंने पानी में दिख रहे टांगों को पकड़ कर बाहर निकाला तो देखा कि वह तो रमेश चौधरी है जिसकी मोत हो चुकी है। गांव वालों का कहना है कि पानी लेने के दरमियान रमेश का पैर फिसल गया होगा या फिर बालू अचानक धंस गया होगा। इस वजह से वह औंधे मुंह गहरे पानी गिर गया और उसकी मौत हो गई।

प्रेमी संग कमरे में पकड़ी गई दो बच्चों की मां, ग्रामीणों ने मंदिर में कराई शादी

निज संवाददाता। गया

गया में दो बच्चों की मां कमरे में अपने प्रेमी के साथ पकड़ी गई। इसके बाद ससुराल वालों ने ग्रामीणों के सामने मंदिर में प्रेमी के साथ महिला की शादी करा दी। हालांकि, महिला अपने प्रेमी से शादी नहीं करना चाहती थी। इसी कारण वह सिंदूर लगवाने के समय बार-बार प्रेमी को रोक रही थी। लेकिन, समाज के दबाव के आगे महिला की एक न चली। फिर प्रेमी महिला की मांग में सिंदूर डाल देता है। महिला का प्रेमी पास के गांव का रहने वाला है। इस मामले का एक वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि अस्थावां गांव के रहने वाले साजन कुमार का प्रेम प्रसंग कई सालों से सेवतर गांव की रहने वाली रूबी देवी के चल रहा था। साजन अमूमन रात में प्रेमिका से मिलने आता था और रात में ही चला जाता था। लेकिन शुक्रवार की रात आया तो उसकी नींद नहीं खुली और शनिवार की सुबह पकड़ा गया। मामला शनिवार सुबह मोहड़ा प्रखंड के सेवतर गांव का है। महिला की सास कमरे में झाड़ू लगाने पहुंची तो बिस्तर पर बहू को गैर मर्द के साथ देखकर चौक गई। फिर ग्रामीणों को बुलाया गया। महिला और उसके प्रेमी साजन कुमार को पकड़ कर गांव के एक मंदिर में लाया गया। ग्रामीणों ने फैसला किया कि रूबी की शादी साजन से करा दी जाए। इस दौरान महिला फूट-फूट कर रोने लगी। इसके बावजूद दोनों की शादी करा दी गई। बता दें कि सेवतर गांव के रहने वाले सनुज यादव की शादी 7 साल पहले मंगर बिगहा की रूबी देवी से हुई थी। महिला की दो बेटी है। एक 4 साल और दूसरी 2 साल की है। महिला का पति सनुज यादव गुजरात के सूरत में काम करता है। रूबी सास-ससुर के साथ गांव में रहती है।

बीजेपी के विधायक समेत चार नेता कोरोना संक्रमित, पीएम से मिलने की नहीं मिली इजाजत

निज संवाददाता। गया

गया में बीजेपी के विधायक समेत 4 नेता कोरोना संक्रमित हो गए। इस कारण ये लोग शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी से भी नहीं मिल पाए। उन्हें होम आईसोलेशन में रखा गया है। इन्हें सर्दी-खांसी की शिकायत है। ऐसी हालत में ये लोग गया एयरपोर्ट पहुंचे थे। स्वास्थ्य विभाग प्रधानमंत्री से मिलने वालों और ड्यूटी में तैनात सरकारी कर्मियों की आरटीपीसीआर जांच कर रहा था। इसी जांच में इनके पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई। फिलहाल मगध मेडिकल कॉलेज में एक भी कोरोना के मरीज नहीं है। गौरतलब है कि जिले में 29 दिसंबर 2023 को दो कोरोना संक्रमित मिले थे। इसके बाद से कोरोना संक्रमितों की संख्या नहीं बढ़ी। 30 जनवरी 2024 को जिले भर में 647 लोगों की जांच में 5 संक्रमित मिले थे। फरवरी में एक भी संक्रमित नहीं मिले। मार्च में 4 संक्रमित मिले हैं।

गया एयरपोर्ट पर हुई थी जांच

187 लोगों का कोविड टेस्ट हुआ था: डीपीएम (डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट हेल्थ मैनेजर) नीलेश कुमार ने बताया कि पीएम मोदी से मिलने से पहले सभी लोगों की आरटीपीसीआर जांच कराई गई। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी और अन्य राजनेता सहित कुल 187 लोगों का कोविड टेस्ट किया गया था। 187 में से 4 लोक संक्रमित पाए गए हैं। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद इन लोगों को होम आइसोलेट किया गया है। इनमें पहले से खांसी-सर्दी के लक्षण थे। विधायक पहले से अस्वस्थ चल रहे थे। फिर भी वे प्रधानमंत्री से मिलना चाहते थे, लेकिन उनके सारे अरमानों पर कोरोना ने पानी फेर दिया। डीपीएम ने बताया कि मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोरोना संक्रमितों के लिए प्री फैबरिकेटेड वार्ड में 36 बेड सुरक्षित हैं।

सामान्य और दिव्यांग बच्चों का एक साथ खेलना बहुत ही सुखद: केसी सिन्हा

पटना, संवाददाता। महिला इमदाद कमेटी,बिहार ने ऊर्जा पार्क में लिट्टरा पब्लिक स्कूल के बच्चों और आशदीप संस्थान के मूक बधिर बच्चों के लिए एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया। इस आयोजन का मकसद था इन दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश और उनमें यह आत्मविश्वास पैदा करना कि वो भी समाज के दूसरे आम बच्चों की तरह ही हैं और उनके हमकदम हो सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे नालंदा खुला विवि और पटना विवि के वॉयस चांसलर प्रोफेसर केसी सिन्हा। साथ में मुख्य वक्ता थे प्रोफेसर पीके पोद्दार। महिला इमदाद कमेटी की उपाध्यक्ष ममता मेहरोत्रा ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम का संचालन कर रही थी महिला इमदाद कमेटी की मौके पर केसी सिन्हा ने कहा कि क्रिकेट हार्ड वर्क और टीमवर्क की भावना तो पैदा करता ही है, साथ आत्म विश्वास भी पैदा करता है। ऐसे में सामान्य और दिव्यांग बच्चों का एक साथ खेलना बहुत ही सुखद है। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रोफेसर केसी पोद्दार ने खेल और क्रिकेट पर विस्तार से चर्चा की। कमेटी की उपाध्यक्षा ममता मेहरोत्रा ने कहा कि यहां हार जीत महत्व नहीं है, महत्व है वह विश्वास जो असमानता को दूर कर समानता को पैदा करता है। कमेटी के सचिव पुनम चौधरी ने मौके पर कहा कि हमें इस क्रिकेट मैच का आयोजन कर गर्व हो रहा है। यह न केवल बच्चों की प्रतिभा को उजागर करता है बल्कि यह खेल में समावेशिता और पहुंच के भी महत्व को भी रेखांकित करता है। इस अवसर पर महिला इमदाद कमेटी की कार्यकारिणी अध्यक्ष उषा झा, डा. आशा त्रिपाठी,डा. मानसी पांडे, रीता सिन्हा, रंजना चौधरी सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाड़ियों ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। आशादीप की टीम 49 रनों से विजयी घोषित की गई।दोनों ही टीम के बेस्ट प्लेयर को अलग से सम्मानित किया गया।

दुष्कर्म मामले में युवक गिरफ्तार

गया। गया में दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी फतेहपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव का रहने वाला रामाशीष मांझी का बेटा ललन कुमार है। उससे पुलिस पूछताछ कर रही है। महिला घर में अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी घर में घुस गया और वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की लिखित शिकायत पर 1 अगस्त को दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया। जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। फतेहपुर पुलिस पदाधिकारी ने बताया एक अगस्त को फतेहपुर थाना में एक महिला लिखित शिकायत लेकर थाने को पहुंची। बताया कि जब मैं घर में अकेली थी तो गांव का ललन कुमार घर में घुसा।दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। एसएसपी आशीष भारती ने कहा कि घटना में शामिल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए फतेहपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया। आरोपी के घर पर छापेमारी की गई। आरोपी ललन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

संक्षिप्त समाचार

अयोध्या मुसहर कांड में गिरफ्तारी की मांग

आरा। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जागा कुशवाहा ने प्रेस बयान में चरपोखरी थाना क्षेत्र के देवड़ी गांव निवासी राम अयोध्या मुसहर के लिंग काटने व इलाज के दौरान मौत सुनीता आरोप लगाते हुए गिरफ्तार की मांग की है। मैं इस घटना की धोर निंदा करता हूं। कहा कि चरपोखरी थाना के थाना अध्यक्ष और इस संदर्भ में बातचीत की गई है। प्रशासन को पीड़ित परिवार को सुरक्षा और मुआवजा देना चाहिए।

21 मार्च को एचडी जैन कॉलेज का 24वां पूर्ववर्ती छात्र संघ सम्मेलन

आरा। एचडी जैन कॉलेज का 24वाँ पूर्ववर्ती छात्र संघ सम्मेलन 21 मार्च को होगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कार्यसमिति एवं आमंत्रित सदस्यों की बैठक हुई। आरा क्लब में प्रेसवार्ता हुई। अध्यक्षता महिला कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं पूर्ववर्ती छात्र संघ की उपाध्यक्ष डॉ कमल कुमारी ने किया। बैठक की कार्यवाही की जानकारी पूर्ववर्ती छात्र संघ के महासचिव डॉ शशि कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी 21 मार्च 2024 को जैन कॉलेज सभागार में पूर्ववर्ती छात्र संघ का 24वाँ सम्मेलन होगा। सम्मेलन में परिचर्चा का विषय ''स्वतंत्र भारत की शैक्षणिक यात्रा'* होगा। इसी विषय पर पूर्ववर्ती छात्रसंघ द्वारा एक स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी। सम्मेलन की अध्यक्षता वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी करेंगे। सम्मानित मंत्रीगण, सांसद, विधायक, विधान पार्षदगण एवं ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रधानाचार्य डॉ नरेन्द्र कुमार ने बैठक एवं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जैन कॉलेज से शिक्षा ग्रहण किए पूर्ववर्ती छात्र आज पूरे देश में अपने विलक्षण प्रतिभा से कॉलेज का गौरव का बढ़ा रहे है। हमें उम्मीद है कि वे कॉलेज को अपना सहयोग प्रदान करेंगे ताकि जैन कॉलेज अपने पुराने गौरव को वापस पाने में सफल हो सके।बैठक में प्रो नंदजी दूबे, प्रो कंचन प्रभात सिंह, प्रोफेसर रघुनाथ सिंह, आचार्य मधेश्वर पाण्डेय, डॉ गौरी शंकर तिवारी, पूर्व डीन, प्रो पारस राय, प्रो- कुमार कौशलेन्द्र, प्रो नीरज सिंह, डॉ भूपेन्द्र सिंह, भास्कर मिश्रा, रजी अहमद, डॉ मनोज कुमार द्विवेदी, डॉ विमल कुमार सिंह, अजय कुमार तिवारी 'मुनमुन', अमरेन्द्र कुमार, निखिल कुमार डॉ राजेश कुमार सिंह सहित अन्य शामिल थे।

बिरमपुर-कृतपुरा गांव में शनि मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिये जलभरी

कोईलवर। बिरमपुर-कृतपुरा गांव में शनि मंदिर की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जलभरी निकाला गया। इस जलभरी में दो हजार से ज्यादा भक्त शामिल हुये। इस दौरान हाथी, घोड़े व गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु सोन नद के तट तक पहुंचे। जहां भक्तो ने अपने कलश में जल लिया। पुनः जलभरी कर भक्त मंदिर लौटे। प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान 8 मार्च को किया जाएगा। बरेली निवासी निवासी लक्ष्मण गिरी ने बताया कि 2 मार्च से 8 मार्च तक यज्ञ होगा। मौके पर महंत नागा सन्यासी शिव गिरी, वीरेंद्र कुमार, रूपेश सोनी, बालाजी सहित हजारों भक्त मौजूद थे।

विश्वामित्र एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग की

बक्सर। देश में एक अच्छा सन्देश जाएगाः डॉ रमेश सिंह बलिया डेहरी रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति कार्यालय निशा नगर में बैठक की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि विश्वामित्र की धरती बक्सर से विश्वामित्र एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की जरूरत है। बलिया डेहरी रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति के महासचिव उमेश गुप्ता ने कहा कि पूर्व मध्य रेलवे की बक्सर विश्वामित्र की धरती है जो की भगवान राम की कर्मभूमि एवं शिक्षा भूमि भी है।वहीं बामन भगवान की जन्म स्थली भी है साथ ही बक्सर एक ऐतिहासिक स्थल है जो की बक्सर युद्ध के नाम से प्रसिद्ध है। बक्सर का युद्ध 1764 में हुआ था पर्यटक के ख्याल से देखा जाए तो बक्सर की गरिमा ही कुछ और है जहां भगवान राम ने ताड़का का वध किया वहीं अहिल्या का तारण भी किया था। वहीं बक्सर से सटे राजा भोज की नगरी डुमरांव की महिमा भी कम नहीं है भोजपुर का नवरतन किला, शक्ति पीठ मां डुमरेजनी मन्दिर, बाबा जंगली नाथ मन्दिर, बांकेबिहारी जी का मंदिर वो छठिया पोखरा का अद्वितीय काकी जी मन्दिर,पंच मन्दिर के नाम से प्रसिद्ध राजेश्वर मन्दिर जहाँ भगवान राम, भगवान भाष्कर, भगवान शंकर पार्वती माँ दुर्गा भगवान गणेश स्थापित है जो अपने आप में विद्यमान है जो लोगों के लिए मन मोहक है श्री गुप्ता ने बताया कि रेल मंत्री एवं बक्सर सांसद सह केंद्रीय राज्यमंत्री अश्वनी कुमार चौबे को पत्र भेजकर बक्सर से हावड़ा तथा बक्सर से नई दिल्ली विश्वामित्र एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन करने के लिए पत्र भेजा है। डॉ रमेश सिंह ने कहा कि यह नई ट्रेन चालू होने से पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा देश में एक अच्छा संदेश भी जाएगा वहीं भारत सरकार के रेल मंत्रालय को एक अच्छा राजस्व की प्राप्ति होगी। इस मसले पर उपस्थित सभी लोगों ने समर्थन जताते हुए मांग को सही बताया।बैठक में उपस्थित रहे बलिया डेहरी रेल लाइन निर्माण समिति के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद रमेश सिंह ,कोषाध्यक्ष अनिल केसरी, विमलेश कुमार सिंह,राजीव सिंह, डॉ पवन गुप्ता, दीपक कुमार सिंह,मनोज कुमार गुप्ता, शुभम कुमार, अमित कुमार आदि ने अपनी मांगों को रखा।

लीगल सेल के समागम की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

बक्सर। बार भवन में बीजेपी लीगल सेल की ओर से अधिवक्ता समागम की समीक्षा व लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए कार्यसमिति करने को लेकर बैठक की गईं। अध्यक्षता लीगल सेल के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार श्रीवास्तव ने की और संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक में सबसे पहले पटना हुए अधिवक्ता समागम कार्यक्रम की समीक्षा की गई। साथ ही साथ लीगल सेल की जिला कार्यालय की उद्घाटन करने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान लीगल सेल के जिलाध्यक्ष ने अगामी लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र की सरकार बनाने पर जोर दिया गया और यह भी कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ व्यक्ति को बक्सर सांसद से व्यक्तिगत नाराजगी है जिसके चलते बक्सर की भोले भाले जनता को गुमराह करने की कवायद जारी है और अपनी व्यक्तिगत लाभ उठाने के लिए नाना प्रकार की षड्यंत्र की रचना कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है जो बिलकुल ही गलत है ऐसा नहीं होना चाहिए क्योंकि हम सभी कार्यकर्ता की नेता वह है जिसके हाथ में कमल है।बैठक में मुख्य रूप से सुरेन्द्र यादव, शशि भूषण राय, प्रमिला पाठक, मनोरंजन पाठक, सुशील कुमार पाठक, राजीव कुमार भगत, आरती राय, द्वारिका नाथ तिवारी, बसंत कुमार चौबे, संतोष उपाध्याय,अजय तिवारी, मनीष पाठक, अखौरी राम कृपाल विजयेन्द्र चौबे, लवकेश मिश्रा, गोपाल कृष्ण सिंह आदि थे।

पवन सिंह का आसनसोल से चुनाव लड़ने से इनकार, आरा से चाहते थे टिकट

निज संवाददाता। पटना

भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने आसनसोल से लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारण वश में आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। चर्चा है कि पवन सिंह आरा से टिकट चाहते थे। जनवरी महीने में उन्हें इशारा भी किया था कि अगर आरा से टिकट मिलेगा तो वे चुनाव लड़ेंगे। इसकी पूरी तैयारी है। पवन सिंह को भाजपा ने शनिवार को ही पश्चिम बंगाल के आसनसोल से लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। पवन सिंह के लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा कई माह से चल रही थी। भाजपा कार्यालय की ओर से 16 राज्यों के 195 प्रत्याशियों के नाम की लिस्ट में उनका भी नाम था। पवन सिंह के इस ऐलान के टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि ये बंगाल की लोगों की ताकत है। यहां खेला शुरू होने से पहले खेला हो गया।

प्रत्याशी घोषित होते ही मिठाई खाईः भाजपा मुख्यालय से जब प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जा रही थी, उस वक्त पवन सिंह जिम में थे और मोबाइल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रहे थे। जैसे ही उनके नाम की घोषणा हुई, वैसे ही पवन सिंह खुशी में झूम उठे। दोस्तों ने उनको मिठाई खिलाकर सिलेब्रेट किया था। आसनसोल में पवन सिंह के सामने बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा हो सकते हैं। शत्रुघ्न सिन्हा फिलहाल आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस के सांसद हैं। साल 2022 में हुए उपचुनाव में उन्होंने भाजपा के अग्निमित्र पाल को हराया था। पवन सिंह मूल रूप से भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के जोकहरी गांव के निवासी हैं। चार सितंबर 2017 को भाजपा में शामिल हुए थे। पवन सिंह से पहले मनोज तिवारी, रवि किशन और दिनेश लाल यादव निरहुआ भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़े और अभी सांसद हैं। अगले चुनाव के लिए भाजपा ने इन तीनों को ही फिर से अपनी-अपनी सीटिंग सीट से कैंडिडेट बनाया है।

दर्शकों ने गायक से नायक बनाया, आगे जो जनता की मर्जीः पवन सिंह ने भोजपुरी पॉप एल्बमों में गायक के रूप में काम किया है। 2008 में एल्बम 'लॉली पॉप लागेलु' को रिलीज किया। इस गाने से पवन सिंह की पहचान बन गई। वे भोजपुरी के महंगे कलाकारों में से एक माने जाते हैं। पवन सिंह ने बीते 31 जनवरी को पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की थी। उस दिन उन्होंने चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा था कि किसको आगे बढ़ने का मन नहीं करता है। कमर कस चुके हैं बस आदेश का इंतजार है। दर्शकों ने गायक से नायक बनाया है, आगे जो जनता की मर्जी।

आरा से चुनाव लड़ने की तेज थी चर्चाः पवन सिंह ने बीते साल 2023 के अप्रैल माह में दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और बिहार बीजेपी प्रभारी विनोद तावड़े से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद ही यह चर्चा गर्म हो गई कि पवन सिंह बिहार की सक्रिय राजनीति में शामिल होना चाहते हैं। कयास लगाया जाने लगा कि आरा लोकसभा क्षेत्र से पवन सिंह चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि यह सीट भारतीय जनता पार्टी के पास ही है और यहां से केंद्रीय मंत्री आरके सिंह सांसद है। बाद में एक चैनल को दिए इंटरव्यू में पवन सिंह ने साफ कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी आदेश करेगी तो वह आरा से लोकसभा का चुनाव जरूर लड़ेंगे और उनकी तैयारी भी पूरी है।

युवक का प्राइवेट पार्ट काटने के मामले प्रेमिका पकड़ाई

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के चतुरशालगंज में युवक का प्राइवेट पार्ट काटने के मामले पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेमिका तथा उसके दो भाइयों को हिरासत में लिया है। उधर मामले में घायल युवक अनिल गोंड़ ने पुलिस को दिए अपने बयान में यह कहा है कि युवती के साथ उसका प्रेम-संबंध था और युवती ने शनिवार को यह कहा कि घर पर कोई नहीं है।उसने खाने-पीने की वस्तुएं लेकर घर पर आने को कहा। जब अनिल वहां पहुंचा तो पूर्व से युवती के तीन भाई भी वहां मौजूद थे जिन्होंने युवक पकड़ लिया प्राइवेट पार्ट और सिर पर हमला कर दिया।बाद में वह किसी तरह वहां से भागा और अस्पताल पहुंचकर परिजनों को सूचना दी।

लोहे के रॉड से किया हमलाः घायल युवक अनिल गोंड़ का चतुरशालगंज निवासी युवती के साथ उसका प्रेम संबंध था। वह शादी का दबाव बना रही थी। जिस पर अनिल ने कहा कि उसके घर वाले शादी को तैयार हैं। लड़की अपने घर वालों से बात कर ले। लेकिन लड़की का यह कहना था कि वह उसके साथ कोर्ट मैरिज करे। इसके लिए अनिल तैयार नहीं था। शनिवार को अनिल युवती के बुलाने पर जब उसके घर गया तो वहां मौजूद उसके भाई धर्मेंद्र, जितेंद्र और ओमप्रकाश ने मिलकर उसे पकड़ लिया उसके साथ मारपीट के बाद उसके प्राइवेट पार्ट को काट दिया।भागने के दौरान ही युवती के भाइयों ने उसके सिर पर लोहे के हथियार से प्रहार कर दिया। जिससे कि उसका सिर फट गया।

युवती और उसके दो भाई हिरासत मेंः मामले में डुमरांव एसडीपीओ आफाक अख्तर अंसारी ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की शाम तकरीबन 6 बजे सूचना मिली कि चतुरशालगंज में एक युवक का गुप्तांग काट दिया गया है। सूचना के बाद प्रशिक्षु डीएसपी अनीषा राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया और फिर पुलिस टीम तथा परिजनों की सहायता से युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में युवक के परिजनों के बयान के आधार पर युवती तथा उसके दो भाइयों को फिलहाल हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। डॉक्टर वीके सिंह ने बताया की युवक का गुप्तांग बुरी तरह काट दिया गया है।

हल्दी के दिन सर पर छज्जा गिरने से युवती घायल, 6 मार्च को होनी है शादी

निज संवाददाता। बक्सर

इटाढी थाना क्षेत्र के खखड़ही गांव में हल्दी रस्म के दिन युवती के ऊपर घर का छज्जा गिर गया। परिजनों ने बताया कि गांव के निवासी अखिलेश पासवान की 20 साल की बेटी सुमन कुमारी का हल्दी रस्म था। इसको लेकर घर में तैयारी चल रही थी। तभी घर का छज्जा अचानक सुमन के ऊपर गिर गया। इससे वह मौके पर ही बेहोश हो गई। फिलहाल उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। युवती के पिता अखिलेश पासवान ने बताया कि 6 मार्च को उसकी शादी होनी है। इटाढी थाना के हरपुर जयपुर में से बराता आएगी। वहीं इलाज कर रहे डॉक्टर श्याम रजक ने कहा कि एक्स-रे में कहीं फैक्चर नहीं है। हालांकि सीटी स्कैन में सर में चोट के संकेत मिले है। वैसे अभी स्थिति ठीक है।

थर्मल पॉवर की गेट पर 11 दिन से डटे किसान, खिचड़ी का भंडारा

निज संवाददाता। बक्सर

चौसा थर्मल थर्मल पॉवर के मुख्य गेट के पास 11 दिन से धरने पर बैठे किसान कभी भी गेट को जाम कर सकते है। किसानों ने कहा कि एसटीपीएल कम्पनी के अधिकारी,जिला प्रशासन और किसानों के बीच जितनी भी वार्ता हुई है। उसमे कई मांगों को पूरा करने का समय और आश्वासन दिया जाता है। लेकिन कोई एक भी मांग चाहे वो आरएनआर पॉलिसी से संबंधित हो या भूमि अधिग्रहण मुआवजा से संबंधित हो अभी तक एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। जिसे लेकर किसानों के बीच आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार को भी किसानों का धरना मुख्य गेट के पास जारी है। आज किसानों ने धरना स्थल खिचड़ी का भंडारा चलाया। जो किसानों ने खुद ही बनाकर खाई।

11 दिन में दो बार कंपनी के अधिकारियों के साथ हुई बैठकः धरना पर बैठे किसान रामप्रवेश यादव ने बताया कि किसानों का धरना 503 दिन से चल रहा है। लेकिन निर्माणाधीन थर्मल पॉवर के मुख्य गेट पर बैठे आज 11 दिन हो गया है। 20 फरवरी को ही एसडीएम द्वारा एक बुजुर्ग किसान को धक्का देने और अपमानित करने पर धरना को मूरा बाबा से थर्मल पॉवर के मुख्य गेट से 100 मीटर की दूरी पर शिफ्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस 11 दिन में दो बार कंपनी और जिला के अधिकारियों के बीच वार्ता किया गया एक 24 और दूसरी वार्ता 26 फरवरी को हुई थी। उस वार्ता में बहुत सारे आश्वासन दिया गया था।आरएनआर पॉलिसी के तहत पूरा डेटा उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी थी। लेकिन अभी तक डेटा उपलब्ध नही कराया गया। कंपनी से पूछने पर कोई जबाब नही दिया जा रहा है।

1058 एकड़ भूमि पर पर बन रहा पावर प्लांटः बक्सर जिला के चौसा में 1320 मेगावॉट की बिजली बनाने वाला थर्मल पॉवर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 1058 एकड़ भूमि मुख्य प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण किया गया है। जिसका कार्य लगभग पूरा है। वहीं 225 एकड़ के आसपास जमीन रेल कॉरिडोर और वॉटर पाइप लाइन के लिए लिया गया है।

लोकसभा चुनाव की तैयारी में राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता जुटे

निज संवाददाता। बक्सर

आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर एक ओर जहां राजनीतिक पार्टी के साथ ही चुनावी मैदान में कूदने वाले भ्रमण कर रहे हैं, वहीं प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों ने बैठक करनी शुरू कर दी है। चुनाव के मद्देनजर शुरू की गई प्रशासनिक तैयारियों के क्रम में जहां कोषांग गठन किया गया है। वहीं उनके नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। इसके साथ ही उन्हें कार्य क्षेत्र व अधिकार के बारे में जानकारी दी जा रही है।इसी क्रम में एडीएम कुमारी अनुपम सिंह ने चार कोषांगों की बैठक की। जिसमें कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग एवं सामग्री कोषांग की समीक्षा की गई। उन्होंने कोषांगों में प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफल बनाने हेतु दिशा निर्देश देते हुए विभिन्न बिंदुओं पर कार्य करने की जानकारी साझा की। निर्वाचन की अधिसूचना के बाद विधानसभा क्षेत्रवार व मतदान केंद्रवार मतदाता सूची का विखंडन कराना तथा इस कार्य हेतु निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत करना है। निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का समय पर अनुपालन करने के बारे में बताया। प्रपत्रों को सुरक्षित, ससमय परिवहन, भंडारण एवं विभिन्न मतदान दलों का उनकी नियमानुसार आपूर्ति तथा वितरण कराने आदि के बारे में बताया। कार्मिक कोषांग से जुड़े कार्यों को बताया एडीएम द्वारा सभी कार्यों का व्यवस्थित व समय पर निष्पादन करने के बारे में निर्देश दिया गया। इससे संबंधित विभागों को अधियाचना पत्र विहित प्रपत्र में ससमय तामिला कराना एवं निर्धारित समय सीमा के अंदर विहित प्रपत्र में कर्मियों की सूची प्राप्त करने के बारे में कहा गया। वहीं कार्य पर योगदान नहीं करने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने संबंधित निदेश दिया गया। कोषांग के कार्यों/दायित्वों से संबंधित प्रगति का सतत मॉनिटरिंग करते हुए दैनिक रिपोर्ट तैयार कराना एवं इससे जिला निर्वाचन पदाधिकारी को अवगत कराते हुए यथा स्थिति संबंधी रिपोर्ट विभिन्न स्तरों पर भेजने की कार्रवाई करने आदि के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कोषांग के कार्य के बारे में निर्देश उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार करना होगा। प्रशिक्षण के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय बिहार एवं भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के बारे में कहा गया।जिला तथा प्रखंड स्तर पर मास्टर ट्रेनर का चयन एवं उन्हें प्रशिक्षित करने संबंधित जानकारी दी गई।

महिला स्टेट हॉकी चैंपियनशिप के लिए भोजपुर टीम का हुआ चयन

निज संवाददाता। आरा

महिला सीनियर स्टेट चैंपियनशिप के लिए भोजपुर हॉकी टीम के खिलाड़ियों का चयन प्रतियोगिता शनिवार को वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में हुआ। जिले के सभी प्रखंडों से आये हॉकी खिलाड़ियों ने इस चयन प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खिलाडिय़ों का चयन भोजपुर हॉकी संघ के सचिव मो इकबाल अख्तर की देख-रेख में हुआ। चयन प्रतियोगिता के पश्चात स्टेट हॉकी चैम्पियनशिप के लिए भोजपुर हॉकी टीम की घोषणा की गई। 14 वीं महिला सीनियर स्टेट चैंपियनशिप, 3 मार्च से 6 मार्च तक पटना के शास्त्री नगर गर्ल हाई स्कूल में होगी। जिसके लिए जिले के 16 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है। कप्तान रानी राज व उपकप्तान साक्षी नारायण को बनाया गया है। टीम के कोच पियूष कुमार व टीम प्रभारी मो फिरोज आलम रहेंगे। चयन प्रतियोगिता के मौके पर मो नौशाद, मो सद्दाम, कुमार मंगलम, कुमार विजय मौजूद थे।

भंडारे के बाद रक्षा बाबा के 17 वें स्थापना दिवस की पूर्णाहुति

निज संवाददाता। गड़हनी

स्थानीय गड़हनी प्रखण्ड अंतर्गत बगवां -बराप गांव में 4 दिवसीय रक्षा बाबा धाम का 17 वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को पूर्णाहुति व भंडारा के साथ सम्पन्न हो गया। सुबह से ही दोनो गांव के महिला व पुरुषों ने पूजा पाठ व हवन किया। भजन व हरिकीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। भजन गायकों ने अपना-अपना प्रस्तुति दिया। देर रात तक शनिवार को भजन संध्या की प्रस्तुति होगी। दोनो गांवो के ग्रामीणों का कहना है कि रक्षा बाबा धाम को एक ऐतिहासिक धाम बनाकर ,धार्मिक न्यास बोर्ड से मान्यता प्राप्त कराना है। बुजुर्गों के अनुसार रक्षा बाबा के बारे में पुराने काल से कथा चली आ रही है।

विश्वामित्र एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग की

निज संवाददाता। बक्सर

बलिया डेहरी रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति कार्यालय निशा नगर में बैठक की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि विश्वामित्र की धरती बक्सर से विश्वामित्र एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की जरूरत है। बलिया डेहरी रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति के महासचिव उमेश गुप्ता ने कहा कि पूर्व मध्य रेलवे की बक्सर विश्वामित्र की धरती है जो की भगवान राम की कर्मभूमि एवं शिक्षा भूमि भी है।वहीं बामन भगवान की जन्म स्थली भी है साथ ही बक्सर एक ऐतिहासिक स्थल है जो की बक्सर युद्ध के नाम से प्रसिद्ध है। बक्सर का युद्ध 1764 में हुआ था पर्यटक के ख्याल से देखा जाए तो बक्सर की गरिमा ही कुछ और है जहां भगवान राम ने ताड़का का वध किया वहीं अहिल्या का तारण भी किया था। वहीं बक्सर से सटे राजा भोज की नगरी डुमरांव की महिमा भी कम नहीं है भोजपुर का नवरतन किला, शक्ति पीठ मां डुमरेजनी मन्दिर, बाबा जंगली नाथ मन्दिर, बांकेबिहारी जी का मंदिर वो छठिया पोखरा का अद्वितीय काकी जी मन्दिर,पंच मन्दिर के नाम से प्रसिद्ध राजेश्वर मन्दिर जहाँ भगवान राम, भगवान भाष्कर, भगवान शंकर पार्वती माँ दुर्गा भगवान गणेश स्थापित है जो अपने आप में विद्यमान है जो लोगों के लिए मन मोहक है श्री गुप्ता ने बताया कि रेल मंत्री एवं बक्सर सांसद सह केंद्रीय राज्यमंत्री अश्वनी कुमार चौबे को पत्र भेजकर बक्सर से हावड़ा तथा बक्सर से नई दिल्ली विश्वामित्र एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन करने के लिए पत्र भेजा है। डॉ रमेश सिंह ने कहा कि यह नई ट्रेन चालू होने से पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा देश में एक अच्छा संदेश भी जाएगा वहीं भारत सरकार के रेल मंत्रालय को एक अच्छा राजस्व की प्राप्ति होगी। इस मसले पर उपस्थित सभी लोगों ने समर्थन जताते हुए मांग को सही बताया।बैठक में उपस्थित रहे बलिया डेहरी रेल लाइन निर्माण समिति के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद रमेश सिंह ,कोषाध्यक्ष अनिल केसरी, विमलेश कुमार सिंह,राजीव सिंह, डॉ पवन गुप्ता, दीपक कुमार सिंह,मनोज कुमार गुप्ता, शुभम कुमार, अमित कुमार आदि ने अपनी मांगों को रखा।

संक्षिप्त समाचार

जल शक्ति मंत्रालय ने शुरू की स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग पहल

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र ने भारत के पर्यटन क्षेत्र में स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ाने के प्रयासों के तहत लोकप्रिय स्थलों पर सौंदर्य और स्वच्छता मानकों को बढ़ाने के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग नामक पहल शुरू की है। यह जानकारी केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने दी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के तहत पेयजल और स्वच्छता विभाग ने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के साथ मिलकर इस अवधारणा को पेश किया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर सौंदर्य और स्वच्छता मानकों को बढ़ाने के लिए पर्यटकों के लिए विश्व स्तरीय स्वच्छता युक्त सुविधाएं प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। शेखावत ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे देश के आतिथ्य और विकास के राजदूत के रूप में हमारी सभी पर्यटक सुविधाओं को हमारे पर्यटन स्थलों के सौंदर्य और स्वच्छता स्तर को बढ़ाने में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में नर्मदापुरम के मध्य मढ़ई में स्थित बाइसन रिसार्ट्स ने पहले पांच स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रमाणपत्र प्राप्त कर अग्रणी स्थान हासिल किया है। यह सम्मान जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं के प्रति रिसार्ट की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

दंगों में नुकसान पर धामी सरकार का होगा सख्त ऐक्शन, वूसली के लिए बनेगा सख्त कानून

देहरादून, एजेंसी। दंगा, हड़ताल और विरोध-प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक और निजी सम्पत्ति को होने वाले नुकसान की भरपाई का कानून सोमवार को प्रस्तावित कैबिनेट बैठक में आ रहा है। पुष्कर सिंह धामी सरकार उत्तराखंड में अध्यादेश के जरिए लागू कर सकती है। इस कानून के तहत सम्पत्ति को हुए नुकसान की भरपाई घटना के दिन वाले बाजार मूल्य के आधार पर उपद्रवियों से की जाएगी। विरोध-प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक और निजी सम्पत्ति को निशाने पर लेने की प्रवृत्ति पर लगाम कसने के लिए गृह विभाग ने उत्तराखंड लोक एवं निजी संपत्ति क्षति वसूली कानून तैयार कर लिया है। इसे सोमवार को प्रस्तावित कैबिनेट बैठक के एजेंडे में रखा गया है। इस कानून के तहत उपद्रवियों से तय समय के भीतर नुकसान की शत-प्रतिशत भरपाई की जाएगी। इसके अनुसार वसूली बाजार दर पर होगी, कुछ मामलों में यदि ट्रिब्यूनल को उचित लगता है। तो हर्जाने की वसूली कुल लागत से दोगुनी तक हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, सरकार इस कानून को अध्यादेश के जरिए भी लागू कर सकती है। प्रस्तावित कानून के तहत नुकसान की भरपाई के लिए रिटायर जिजा जज की अध्यक्षता में स्वतंत्र ट्रिब्यूनल बनाया जाएगा, जिसे सिविल कोर्ट की शक्तियां प्रदान की जाएंगी। सार्वजनिक सम्पत्ति को हुए नुकसान की भरपाई के लिए विभागाध्यक्ष घटना के तीन महीने के भीतर ट्रिब्यूनल के सामने अपील करेंगे।

राजस्थान में 7 प्रत्याशी नए, शेखावत, मेघवाल और चौधरी समेत 8 प्रत्याशी रिपीट

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों में से 15 के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। बीजेपी ने 7 नए प्रत्याशियों को टिकट दिया है। जबकि 8 प्रत्याशी रिपीट किए है। मोदी कैबिनेट में शामिल तीनों मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत और कैलाश चौधरी पर फिर विश्वास जताया गया है। चूरू से रामसिंह कस्वां का टिकट काट दिया है। जबकि नागौर से ज्योति मिर्धा को टिकट दिया गया है। बता दें ज्योति मिर्धा को विधानसभा का चुनाव हारने के बाद भी टिकट दिया गया है। बीकानेर - अर्जुन राम मेघवाल, चुरू - देवेंद्र झाझड़िया,सीकर - सुमेधानंद सरस्वती. अलवर - भूपेंद्र यादव ,नागौर - ज्योति मिर्धा, पाली - पीपी चौधरी, जोधपुर - गजेंद्र सिंह शेखावत. बाड़मेर - कैलाश चौधरी, जालोर - लुंबाराम चौधरी,उदयपुर - मन्नालाल रावत, बांसवाड़ा - महेंद्रजीत सिंह मालवीय, चित्तौड़गढ़ - सीपी जोशी, कोटा - ओम बिरला झालावाड़ - दुष्यंत सिंह और भरतपुर - रामस्वरूप कोली को टिकट दिया है। बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट में राजस्थान के लिए 15 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को अलवर से टिकट दिया है। भूपेंद्र यादव पहली बार चुनावी मैदान में उतरे है।

एनसीपी-शिवसेना में टूट के बाद बदल गई महाराष्ट्र की तस्वीर

मुंबई, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट की घोषणा कर दी है, लेकिन महाराष्ट्र को लेकर तस्वीर अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। एनडीए एवं विपक्षी गठबंधन दोनों का मानना है कि लोकसभा में उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक संख्या में सांसद भेजने वाले महाराष्ट्र में सीट आवंटन का एक मात्र फार्मूला जीत की संभावना है। महाराष्ट्र में 2019 के बाद से कई बार राजनीतिक उथल-पुथल देखने को मिली है। वर्ष 2019 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने भाजपा के साथ अपने पुराने गठबंधन को तोड़ दिया था फिर शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को भी दलों में विभाजन का सामना करना पड़ा।

शिवसेना के अधिकतर विधायक अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ हैं जिन्होंने भाजपा के साथ हाथ मिला लिया हैं। इसके अलावा अजित पवार भी अपने समर्थक पार्टी विधायकों के साथ पिछले साल शरद पवार नीत एनसीपी से अलग होकर सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल हो गए। सत्तारूढ़ एवं विपक्षी दलों के नेताओं ने बताया कि दलों के विभाजन के बाद समीकरण बदलने के कारण सीटों का बंटवारा एक मुश्किल काम हो गया है।

भाजपा ने तत्कालीन अविभाजित शिवसेना के साथ मिलकर 2019 में 41 सीट पर जीत हासिल की थी और इस बार भाजपा ने अपने राष्ट्रवादी जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 45 सीट जिताने का लक्ष्य रखा है जबकि विपक्षी कांग्रेस 2019 का प्रदर्शन नहीं दोहराना चाहेगी जब उसे मात्र एक सीट पर जीत मिली थी। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सीट बंटवारे के मामले पर केंद्रीय नेतृत्व के साथ चर्चा की जा रही है। विपक्षी गठबंधन 'महा विकास आघाडी' में ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी का शरद पवार नीत धड़ा और कांग्रेस शामिल हैं। विपक्षी गठबंधन प्रकाश आंबेडकर नीत वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) को लुभाने की कोशिश कर रहा है लेकिन बाबा साहेब आंबेडकर के पौत्र ने इस बारे में अभी तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं की है।

मार्च में पीएम समेत भाजपा के दिग्गज नेताओं का छत्तीसगढ़ दौरा

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। इसके साथ ही प्रदेश में आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज नेताओं का दौरा है। फरवरी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जांजगीर चांपा में एक बड़ी सभा को संबोधित कर लोकसभा चुनाव का बिल्कुल फूंक चुके हैं। वही अब मार्च के महीने में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं तो उसके बाद केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह छत्तीसगढ़ में बड़ी आमसभा करेंगे।

छत्तीसगढ़ में रामलला दर्शन योजना और महतारी वंदन योजना को लेकर जमकर चर्चा हो रही है। इन चर्चाओं के बीच लोकसभा चुनाव के ठीक पहले 8 मार्च को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी रायपुर आ रहे हैं। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में पीएम मोदी एक बड़ी आम सभा करेंगे। 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्रदेश की सभी पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली पहली किस्त की राशि 1000 रुपए उनके खाते में डालने की तैयारी की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले महतारी वंदन योजना की पहली किस्त महिलाओं को दिलाने की तैयारी में जुट गई है। भाजपा की यह कोशिश है कि आचार संहिता लगने से पहले प्रधानमंत्री की ज्यादा से ज्यादा राज्यों में सभाएं की जा सके। जिससे कि केंद्र सरकार की योजना और मोदी की गारंटी को जल्द से जल्द जनता के बीच लागू किया जा सके। इसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी भारतीय जनता पार्टी एक-एक कर मोदी की गारंटी को पूरा करने में लगी है। छत्तीसगढ़ में 70 लाख से ज्यादा महिलाओं ने महतारी वंदन योजना को लेकर आवेदन कर दिया है। जिसमें पत्र महिलाओं की सूची लगभग तैयार हो गई है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना की पहली किस्त 8 मार्च को दी जा सकेगी।

वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह छत्तीसगढ़ आ रहे है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के ठीक दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह छत्तीसगढ़ में एक बड़ी आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वह भाजपा किसान मोर्चा के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह का यह दौरा पहले दो या तीन मार्च को होने वाला था, लेकिन उसे आगे बढ़ा दिया गया है।

छात्र की मौत मामले में राज्यपाल की कार्रवाई, विश्वविद्यालय के कुलपति को किया निलंबित

तिरुवनंतपुरम। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम आर शशिंद्रन को निलंबित कर दिया। राज्यपाल ने यह कार्रवाई हाल हीम में दूसरे वर्ष की छात्र की मौत मामले में की है।

मालूम हो कि सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज के एक छात्र ने 18 फरवरी को अपने छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका हुआ पाया गया था। छात्र की पहचान जेएस सिद्धार्थ के रूप में की गई है। वहीं, राज्यपाल ने अपने निलंबन आदेश में कहा कि प्रोफेसर शशिंद्रन द्वारा दी गयी रिपोर्ट 18 फरवरी को 20 वर्षीय सिद्धार्थ की मौत से जुड़े घटनाक्रम के दौरान कुलपति की ओर से कर्तव्यों में घोर लापरवाही का प्रमाण है। उन्होंने कुलपति की लापरवाही पर चिंता व्यक्त करते हुए घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के किसी मौजूदा या सेवानिवृत्त न्यायाधीश से इस पूरे घटना का जांच कराने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि केरल उच्च न्यायालय के महापंजीयक से इस मामले में उचित अनुरोध किया जाएगा। मृत छात्र के माता-पिता ने दावा किया है कि कॉलेज में पढ़ने वाले उसके कुछ अन्य सहपाठियों ने उन्हें बताया है कि स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के कुछ स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके बेटे की पिटाई की थी।

बीजेपी ने एमएलसी की नौ सीटों के लिए भेजे 36 नाम

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने विधान परिषद की नौ सीटों के लिए करीब 36 नामों के पैनल को हरी झंडी दे दी। यूपी के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा बैठक के बाद सूची लेकर दिल्ली रवाना हो गए। इससे पहले शनिवार को पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में कोर कमेटी की बैठक हुई। खबर है कि जिन मौजूदा विधान परिषद सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें से अधिकांश के नाम भी पैनल में शामिल किए गए हैं। इसमें 10 सीटें भाजपा और एक उसके सहयोगी अपना दल (एस) के पास थीं। जबकि एक-एक सीट सपा और बसपा के पास है। संख्या बल के हिसाब से इस बार भाजपा और उसके सहयोगी दल के हिस्से 10 सीटें आएंगी। एक सीट से अपना दल (एस) से आशीष पटेल का परिषद जाना तय है। बाकी नौ सीटों पर संभावित दावेदारों की सूची पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक में मंथन हुआ।पार्टी एमएलसी प्रत्याशियों के जरिए भी सामाजिक समीकरण साधने का प्रयास करेगी।

वरुण गांधी का टिकट कटना तय, मेनका को लेकर भी संशय

नईदिल्ली, एजेंसी। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए घोषित पहली सूची में प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी समेत 195 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं, लेकिन इनमें बिहार, महाराष्ट्र व कर्नाटक जैसे बड़े राज्य बाकी हैं, जहां गठबंधन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अधिकांश पुराने चेहरों पर दिखाया भरोसा दिखाया है, लेकिन दिल्ली में भावी रणनीति को देखते हुए कई चेहरे बदले हैं। क्षत्रपों में भी फेरबदल किया गया है और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय राजनीति में लाया जा रहा है। बिगड़े बोल वाले नेताओं से दूरी बनाई गई है। पार्टी ने राज्यसभा के 11 सांसदों को भी लोकसभा के मैदान में उतारा है। मंत्री स्मृति ईरानी, चंदौली से केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, लखीमपुर-खीरी से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा (टेनी) महराजगंज से केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मोहनलालगंज से राज्य मंत्री कौशल किशोर को फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है।

सामने आई आंध्र प्रदेश में रेल हादसे की वजह, ड्राइवर मोबाइल पर देख रहा था क्रिकेट मैच; 14 लोगों ने चुकाई लापरवाही की कीमत

नई दिल्ली, एजेंसी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दावा किया कि 29 अक्टूबर 2023 को आंध्र प्रदेश में जब दो यात्री रेलगाड़ियों की टक्कर हुई, तो उस समय एक ट्रेन का लोको पायलट और सहायक लोको पायलट मोबाइल फोन पर क्रिकेट मैच देख रहे थे। नए सुरक्षा उपायों के बारे में बात करते हुए उन्होंने इस दुर्घटना का जिक्र किया।

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के कंटाकापल्ली में हावड़ा-चेन्नई मार्ग पर रायगड़ा पैसेजर ट्रेन ने विशाखापत्तनम पलासा ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटन जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक यात्री घायल हुए थे।

रेल मंत्री ने बताया कि आंध्र प्रदेश में यह दुर्घटना इस कारण हुई, क्योंकि लोको पायलट और सह-पायलट दोनों का ध्यान क्रिकेट मैच की वजह से भटक गया था। हम ऐसी प्रणाली स्थापित कर रहे हैं जो यह सुनिश्चित कर सकती है कि पायलट और

सहायक पायलट का ध्यान पूरी तरह से ट्रेन चलाने पर रहे। हम हर घटना का मूल कारण जानने का प्रयास करते हैं ताकि इसकी पुनरावृत्ति न हो।

रेलवे सुरक्षा आयुक्तों (सीआरएस) की जांच रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। हालांकि, घटना के एक दिन बाद प्रारंभिक रेलवे जांच के हवाले से कहा गया था कि ट्रेन हादसे के लिए रायगड़ा यात्री गाड़ी के लोको पायलट और सहायक लोको पायलट जिम्मेदार हैं तय नियमों का उल्लंघन किया। इस हादसे में चालक दल के दोनों सदस्यों की मौत हो गई थी। आने वाले वर्षों में बनेंगी एक हजार से अधिक अमृत भारत ट्रेन रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में नयी पीढ़ी की कम से कम 1,000 अमृत भारत ट्रेन का निर्माण करेगा। 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। वैष्णव ने यह भी कहा कि रेलवे ने पहले ही वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम करना शुरू कर दिया है और आने वाले पांच वर्षों में देश द्वारा पहला निर्यात किये जाने की उम्मीद है। नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के पिछले 10 वर्षों में रेलवे द्वारा की गई परिवर्तनकारी पहलों पर उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल-चिनाब पुल और कोलकाता मेट्रो के लिए नदी के नीचे पहली जल सुरंग रेल क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति है।

चार धाम यात्रा पर पड़ेगी महंगाई की मार, केदारनाथ हेली सेवा का 5 फीसदी बढ़ेगा किराया

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड चार धाम यात्रा 2024 पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को महंगाई का सामना करना पड़ेगा। बदरीनाथ, गंगेत्री-यमुनोत्री समेत चारों धामों में यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल से भारी संख्या में तीर्थ यात्री दर्शन करने को आते हैं। आगामी यात्रा सीजन में केदारनाथ धाम हेली सेवा किराया पिछले साल के मुकाबले बढ़ेगा। केदारनाथ हेली सेवा के किराये में पांच फीसदी तक बढ़ोतरी होगी। इस बार भी टिकट बुकिंग आईआरसीटीसी वेबसाइट के जरिए ही होगी।

केदारनाथ सहित चारों धामों के कपाट खुलने की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। इसी के साथ उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के पास देशभर से हेली टिकट बुकिंग की पूछताछ आने लगी है। यूकाडा पिछले साल ही धाम के लिए तीन साल तक सेवा देने के लिए ऑपरेटर और किराया तय कर चुका है। तय शर्त के अनुसार ऑपरेटर बेसिक किराए में प्रतिवर्ष पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी कर पाएंगे, इस तरह इस बार मौजूदा किराए में पांच प्रतिशत की ही बढ़ोतरी हो पाएगी। पिछले साल हेली सेवाओं का एक तरफ का किराया सिरसी से 2749, फाटा से 2750 और गुप्तकाशी से 3870 रुपये तय किया गया था। इस बार भी केदारनाथ में नौ ऑपरेटर ही सेवाएं देंगे। इसमें एक मात्र बदलाव ट्रांसभारत के रूप में हुआ है, जिसने केस्ट्रल एविएशन की जगह ली है। गत वर्ष यात्रा शुरू होने से ठीक पहले केदारनाथ धाम में हेलीकॉप्टर रोटर की चपेट में आने से यूकाडा के वित्त नियंत्रक की मौत हो गई थी। इसके बाद यूकडा ने संबंधित हेली कंपनी केस्ट्रल पर रोक लगा दी है।

साय सरकार का ऐलान, 12 मार्च को किसानों के खातों में आएंगे 13 हजार करोड़ रुपए

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों शनिवार को किसानों को लेकर बड़ा ऐलान किया है। प्रदेश के किसानो को धान की अंतर की राशि लगभग 13 हजार करोड़ रुपए आने वाले 12 मार्च को दिए जाने की घोषणा सीएम साय ने की है। इसके साथ ही सीएम ने पत्थलगांव में लिंक कोर्ट शुरू करने की बात कही है। बतादें कि सीएम विष्णुदेव साय आज जशपुर के दौरे पर थे जहां उन्होंने किसानों के साथ-साथ कई बड़ी घोषणा की है। छत्तीसगढ़ के सीएम आज जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम तामामुंडा में स्थित गिरी गोवर्धन धाम के सार्वजनिक सांस्कृतिक मंडप सहित अखिल भारतीय महाकुल समाज लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। जहां सीएम साय ने 12 मार्च को किसानों को धान के अंतर की राशि लगभग 13 हजार करोड़ रुपए का भुगतान करने की बात कही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्थलगांव में लिंक कोर्ट प्रारंभ करने की घोषणा भी की। उन्होंने गिरी गोवर्धन पर्वत के सुगम सीसी मार्ग निर्माण के लिए 32 लाख रुपए, फरसाबहार में सांस्कृतिक मंडप के लिए 10 लाख रुपए, शिवमन्दिर से कासाटोली 12 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। सीएम विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे पूरे राजनैतिक जीवन में पहली बार

स्वागत घी से तौल कर किया गया है। इसके लिए मैं पूरे यादव समाज का आभारी हूं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमने ढाई महीने के भीतर छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर ले जाने का कार्य किया है। हमने 18 लाख लाख प्रधान मंत्री आवास स्वीकृत किए। हमने माताओं को महतारी वंदन योजना से आर्थिक रूप से सशक्त करने का प्रयास कर रहे है। इस साल हमने रिकार्ड धान की खरीदी की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 15 दिनों में तेंदुपत्ता की खरीदी समर्थन मूल्य में हो जाएगी। साथ ही तेंदुपत्ता संग्राहको के लिए चरण पादुका एवं बच्चो के लिए छात्रवृत्ति प्रारंभ की जाएगी। हमने मोदी के गारंटी के तहत कार्य करते हुए लोगों के सपने को साकार करने का कार्य कर रहे है।

हिमाचल कांग्रेस में रार बरकरार, सीएम सुक्खू के साथ तीखी बहस के बाद कैबिनेट मीटिंग छोड़ गए 2 मंत्री

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर और सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के लिए संकट अभी खत्म होता नहीं दिख रहा है। शनिवार को सुक्खू कैबिनेट की बैठक के दौरान जबर्दस्त नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला। नीतिगत फैसलों को लेकर 'तीखी बहस' के बाद मंत्री जगत नेगी और रोहित ठाकुर बीच में ही बैठक छोड़कर चले गए।

सूत्रों ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा कथित तौर पर मनाए जाने के बाद शिक्षा मंत्री ठाकुर बैठक में वापस लौट आए। कांग्रेस हिमाचल में अपने 6 विधायकों द्वारा राज्यसभा चुनाव में राज्य की एकमात्र सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को वोट देने के बाद राज्य में उत्पन्न हुए राजनीतिक संकट को दूर करने का प्रयास कर रही है।

राजस्व मंत्री नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में बैठक निर्धारित समय दोपहर 11 बजे के बजाय दोपहर

लगभग 12:30 बजे शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी और कार्यक्रम में जाना था और उन्हें देर हो रही थी, इसलिए वह बैठक बीच में ही छोड़कर चले गए थे।

रोहित ठाकुर ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करने के दौरान कैबिनेट मीटिंग बीच में छोड़कर जाने पर साफ दी। उन्होंने कहा कि वह किसी से मिलने के लिए कुछ देर के लिए बैठक छोड़कर चले गए थे, लेकिन बाद में वापस लौट आए थे। सूत्रों ने हालांकि बताया कि मंत्रियों के जाने से पहले, कुछ नीतिगत निर्णयों पर 'तीखी बहस' हुई थी। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने घटना का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीति समझौतों का खेल है और पार्टी के हित में बेहतर समझ होनी चाहिए।

इससे पहले दिन में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के बागी विधायक राजेंद्र राणा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यशैली से 'घुटन महसूस कर रहे' पार्टी के नौ और विधायक उनके संपर्क में हैं। राणा ने कांग्रेस के पांच अन्य विधायकों के साथ राज्यसभा चुनावों में 'क्रॉस वोटिंग' की थी।

कैबिनेट ने इन कामों को दी मंजूरी

इस बीच, कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आबकारी नीति को मंजूरी दे दी और पशु चिकित्सा अधिकारियों का समर्थन करने के लिए पशुपालन विभाग में 1,000 श्रमिकों को शामिल करने की मंजूरी दे दी।

कैबिनेट ने लोक निर्माण विभाग में जेओए (आईटी) के 30 पद और लोक निर्माण विभाग की वास्तु इकाई में वरिष्ठ 'ड्राफ्ट्समैन' के चार रिक्त पद भरने को भी मंजूरी दी है।

वोट के बदले नोट मामला, सात जजों की संविधान बेंच सोमवार को सुनाएगी फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी। सांसदों और विधायकों द्वारा सदन में वोट देने और मतदान करने के बदले रिश्वत लेने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ सोमवार को अपना फैसला सुनाएगी।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने पांच अक्टूबर, 2023 को इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दलीलों के दौरान केंद्र सरकार ने कहा था कि रिश्वतखोरी कभी छूट का विषय नहीं हो सकती है। संसदीय विशेषाधिकार का मतलब किसी सांसद या विधायक को कानून से ऊपर रखना नहीं है। अटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर जनरल और इस मामले में अदालत की सहायता कर रहे न्याय मित्र पीएस पटवालिया सहित कई वकीलों द्वारा की गई दो दिन की बहस के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया था। सात न्यायाधीशों की पीठ झामुमो रिश्वत मामले में 1998 में शीर्ष अदालत की पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिए गए फैसले पर पुनर्विचार कर रही है। उस फैसले में सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर अभियोजन से छूट दी गई थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले में दलीलें रखते हुए अदालत से संविधान के अनुच्छेद 105 के तहत छूट के पहलू पर नहीं जाने का आग्रह किया था। मेहता ने कहा था कि रिश्वतखोरी का अपराध तब होता है जब रिश्वत दी जाए और कानून निर्माताओं (सांसद-विधायक) द्वारा स्वीकार की जाए। इससे भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत निपटा जा सकता है।

विचार-मंथन

संपादकीय

भावनाओं की राजनीति

कर्नाटक सरकार एक ऐसा कानून लाने जा रही है, जिसके मुताबिक कंपनियों को नोटिस बोर्ड पर प्रमुखता से अपने कन्नडिगा कर्मचारियों की संख्या प्रदर्शित करनी होगी। इस खबर ने कई हलकों में ठीक ही चिंता पैदा की है। प्रस्तावित कानून की गंभीरता तो अपनी जगह है ही, ध्यान देने लायक बात यह भी है कि इसकी जानकारी सबसे पहले विधानसभा में एक और बिल पर चर्चा के दौरान सामने आई। वह बिल जो 15 फरवरी को पारित किया जा चुका है, व्यवसायों के लिए 60 फीसदी साइनबोर्ड कन्नड भाषा में रखना अनिवार्य बनाता है। दूसरी बात यह भी बताई गई है कि सरकार 'कन्नडा कवालू' नाम का एक मोबाइल ऐप लॉन्च करने वाली है, जो नागरिकों के लिए भाषाई भेदभाव की शिकायत करना आसान बनाएगा।इन तमाम कदमों को समग्रता में देखें तो साफ है कि ये भाषाई भावनाओं पर आधारित संकीर्ण राजनीति को बढ़ावा देने वाले हैं। इस तरह की राजनीति किसी पार्टी को खास इलाके में थोड़े समय के लिए लोकप्रियता भले दे दे, लंबे समय में किसी का भला नहीं कर पाती। महाराष्ट्र से लेकर असम तक अतीत के अनुभवों से इसकी पुष्टि होती है। निश्चित रूप से लगभग हर प्रदेश और क्षेत्र में स्थानीय युवाओं की बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है। लेकिन इसका हल क्षेत्र और भाषा के आधार पर स्थानीय भावनाओं को भड़काने में नहीं है, न ही देश के दूसरे हिस्से से आ रहे लोगों के खिलाफ माहौल बनाने में है। बल्कि, इससे बाहर से निवेश और टैलंट आने का सिलसिला बंद होने का खतरा है, जिससे उस राज्य की विकास संभावनाएं ही नहीं, रोजगार के मौके भी प्रभावित हो सकते हैं। यह बात सही है कि हाल के वर्षों में बेरोजगारी के मुद्दे को स्थानीय संदर्भों में देखने की प्रवृत्ति तेज हुई है। कई राज्य सरकारों ने स्थानीय युवाओं के लिए प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में रिजर्वेशन की घोषणा की थी। मिसाल के तौर पर हरियाणा (75 फीसदी), महाराष्ट्र (80 फीसदी तक), आंध्र प्रदेश (75 फीसदी) और मध्य प्रदेश (70 फीसदी) के नाम लिए जा सकते हैं। लेकिन किसी तुलना में जाने से पहले दो बातों पर गौर करने की जरूरत है। पहली तो यह कि स्थानीय आरक्षण से जुड़े इन ज्यादातर मामलों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा चुकी है। ये मामले चल रहे हैं और हो सकता है सुप्रीम कोर्ट इन्हें खारिज कर दे। दूसरी बात यह कि कर्नाटक में मामला स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के मौके मुहैया कराने भर का नहीं लगता। जिस तरह से ये कदम उठाए और प्रचारित किए जा रहे हैं, उससे भाषाई भावनाओं के भड़कने का साफ खतरा है। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार इन खतरों को लेकर सचेत होगी और हालात को उस तरफ नहीं जाने देगी।

आंदोलन और उदारता

किसान आंदोलन के नेताओं के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू न करने का हरियाणा सरकार का फैसला सुखद और स्वागतयोग्य है। यह सर्वविदित है कि ज्यादातर आंदोलनकारी पंजाब से आए हैं और दिल्ली से लगती हरियाणा की सीमा पर जमे हुए हैं। अतः मुख्य रूप से आंदोलनकारियों को अनुशासन में रखने की जिम्मेदारी हरियाणा सरकार पर ही है। जाहिर है, पुलिस प्रशासन परंपरा के अनुरूप कड़ाई के पक्ष में है और हिंसक तत्वों को काबू में करने के लिए कड़े कानूनों का इस्तेमाल चाहता है। अक्सर दलील दी जाती है कि किसी भी तरह की अराजकता या हिंसा को रोकने के लिए ही राष्ट्रीय सुरक्षा कानून जैसे कड़े प्रावधान संविधान में किए गए हैं, अतः इनके इस्तेमाल में कोई बुराई नहीं है। हालांकि, प्रशासन को यह एहसास होना चाहिए कि अब पहले का दौर नहीं है। संसाधनों से मजबूत किसानों पर ज्यादा कड़ाई से समाधान को कदापि बल नहीं मिलेगा। अतः राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को फिलहाल हाशिये पर करना यथोचित फैसला है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने अगर किसानों के दर्द को समझते हुए यह फैसला लिया है, तो उनकी प्रशंसा होनी चाहिए। इस फैसले से हरियाणा सरकार का नैतिक बल बढ़ेगा और समाधान की दिशा में पहल करने के लिए वह ज्यादा सक्षम होगी। गौर करने की बात है कि किसान आंदोलन में अब तक करीब पांच किसानों की मौत हुई है और ऐसी स्थिति में भी किसान नेताओं पर सख्ती बरतने का फैसला प्रशंसनीय नहीं था। खैर, पुलिस प्रशासन के स्तर पर गुरुवार की तल्खी शुक्रवार को नरम पड़ गई। अब अधिकारियों ने कहा है कि हरियाणा पुलिस प्रदर्शनकारियों और उनके नेताओं से शांति बनाए रखने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील करती है। यह जरूरी अपील है।

यूक्रेन में दो साल से युद्ध देखती दुनिया

(विवेक काटजू, पूर्व राजदूत)

यूक्रेन-रूस युद्ध को दो साल पूरे हो रहे हैं। 24 फरवरी, 2022 को रूस की सेना यूक्रेन में दाखिल हुई थी और राजधानी कीव की ओर उसने कूच करना शुरू किया था। मॉस्को को उम्मीद थी कि उसकी सेना यूक्रेन के अधिकाधिक हिस्से पर तेजी से कब्जा जमा लेगी, और अगर कीव तक वह न भी पहुंच सकी, तो यूक्रेन पर जरूर दबाव बना देगी। उसका यह भी मानना था कि रूसी सेना को देखकर कीव की जनता घबरा जाएगी, जिसके कारण जेलेंस्की सरकार का तख्ता-पलट होगा और रूस-समर्थक सत्ता यूक्रेन पर आसीन हो जाएगी। मगर रूस अपने मकसद में सफल नहीं हो सका, जिसके कई कारण रहे। मॉस्को की उम्मीद के विपरीत यूक्रेन की जनता रूसी हमले के खिलाफ उठ खड़ी हुई, और यूक्रेन की सेना ने भी हिम्मत व जोश के साथ रूसी फौज का मुकाबला किया। इसके साथ-साथ अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देश रूसी हमले के खिलाफ मुखर हो गए। यूरोप के मुख्य देशों ने खुलेआम कहा कि रूस की कार्रवाई से यूरोप की सामरिक स्थिति बदल गई है, इसलिए उन्होंने यूक्रेन को राजनीतिक मदद के साथ-साथ आर्थिक व सैन्य सहायता देनी शुरू कर दी। कुछ यूरोपीय इतिहासकारों और विश्लेषकों का मानना है कि रूस का आक्रमण शीत-युद्ध का आखिरी अध्याय है। उल्लेखनीय है, शीत-युद्ध के अंतिम वर्षों में तत्कालीन सोवियत संघ को पश्चिम, विशेषकर कुछ अमेरिकी नेताओं ने आश्वस्त किया था कि जर्मनी के एकीकरण की वजह से सोवियत संघ कभी सामरिक दबाव में नहीं आएगा। सोवियत नेतृत्व ने इस आश्वासन का यह अर्थ निकाला कि नाटो का विस्तार नहीं किया जाएगा और मध्य यूरोप के देश, जो सोवियत संघ के जमाने में वारसा संधि (नाटो के जवाब में सोवियत संघ के नेतृत्व में पूर्वी यूरोप के देशों के गठबंधन द्वारा की गई संधि) के सदस्य थे, नाटो में शामिल नहीं किए जाएंगे। मगर ऐसा नहीं हुआ। 1991 में सोवियत संघ का पतन हुआ और आखिरी तीन दशकों में रूस इसका उत्तराधिकारी देश बना। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिम पर इल्जाम लगाया कि रूस द्वारा बार-बार दी गई चेतावनियों के बावजूद नाटो का पांच बार विस्तार हुआ और जो आश्वासन सोवियत नेतृत्व को दिए गए थे, उसको बार-बार नजरंदाज किया गया, जिससे रूस की सामरिक स्थिति पर दबाव पड़ा है। मॉस्को की नाराजगी उस वक्त विशेष तौर पर दिखी, जब यूक्रेन से रूस समर्थक सरकार की विदाई हुई और एक 'स्वतंत्र सरकार' का गठन हुआ। इसके बाद ही व्लादिमीर पुतिन ने एक लाल रेखा खींची और स्पष्ट कहा कि रूस कभी भी यूक्रेन को न नाटो और न यूरोपीय संघ में शामिल होते देख सकता है। फिर भी, यूक्रेन के नेतृत्व और पश्चिम के बड़े देशों से ये आवाजें उठने लगीं कि यूक्रेन एक संप्रभुता संपन्न देश है और अपनी सामरिक सुरक्षा के लिए वह हर कदम स्वेच्छापूर्वक उठा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में यह कहा जा सकता है कि रूस को युद्ध के लिए उकसाया गया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में वीटो का अधिकार रखने वाले किसी स्थायी सदस्य द्वारा युद्ध की शुरुआत करना किसी भी सूरत में वाजिब नहीं था। विश्व में शांति व सुरक्षा कायम रखना ही सुरक्षा परिषद् का पहला कर्तव्य है, जबकि रूस ने खुद दुनिया की शांति में सेंध लगा दी। बहरहाल, पिछले दो वर्षों की इस जंग में रूस का यूक्रेन पर दबाव बनाने का मकसद पूरा नहीं हो सका है। हां, रूस से सटे यूक्रेन के पूर्वी हिस्से और दक्षिण के कुछ इलाकों में उसने खुद को मजबूत जरूर बना लिया है। पिछले साल यूक्रेन ने बहुत जोर-शोर से पलटवार करना शुरू किया था, लेकिन उसे कोई खास सफलता नहीं मिल सकी है। अब तो यूक्रेनी फौज का मनोबल भी कुछ ढीला पड़ता दिखने लगा है। यह माना जाने लगा है कि दोनों देशों के बीच में जो नई सीमा बन गई है, उसमें अब शायद ही कोई बदलाव हो सकता है, जब तक कि कुछ अप्रत्याशित घटना नहीं हो जाती। नाटो और यूरोपीय संघ के सदस्य देश बेशक रूस को वापस लौट जाने की सार्वजनिक मांग कर रहे हैं और मॉस्को से भिड़ने के लिए कीव को आर्थिक व सैन्य मदद दे रहे हैं, लेकिन खुद अमेरिका की स्थिति बिगड़ती दिख रही है। वहां मौजूदा बाइडन सरकार का रुख यूक्रेन के प्रति जरूर नरम है, लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों की इच्छाशक्ति वहां की संसद में जाहिर होने लगी है। इस साल वहां चुनाव भी होने वाले हैं, और लगता यही है कि जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप ही आमने-सामने होंगे। यदि कानूनी रूप से ट्रंप चुनाव प्रक्रिया से बाहर नहीं हुए, तो मुमकिन है कि वह फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति बनेंगे और उनकी यूक्रेन के प्रति उदासीनता जगजाहिर है। इस युद्ध के शुरू होने से पूरी दुनिया में ऊर्जा और खाद्यान्न की स्थिति पर बुरा असर पड़ा, लेकिन पिछले साल के अंतिम महीनों में ऐसी व्यवस्था कर ली गई, जिससे वैश्विक स्थिति संभल गई। इसका एक और बड़ा असर यह हुआ कि रूस पर अमेरिकी और यूरोपीय प्रतिबंधों के कारण मॉस्को व बीजिंग में नजदीकी बढ़ गई। हालांकि, इस दोस्ती का चीन ने फायदा तो उठाया, लेकिन रूस की सहायता करते हुए भी उसने पश्चिम द्वारा खींची गई लाल रेखा का उल्लंघन नहीं किया। यह जंग हमारे लिए भी एक बड़ी चुनौती बनकर आई थी। हालांकि, मोदी सरकार ने सबसे पहले यूक्रेन से अपने नागरिकों, खासकर वहां पढ़ रहे छात्रों को बाहर निकालकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसके बाद, अमेरिकी चेतावनियों के बावजूद उसने रूस से न सिर्फ अपने ऊर्जा संबंध बनाए रखे, बल्कि इसे आगे भी बढ़ाया। इतना ही नहीं, रूस के साथ अपने सामरिक व रक्षा संबंध को भी हमारी सरकार ने कमजोर नहीं होने दिया। इसका हमें लाभ मिला है। इस दूरदर्शिता के कारण भारत सरकार ने रक्षा-आपूर्ति के अन्य स्रोतों को ढूंढ़ने की प्रक्रिया भी तेज कर दी है, जिसके प्रयास काफी पहले से किए जा रहे थे। अभी तो इस जंग का कोई छोर नहीं दिख रहा है। रूस कब्जा जमाए यूक्रेन के कुछ हिस्सों को वापस लौटाने के लिए तैयार नहीं है। इस तरह यहां 'फ्रोजन क्फ्लललकट' जैसी परिस्थिति बन गई है, यानी आने वाले दिनों में बेशक यहां गोलियां चलनी बंद हो जाएं, लेकिन तनातनी बदस्तूर कायम रहेगी। इन सबसे यूरोप और पूरी दुनिया की सामरिक व आर्थिक परिस्थितियों पर स्वाभाविक ही प्रभाव पड़ रहा है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

> *मॉस्को की नाराजगी उस वक्त विशेष तौर पर दिखी, जब यूक्रेन से रूस समर्थक सरकार की विदाई हुई और एक 'स्वतंत्र सरकार' का गठन हुआ। इसके बाद ही व्लादिमीर पुतिन ने एक लाल रेखा खींची और स्पष्ट कहा कि रूस कभी भी यूक्रेन को न नाटो और न यूरोपीय संघ में शामिल होते देख सकता है। फिर भी, यूक्रेन के नेतृत्व और पश्चिम के बड़े देशों से ये आवाजें उठने लगीं कि यूक्रेन एक संप्रभुता संपन्न देश है*

संदेशखाली का संदेश समझिए

(शशि शेखर)

कल तक गुमनामी के अंधेरे में गुम पश्चिम बंगाल का गांव संदेशखाली इस समय देश-दुनिया में सुर्खियां बटोर रहा है। वहां जो हुआ, बुरा हुआ, लेकिन यह सिर्फ अपराध और दंड का मामला नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने सफलतापूर्वक इसे देश के दो सबसे बड़े धर्मों के बीच का मामला बनाते हुए अपने चुनावी अभियान की आधारशिला रख दी है। भगवा दल हर चुनाव से पहले ऐसे कुछ मुद्दे रोशनी में लाने में कामयाब रहता है, जो उसके लिए लाभकारी साबित होते हैं। कभी कांग्रेस और ममता बनर्जी को इसमें महारत हासिल थी। बात पश्चिम बंगाल की है, इसलिए पहले ममता बनर्जी की चर्चा। आपको याद होगा कि सन् 2007 में रतन टाटा नैनो कार की फैक्टरी वहां लगाना चाहते थे। उनका सपना था कि देश का आम आदमी भी कार में चले, इसीलिए उस कार की कीमत एक लाख रुपये रखी गई थी। कभी संजय गांधी ने भी इसी सपने के साथ मारुति की बुनियाद रखी थी। न संजय इसमें सफल रहे और न रतन टाटा। अगर कोई कामयाब हुआ, तो वह थीं ममता बनर्जी। ममता ने उन दिनों 'मां, माटी और मानुस' के नारे के साथ आंदोलन छेड़ दिया था। वह आंदोलन शुरुआत से इतना उग्र रहा कि रतन टाटा के पैर उखड़ गए। नरेंद्र मोदी उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। उन्होंने आनन-फानन में सभी सुविधाएं मुहैया करा नैनो की फैक्टरी साणंद में स्थानांतरित करवा वाहवाही लूट ली थी। तब कौन जानता था कि यही तेजी महज छह साल में उन्हें देश का प्रधानमंत्री बना देगी? हालांकि, इसका तात्कालिक लाभ तृणमूल कांग्रेस को मिला था। ममता बनर्जी वाम दलों की 34 साल पुरानी सरकार को उखाड़ने में कामयाब रही थीं। जिन वंचित, शोषित और सर्वहारा के नाम पर वाम दल वहां हुकूमत कर रहे थे, उन्हीं लोगों ने उन्हें उखाड़ फेंका। बुद्धदेव भट्टाचार्य को सोवियत संघ के मिखाइल गोर्बाचेव की तरह अपनी पार्टी के पतन का गुनहगार बनने पर मजबूर होना पड़ा। तब से अब तक ममता बनर्जी राइटर्स बिल्डिंग पर काबिज हैं। मुद्दों को पहचानकर उन्हें जनप्रिय नारों में तब्दील करने की यह अदा मूलतः कांग्रेस की उपज थी। सन् 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी ने उड़ीसा (अब ओडिशा) के कालाहांडी से नारा दिया था- 'वे कहते हैं इंदिरा हटाओ, मैं कहती हूं गरीबी हटाओ।' कालाहांडी उन दिनों भुखमरी और दरिद्रता का स्मारक हुआ करता था। नतीजतन, यह प्रतीक और नारा, दोनों कामयाब रहे। इंदिरा गांधी को उस चुनाव में लोकसभा की 352 सीटें हासिल हुई थीं। याद रहे, उन दिनों का विपक्ष आज की तरह विश्वसनीयता के संकट से नहीं जूझ रहा था। कामराज, जेपी, राममनोहर लोहिया, मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दिग्गज इंदिरा गांधी के मुकाबिल थे। वे लड़ना जानते थे, पर इंदिरा गांधी की शख्सियत, समय को पहचानने की क्षमता और उसके अनुरूप समर-नीति बनाने के सामर्थ्य के समक्ष वे बेबस साबित हुए। यह बात अलग है कि इंदिरा गांधी बाद में रास्ता भटक गईं और उन्हें आपातकाल लागू करना पड़ा। उनके विरुद्ध जयप्रकाश नारायण ने जब संपूर्ण-क्रांति का आह्वान किया, तो एक और नारा उठा, 'इंदिरा हटाओ, देश बचाओ'। जनता पहले से गम और गुस्से में थी। इन शब्दों में उसे अपनी भावना की झलक मिली और इंदिरा गांधी सत्ता-बदर हो गईं। सत्ता पाने के बाद संपूर्ण-क्रांति के कर्णधार आपस में लड़ पड़े और उनका शीराजा भी दो साल में बिखर गया। भारतीय विपक्ष का मौजूदा संकट उन्हीं दिनों की देन है। अगले चुनाव 1980 में हुए।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5299

1		8			6	4		
		6		9		8		7
5								
2	6	9	5				8	
			4		9			
	8				2	7	9	1
								5
6		4		7		2		
		1	2			9		3

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5298

8	3	6	9	5	7	1	2	4
2	7	1	3	8	4	9	6	5
5	9	4	1	2	6	8	7	3
3	2	7	4	6	1	5	9	8
9	1	8	5	7	3	6	4	2
6	4	5	2	9	8	7	3	1
7	6	2	8	4	5	3	1	9
1	8	9	7	3	2	4	5	6
4	5	3	6	1	9	2	8	7

आज का राशिफल

मेष

आज का दिन परेशानी और समस्या वाला रहेगा और आज आपको अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी से विवाद हो सकते हैं। शाम के वक्त आपको सामाजिक संबंधों से लाभ होगा। नई योजना की तरफ ध्यान दें, अचानक लाभ हो सकता है। परिवार में सभी के साथ मेलजोल बढ़ेगा।

वृष

आज आर्थिक लाभ होगा और आपके धन कोष में वृद्धि होगी। आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं का हल करने में व्यतीत होगा। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु मौसम परिवर्तन का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

मिथुन

आज लाभ का दिन है और आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपने काम पर फोकस करें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपने सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे।

तुला

आज आर्थिक लाभ होगा। आज नौकरी और कारोबार में आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आज आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं और नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा बड़ा नहीं होता, आप मेहनत करके हर काम में सफलता पा सकते हैं। रात्रि का समय मित्रों, परिजनों के साथ खुशी में बीतेगा।

वृश्चिक

आज आर्थिक लाभ होगा और धन सम्मान के मामले में सफलता मिलेगी। स्वजनों से सुख मिलेगा और पारिवारिक कार्यों में आपकी भागीदारी बढ़ेगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं।

धनु

आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपको शत्रुओं से दूर रहने की सलाह है। विवाद से बचने का प्रयास करें। बिना वजह की चिंताओं से आज मन परेशान होगा। नई उपलब्धियों से आपको लाभ होगा और आपको कड़ी मेहनत करने पर सफलता मिलेगी। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें।

कर्क

आज का दिन परेशानी और समस्या वाला हो सकता है। आज ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी के साथ आपकी अनबन होने से नुकसान हो सकता है। आज का दिन मिश्रित फलकारक है और बेहतर होगा कि आप अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। नएं संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ लंबी यात्रा पर जा सकते हैं।

सिंह

आज लाभ होगा और आज आपको ग्रोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध में किसी प्रकार की अस्थिरता से आपको परेशानी हो सकती है। काम करने में मन नहीं लगेगा। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है। सांसारिक सुख भोग और घर गृहस्थी के उपयोग की वस्तुएं खरीदी जा सकती हैं।

कन्या

आज लाभ का दिन है और आज आपके पद व अधिकार में वृद्धि होगी। समस्याओं का अंत होगा और मानसिक रूप से अशांति दूर होगी। कहीं दूर यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। ऑफिस के काम में आपका मन कम लगेगा। कारोबार के मामले में लाभ होगा।

मकर

आज लाभ होगा और आज आपको किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत रुका हुआ धन लाभ मिलेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और हर कार्य में सफलता मिलेगी। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ मिलेगा। नए संपर्क से सितारा बुलंद होगा।

कुंभ

आज दिन परेशानियों वाला हो सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। दांपत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्द्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा। आपको आज पुण्य कर्मों का लाभ होगा। धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

मीन

आज सम्मान प्राप्त होगा और आपके मन में कुछ कर दिखाने की उधेड़बुन होगी। अधिकारी वर्ग के लोगों से आपकी अच्छी साठ-गांठ रहेगी और आपको लाभ होगा। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ होगा। निराशाजनक विचारों से बचें। संतान पक्ष से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है।

वर्ग पहेली 5299

1	2	3	■	■	4	5	6
7			8	■	9		
	■	■	10	11		■	
	■	12			■	13	
14	15	■	16		17	■	
■	18	19	■	■	20	21	■
22			■	23			
24		■	25				■

संकेत: बाएं से दाएं

1. सरकार समर्थित परिवर निगोजन का आरंभ करने वाला पहला देश यह है (3)
4. 10 दिसंबर 1868 को दुनिया की पहली ट्रेफिक लाइट यहां के ब्रिटिश हाउस ऑफ पालियामेंट के सामने सड़क पर लगाई गई थी (3)
7. प्रदर्शनी, मेला बाजार (4)
9. खुशबू, सुगंध, महक (3)
10. दंड देना, सजा देना (3)
12. जिसका कोई अंत न हो, असीम, अक्षय (3)
13. सुंदर व कोमल बिछौना व बिस्तर, शय्या (2)
14. एक श्लोक का चतुर्थांश, ओहदा (2)
16. असुर, माता (3)
18. सफर, ट्रिप, ट्रेवल (2)
20. जंगल, अरण्य, कानन (2)
22. गृह, आवासिता, अधिवास, निवास स्थान (3)
23. नटखट कृत्य, ऊधम, उत्पात (4)
24. तड़क-भड़क, ठाट-बाट (2)
25. गाजर की तहर एक प्रकार का कंद, शिखामूल (4)

ऊपर से नीचे

1. रावण का पूर्व जन्म में यह नाम था (5)
2. पार्वती, लक्ष्मी (2)
3. छिछली, कड़ाही, को यह भी कहते है (2)
4. लांगल, अंकुड़ा, आहार वितरण (3)
5. एक बार में फूंक लगने का समय, कश (2)
6. दीवार आदि में छेद करके चोरी करने वाला (5)
8. विद्रोह जनक को पुरोहित का नाम (4)
11. फतह हासिल करना (3)
15. यह दक्षिण भारतीय फिल्म नायकन की हिंदी रीमेक फिल्म थी नायक थे विनोद खन्ना, दयालु (4)
17. राजपुत्र, राजकुंवर (4)
19. दुख, आंतकानुभूति, मनोघात (2)
21. कोमल, नाजुक, मृदुल (3)
22. उम्मीद, शुभ संभावना (2)
23. भाला, शूल (3)

वर्ग पहेली 5298 का हल

मो	रा	र	जी	दे	सा	ई	■
ती	ज	■	त	व	■	शा	ना
ला	न	त	■	दा	मि	नी	■
ल	■	र	■	स	ल	■	द
ने	क	ना	मी	■	न	सी	ब
ह	ल	■	जा	■	सा	ल	ना
रू	प	मा	न	■	र	न	■
■	ना	ल	■	पा	■	■	■

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

घाघरा से अयोध्या के लिए साइकिल से युवा रवाना

गुमलाघाघरा, एजेंसी। राउरकेला से अयोध्या के लिए साइकिल यात्रा पर निकले छह युवाओं को घाघरा के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जूस पिलाकर स्वागत किया। अयोध्या यात्रा में राउरकेला से साइकिल में सवार होकर निकले युवक कुशल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, कुणाल कुमार, बिशन सिंह, अंकुश आहूजा एवं अभिषेक बंसल शामिल हैं। इनका स्वागत सामाजिक कार्यकर्ता नीरज जायसवाल, अमित सिंह, रविन्द्र साहू, पवन जायसवाल, सुधीर जायसवाल सहित अन्य लोगों ने घाघरा चांदनी चौक में भव्य स्वागत किया। मौके पर साईकिल से अयोध्या यात्रा पर निकले युवाओं को जूस भी पिलाया गया। छह सदस्यी साइकिल यात्रियों ने बताया कि सात मार्च को अयोध्या पहुंचकर भगवान रामलाल का दर्शन करेंगे।

चैनपुर में ईसाई धर्म प्रचारक को उसके पद से हटाया

गुमला, एजेंसी। ईसाई धर्म प्रचारक को उसके पद से हटाने को लेकर रविवार को गिरजा समिति की बैठक आयोजित हुई। गिरजा समिति के अध्यक्ष सैमुअल खलखो के अध्यक्षता में नगर यूनिट गिरजा परिसर में सेक्ड़ो कैथोलिक महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। बैठक में प्रचारक प्रमोद खलखो के संबंध में विचार विमर्श किया गया और सर्व सहमति से उसे धर्म प्रचारक पद से हटाने का निर्णय लिया गया। प्रमोद खलखो को प्रचारक के पद से हटाने का मुख्य कारण राजनीतिक जनप्रतिनिधि व आजसू पार्टी का समर्थन करना है। प्रमोद वर्तमान में चैनपुर प्रखंड के उप प्रमुख भी हैं। वह हमेशा राजनीतिक कार्यक्रम को पहली प्राथमिकता देते है, और गिरजा में विनती प्रार्थना कराने के लिए समय नहीं देते थे। उन पर दान व चंदा के आय व्यय का रिपोर्ट भी नहीं देने का आरोप बैठक में लगाया गया है।

मुरकुंडा में आयोजित महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

गुमला, एजेंसी। मुरकुंडा में आयोजित नौ दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ के तीसरे दिन विधि-विधान के बीच पाठ, हवन-आरती का अनुष्ठान अर्पित किया गया। पीतांबरा जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया। कथावाचिका आशिता किशोरी ने रामजन्म पर कथा वाची। शुक्रवार की शनिवार की शाम शिव बारात व रामलीला के मंचन में श्रद्धालु भक्त भक्ति सागर में सरोबोर रहे। शनिवार को भी रोजाना की तरह भंडारे में प्रसाद ग्रहण के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ा। कल्याण बाबा द्वारा सहस्त्र चंडी महायज्ञ, पीतांबर महाराज के श्रीमद् भागवत व असिता किशोरी द्वारा मानस कथा में सनातनी विश्वासी विभोर दिखे। महायज्ञ आयोजन समिति के विजय चौधरी, शिवदयाल साहु, दीपक चौधरी, बजरंग साहु, मुकेश साहु, गुप्तेश्वर पांडे, उमेश चौधरी, संतोष पुरी, अजय साहु, सूरज चौधरी, रामधन सिंह, शंकर हजाम सहित अन्य सक्रीय दिखें।

बीबीएमकेयू परीक्षा बोर्ड ने दी बीएड सेमे. टू रिजल्ट को मंजूरी

धनबाद, एजेंसी। बीबीएमकेयू के परीक्षा विभाग ने शुक्रवार को बीएड सेमेस्टर टू वर्ष 2022-24 व ओल्ड सेशन परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर मुहर लगा दी है। कुलपति प्रो. पवन कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में परीक्षा बोर्ड की बैठक हुई। इसमें धनबाद-बोकारो के 26 बीएड छात्रों का रिजल्ट रखा गया। 3360 कुल छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 2858 पास व 387 प्रमोटेड व 115 फेल हुए। बोर्ड की बैठक में पीएचडी कोर्स की द्वितीय परीक्षा जल्द लेने की सहमति बनी। सत्र 2015 से लेकर वर्ष 2022 तक के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं की जेनरिक द्वितीय विषय की परीक्षा जल्द ली जाएगी। जेनरिक विशेष परीक्षा की री शिड्यूलिंग पर भी विचार किया गया। बैठक में रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी, प्रॉक्टर डॉ अजीत कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुमन कुमार वर्णवाल, परीक्षा ओएसडी समेत अन्य डीन व सदस्य मौजूद थे।

चोरी का फरार आरोपी 16 साल बाद धराया

गुमला, एजेंसी। सदर थाना में दर्ज चोरी मामले के आरोपी टिंकू भुईया उर्फ टिंकू जायसवाल जो 16 सालो से फरार चल रहा था। उसे शुक्रवार को गुमला थाना ने टावर चौक के पंजाबी गली गुमला के समीप से धर दबोचा। आरोपी को थाना लाने के बाद शुक्रवार देर शाम जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार गुमला थाना में 2008 मे दर्ज चोरी मामले मे टिंकू भुईया उर्फ टिंकू जायसवाल के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसके बाद से ही वह पुलिस से फरार चल रहा था।

अनुभव के आधार पर भाजपा का उम्मीदवार, झारखंड में इन चेहरों पर लगाया दांव; जातीय समीकरण का पूरा ख्याल

रांची, एजेंसी। भाजपा ने झारखंड में लोकसभा की 14 में से 11 सीटों पर शनिवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दो सांसदों के टिकट कटे हैं। लोहरदगा से सांसद सुदर्शन भगत और हजारीबाग से जयंत सिन्हा को मौका नहीं मिला है। एसटी आरक्षित सीट लोहरदगा से राज्यसभा सांसद और अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव को टिकट दिया गया है।

दूसरी ओर विधायक मनीष जायसवाल को संसदीय क्षेत्र हजारीबाग से चुनावी रणक्षेत्र में उतारने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा भाजपा की पहली सूची में झारखंड में ज्यादा फेरबदल नहीं किया गया है। शेष बची दो सीटों पर निर्णय अगले चरण में होगा। गिरिडीह एनडीए गठबंधन के तहत आजसू पार्टी में जाएगा।

कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुई गीता कोड़ा को भाजपा ने सिंहभूम से अपना उम्मीदवार बनाया है। राजमहल से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को चुनाव में प्रत्याशी घोषित किया गया है। उन्होंने पार्टी छोड़ी थी और ढाई साल बाहर रहे। उन्होंने बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में मई 2022 में भाजपा में वापसी की और अब उन्हें टिकट भी दिया गया है।

पिछली बार राजमहल सीट पर भाजपा ने हेमलाल मुर्मू को मौका दिया था, लेकिन वे झामुमो के विजय हांसदा से हार गए थे। बाद में हेमलाल झामुमो में शामिल हो गए। एनडीए गठबंधन के तहत गिरिडीह सीट आजसू के हिस्से में जाएगी। धनबाद व चतरा सीट की घोषणा बाद में होगी।

हाल में हुए उपचुनावों में एनडीए का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। ऐसे में कई राजनीतिक विश्लेषक उम्मीद जता रहे थे कि कई सीटों पर भाजपा अपने प्रत्याशियों में फेरबदल करेगी। जिन सांसदों के टिकट संदेह के घेरे में थे उसमें पलामू से वीडी राम, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो, हजारीबाग से जयंत सिन्हा और लोहरदगा से सुदर्शन भगत का नाम था। लेकिन अंतत केवल सुदर्शन भगत और जयंत सिन्हा का टिकट काटा गया है।

उम्मीदवारों की सूची जारी करने में पूर्व की भांति ही जाति और समुदाय के प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा गया दिखता है। भाजपा की ओर से जारी सूची के साथ धनबाद के प्रधानमंत्री के भाषण पर गौर करें तो संसदीय चुनाव के लिए झारखंड के परिपेक्ष्य में पार्टी का आत्मविश्वास दिखता है। प्रधानमंत्री के भाषण से यह भी निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि भाजपा इस बार के चुनाव में झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन के विरुद्ध भ्रष्टाचार को एक बड़ा मुद्दा बनाएगी।

शुरुआती दौर में गठबंधन पर बढ़त

महागठबंधन के बीच सीटों का बंटवारा अभी तय नहीं हो पाया है। राज्य में महागठबंधन में बड़े भाई की भूमिका निभाने वाला झामुमो निश्चित रूप से कांग्रेस के सामने ज्यादा सीटों की मांग रख रहा है। वामदलों के गठबंधन में शामिल होने से कोडरमा और हजारीबाग के सीट पर क्रमश सीपीआई माले एवं सीपीआई की ओर से दावेदारी की जा रही है। ऐसा में सियासी जानकारों की मानें तो चुनावी समर में प्रत्याशियों का नाम समय पर घोषित कर भाजपा ने फिलहाल महागठबंधन के सामने बढ़त बना ली है। यह बढ़त वास्तविक जीत में बदल पाती है या नहीं यह देखना होगा। फिलहाल मोदी की गारंटी, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के लहर पर सवार भाजपा निश्चित रूप से आत्मविश्वास से भरी दिख रही है। वहीं दूसरी ओर महागठबंधन अपने नेता के जेल में होने अनिर्णय की स्थिति में दिख रही है।

धनबाद-चतरा में जातीय समीकरण को ले मशक्कत

भाजपा की पहली सूची में दो सीटों चतरा और धनबाद पर उम्मीदवारों की घोषणा अगले चरण में होगी। एनडीए गठबंधन के तहत गिरिडीह सीट आजसू पार्टी के हिस्से जाएगी। धनबाद सीट से फिलहाल पीएन सिंह सांसद है, चतरा से सुनील सिंह वहीं गिरिडीह सीट सहयोगी आजूस के खाते में है, जहां से चंद्रप्रकाश चौधरी सांसद हैं।

ओबीसी पर नजर, सोशल इंजीनियरिंग पर ध्यान

भाजपा ने हजारीबाग, जमशेदपुर, कोडरमा और रांची की सामान्य सीट पर ओबीसी समाज के प्रत्याशी को उतारा है। गोड्डा से निशिकांत दुबे ब्राह्मण समाज से हैं। अन्य सीटें सुरक्षित श्रेणी की हैं। वैश्य समाज से मनीष जायसवाल, महतो (कुड़मी) समाज से विद्युत वरण महतो और यादव समाज से अन्नपूर्णा देवी को टिकट देकर पार्टी ने ओबीसी समाज को साधने की भी भरपूर कोशिश की है। चतरा और धनबाद दोनों ही सीट भाजपा के पास है। चतरा से सुनील सिंह और धनबाद से पीएन सिंह दोनों राजपूत समुदाय से आते हैं। इन दोनों सीटों पर एक ही समुदाय के प्रत्याशी देने से पार्टी बचने का प्रयास कर रही है। कहा जा रहा है कि दोनों सीटों पर भाजपा में जातीय समीकरण को लेकर मशक्कत जारी है।

रास चुनाव को लेकर भी गणित तेज

झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों पर 21 मार्च को चुनाव होंगे। राज्यसभा सांसद समीर उरांव को लोकसभा का टिकट दिए जाने के बाद स्पष्ट हो गया है कि भाजपा किसी अन्य को राज्यसभा चुनाव में उतारेगी। कई नामों की चर्चा हो रही है। पूर्व मेयर आशा लकड़ा के बाद अब टिकट कटने के बाद सुदर्शन भगत का नाम भी उभर रहा है। जयंत सिन्हा ने प्रत्याशियों की घोषणा से पहले ही खुद को राजनीति से दूर करने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी।

झारखंड की इस सीट पर पहली बार बीजेपी ने उतारी महिला उम्मीदवार

चाईबासा, एजेंसी। सिंहभूम सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट से गीता कोड़ा ही लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। शनिवार को भाजपा ने सिंहभूम सीट से अपने प्रत्याशी के तौर पर गीता कोड़ा के नाम की घोषणा कर दी है।

झारखंड प्रदेश भाजपा चुनाव समिति की ओर से सिंहभूम लोकसभा के लिए कांग्रेस से भाजपा में आयी वर्तमान सांसद गीता कोड़ा और चाईबासा विधानसभा सीट से 2015 और 2020 को चुनाव लड़ चुके जेबी तुबिद के नामों को भेजा गया था। प्रदेश समिति द्वारा उपरोक्त दोनों नामों को केंद्रीय समिति के पास भेजने के बाद गीता कोड़ा के नाम पर ही अंतिम सहमति बनी। दो बेटियां व एक बेटा की मां गीता कोड़ा भाजपा से सिंहभूम सीट से चुनाव लड़ने वाली पहली महिला प्रत्याशी हैं। 26 सितंबर 1983 को जन्मी गीता कोड़ा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 2009 में जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से जीत दर्ज कर की थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्हें भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण गिलुवा से हार का सामना करना

पड़ा था। इसी वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में गीता कोड़ा ने जगन्नाथपुर विधानसभा से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। इसके बाद 2019 में गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट से सिंहभूम सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा और भाजपा प्रत्याशी रहे लक्ष्मण गिलुवा को बड़े अंतर से हराकर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायी थी।

2024 का चुनाव अब गीता कोड़ा भाजपा के टिकट से लड़ेंगी। भाजपा की ओर से सिंहभूम लोकसभा से गीता कोड़ा नाम बतौर प्रत्याशी घोषित करने की खबर से पश्चिमी सिंहभूम के भाजपाइयों में हर्ष देखा जा रहा है। खासकर सिंहभूम में पिछले पांच साल में कोई विकास का काम नहीं हुआ।

टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम में निवेश कर रहा है, दूसरे क्षेत्र में भी संभावना तलाश रहे हैं : चंद्रशेखरन

जमशेदपुर, एजेंसी। टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने संस्थापक दिवस पर संस्थापक जेएन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पोस्टल पार्क में शहरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम में निवेश कर रहा है। टाटा स्टील यह संभावना भी तलाश कर रहा है कि यहां अन्य किस क्षेत्र में निवेश किया जा सकता है। ताकि इस शहर के साथ टाटा स्टील का जो लगाव है उसे और मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील का भविष्य काफी अच्छा है। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों को बताया और विश्व स्तर पर हो रही बदलाव में भारत की भूमिका का भी उन्होंने उल्लेख किया। इसके पहले उन्होंने सुबह टाटा मोटर्स में संस्थापक को श्रद्धांजलि दिया। टाटा स्टील में एमडी टीवी नरेंद्रन के साथ उन्होंने जेएन टाटा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एन चंद्रशेखरन ने पोस्टल पार्क से सामाजिक संगठनों द्वारा निकाली गयी झांकियों को झंडा दिखाकर रवाना किया।

रांची में फिर लूट की वारदात, पिस्टल की नोक पर दुकानदार से 1 लाख का जेवर लेकर फरार

रांची, एजेंसी। राजधानी में अपराधी और बदमाश बेखौफ हो चुके हैं। उनमें पुलिस प्रशासन का भय समाप्त हो गया है। यही कारण है कि रांची में लगातार लूट की वारदातों को अंजाम अंजाम दिया जा रहा है। नया मामला सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के हरमू स्थित मधुकम का है। यहां आधुनिक ज्वेलर्स के संचालक श्याम प्रसाद से हथियार के बल पर अपराधियों ने एक लाख रुपए से अधिक के जेवरात लूट लिए। वारदात मंगलवार की रात को उस समय हुई, जब जेवर व्यवसायी प्रतिष्ठान को बंद करके घर जा रहा था। प्रतिष्ठान संचालक श्याम प्रसाद ने सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

शोर सुनकर आसपास रहने वाले लोग जुटे : घटना के बाद उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग भी जुट गए। लेकिन तब तक दोनों अपराधी जेवर लेकर भाग निकले थे। इसके बाद वह सुखदेवनगर थाना पहुंचकर मामला दर्ज

कराया। दर्ज प्राथमिकी के बाद पुलिस ने खोजबीन की। मगर अब तक अपराधियों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

पीछाकर करके स्कूटी रुकवा ली लुटेरों ने

हरमू निवासी श्याम ने पुलिस को बताया कि उनकी दुकान पिस्कामोड़ में है। वह रोज की तरह भतीजा के साथ घर जा रहे थे। मधुकम क्राउन स्कूल के पास स्कूटी से पहुंचे, तभी बाइक सवार दो अपराधियों ने पीछाकर गाड़ी रुकवा ली। अपराधियों ने दोनों पर पिस्टल सटा दी और जेवरात से भरा थैला, दुकान व लॉकर की चाबी को लूट लिया।

इधर, फिर कार का शीशा तोड़ लैपटॉप व कागजात की चोरी

रांची के हेहल निवासी डॉ निर्मल कुमार की कार का शीशा तोड़कर अपराधियों ने उसमें रखे लैपटॉप और कागजातों से भरे बैग को पार कर दिया। इस संबंध में डॉ निर्मल ने पंडरा ओपी में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। डॉ निर्मल ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार की शाम पिस्कामोड़ दूध लाने के लिए गए थे। कार को मोर्या बैंक्वेट हॉल के पास खड़ा कर दिया था। दूध लाने के लिए वह भीतर गली में गए। कुछ देर बाद जब लौटे तो कार का शीशा टूटा पाया। जांच की तांच कार में रखा लैपटॉप व कागजातों से भरा बैग गायब था। अपराधियों ने शीशा तोड़ने के दौरान कार को स्क्रैच भी कर दिया। इसके बाद वह पंडरा ओपी पहुंचे और मामला दर्ज कराया। हालांकि अब तक पुलिस को चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

कोल्हान में 742 क्रशर हो जाएंगे बंद

जमशेदपुर, एजेंसी। कोल्हान में क्रशर प्रोसेसिंग यूनिट पर संकट गहराने लगा है। नए नियम प्रभावी होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। 2022 से अधिकतर क्रशर यूनिट की खनन पट्टों की अवधि समाप्त हो गई है। नए नियम के अनुसार, खनन पट्टा से 5 किमी के दायरे में ही क्रशर का संचालन करने का निर्देश है। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के पहले के लिए गए निर्णय से क्रशर संचालकों की परेशानी बढ़ गई है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शशि मौर्या ने बताया कि बोर्ड के इस नियम के प्रभावी होने से पहले से संचालित अधिकांश क्रशर के बंद होने की आशंका बढ़ जाएगी। कोल्हान में कम से कम 742 क्रशर प्रोसेसिंग यूनिट बंद होने के कगार पर है। माइंस एंड मिनरल उपसमिति के चेयरमैन नितेश शारदा ने कहा कि अधिकांश खनन पट्टों की अवधि समाप्त हो गई है, जिसके चलते इस नियम के प्रभावी होने से अधिकांश क्रशर उद्योग प्रभावित होंगे। उद्योगों के बंद होने की स्थिति में क्रशर व्यवसायियों को वित्तीय नुकसान तो होगा। वहीं, इस उद्योग से जुड़े लाखों लोगों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या भी उत्पन्न हो जाएगी और राजस्व का बड़ा नुकसान होगा।

साथ बैठ कर शराब पी रहे दोस्त ने ही युवक को गला रेत कर मार डाला

धनबाद/झरिया, एजेंसी। झरिया थाना क्षेत्र के भालगोरा में युवक अहमद अंसारी (22 वर्ष) की नृशंस हत्या कर दी गई। हत्यारों ने तेज धारदार हथियार से गला रेतने के बाद युवक के प्राइवेट पार्ट को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। अहमद का शव भालगोरा चार नंबर तारा बागान मैदान की खुली झाड़ी में शनिवार की शाम करीब पांच बजे मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव को देखने के लिए आसपास के काफी संख्या में लोग जुट गए। बाद में शव की पहचान शमशेर नगर इमामबाड़ा निवासी रहमत अली का बड़े पुत्र अहमद अंसारी (22 वर्ष) के रूप में की गई। हत्या से आक्रोशित लोगों ने झरिया-सिंदरी मुख्य सड़क को चार घंटे जाम कर दिया। हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर झरिया थाने का भी घेराव किया। मामले में पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया है।

जानकारी मिली है कि अहमद अपने कुछ दोस्तों के साथ तारा बागान स्थित मैदान में गया था। सभी दोस्तों ने वहीं के रहने वाले संतोष नामक एक शराब विक्रेता से शराब मंगवाई और शराब पीने बैठे थे। इसी दौरान उनमें से ही एक युवक ने धारदार हथियार से अहमद अली का गला रेत दिया। इसके बाद सभी युवक भाग खड़े हुए। गला रेतने के बाद अहमद अली दौड़ते हुए मैदान की तरफ गया और गिर गया। वहीं पर उसकी मौत हो गई।

पुलिस पर भड़के परिजन

अहमद का शव मिलने की सूचना पर उसकी मां के कैशर परवीण, पिता रहमत अली, भाई सहमत, अजमत, बहन नासिर और आफरीन घटनास्थल पहुंचकर रोने लगे और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। मां कैसर परवीन ने हत्या का आरोप वहीं के रहनेवाले अहमद के दोस्त अनवर ढकइया का पुत्र छोटू एवं फजल का पुत्र भोंन्टा उर्फ विक्की पर हत्या का आरोप लगाया। खबर पाकर झरिया पुलिस झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार और बोर्रागढ़ पुलिस ने पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने शव उठने नहीं दिया। लोगों ने करीब चार घंटे तक झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग को तीन जगहों पर जाम कर दिया। झरिया थाना का भी घेराव किया। लोग आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने किसी तरह से लोगों को समझाया बुझाया और छह लोगों को हिरासत में लिया। इसके बाद समझा बुझाकर कर परिजनों को शांत किया। रात करीब नौ बजे शव को पुलिस ने धनबाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है। यहां स्थिति अनियंत्रित देख अतिरिक्त पुलिस बल भी मंगा लिया गया है। सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र कुमार राउत, झरिया सीओ राम सुमन प्रसाद के अलावा काफी संख्या में अधिकारी और पुलिस बल पहुंच गए थे।

मृतक अहमद अंसारी राजस्थान में चूड़ी का काम करते थे। कुछ माह पूर्व ही झरिया आए थे। वहीं अहमद की पत्नी जुलेखा, डेढ़ साल की बेटी के साथ मायके गिरिडीह बेंगाबाद में रहती रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिनों से वह अत्यधिक शराब पी रहा था। आज सुबह से ही कुछ दोस्तों के साथ शराब पीते देखा गया। वही जिस क्षेत्र में हत्या हुई है, उस क्षेत्र में आसपास के भारी संख्या में अवैध रूप से शराब व जुआ अड्डा है। इससे पूर्व भी कई अपराधी घटना भी घट चुकी है। हत्या क्यों हुई है, इसका खुलासा पुलिस जांच से ही हो पाएगा।

सेना भूमि घोटाले में अफसर अली की जमानत पर ईडी से मांगा जवाब, 15 मार्च को होगी सुनवाई

रांची, एजेंसी। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद की अदालत में बरियातू स्थित सेना की जमीन खरीद-बिक्री मामले में आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 15 मार्च को निर्धारित की गई।

प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया उसके खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है। वह पिछले साल 14 अप्रैल से जेल में है।

इसे देखते हुए उसे जमानत प्रदान की जाए। सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व

ईडी कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

बता दें कि झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने ईडी से सवाल किए और जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

इधर, सेना भूमि घोटाला मामले में ही सुप्रीम कोर्ट में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई हुई। इस मामले में भी कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है।

संक्षिप्त समाचार

सस्ती लिपस्टिक लेकर आया पति... पत्नी ने खड़ा किया बखेड़ा, ससुराल छोड़ पहुंच गई मायके

आगरा, एजेंसी। आगरा में पत्नी की पसंद की लिपस्टिक लाने की बजाय पति सस्ती लिपस्टिक लेकर आया तो घर में बखेड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि पत्नी एक महीने से मायके में है। न्याय के लिए पुलिस से गुहार लगाई। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचने पर काउंसलर ने दोनों में समझौता कराया। एत्मादपुर थाना क्षेत्र की एक युवती की शादी दो साल पहले मथुरा निवासी युवक के साथ हुई थी। पति प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। पत्नी का आरोप है कि पति उसकी पसंद का मेकअप का सामान नहीं लेकर आता। हमेशा सस्ता वाला लाता है। सहेलियां उपहास करती हैं, शर्मिंदा होना पड़ता है। पति से अच्छी कंपनी की लिपस्टिक लाने के लिए कहा था लेकिन 20 रुपये वाली ले आया। पिछले एक महीने से वह मायके में है। काउंसलर सतीश खिरवार ने बताया कि शनिवार को दानों पक्षों को काउंसलिंग के लिए बुलाया। पति ने पत्नी की शर्तें मान ली। इससे समझौता हो गया।

युवक ने इंस्टाग्राम पर युवती से की दोस्ती, उत्तराखंड ले जाकर किया दुष्कर्म

बरेली , एजेंसी। बदायूं के युवक ने बरेली की युवती से इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती कर ली। इसके बाद उसे शादी का झांसा देकर प्रेमजाल में फंसा लिया। उसे उत्तराखंड घुमाने ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रेमनगर थाना क्षेत्र निवासी पुलिसकर्मी की बेटी की दोस्ती इंस्टाग्राम पर बदायूं निवासी प्लाईवुड का काम करने वाले जुबैर सैफी से हुई थी। जुबैर युवती को अपने साथ उत्तराखंड घुमाने ले गया। इस दौरान जुबैर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जुबैर ने रुपयों की जरूरत बताकर युवती से सोने के कड़े, झुमके और अंगूठी ले ली। फिर वह शादी की बात टालने लगा। युवती ने जब प्रेमी के परिवारवालों को यह बताया तो जुबैर के पिता सलीम, भाई खुर्रम और बहनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित युवती की तरफ से प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपी फरार हो गए हैं। प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि साक्ष्यों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षिका की संदिग्ध हालत में मौत: घर में फंदे से लटका मिला शव, एक साल पहले किया था प्रेम विवाह

बरेली , एजेंसी। बरेली में निजी स्कूल की शिक्षिका प्रिया गंगवार (28) की उनकी ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने दहेज की खातिर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सीओ और इंस्पेक्टर भी मौके पर पहुंच गए। शव को मोर्चरी में रखवाकर मामले की जांच शुरू कर दी। शनिवार रात नौ बजे बारादरी थाना क्षेत्र की गणेशपुरम कॉलोनी निवासी शिक्षिका का शव उनकी ससुराल में फंदे से लटका मिला। ससुराल वाले उसे उतारकर निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया तो शव घर ले आए। पड़ोस की कॉलोनी अग्रसेननगर से प्रिया के पिता हरीश गंगवार भी मौके पर आ गए। सीओ तृतीय अनीता चौहान भी मौके पर पहुंचीं और दोनों पक्षों व पड़ोसियों से बात की। पड़ोसियों ने बताया कि प्रिया गंगवार और शिवांशु रस्तोगी ने एक साल पहले ही दोनों पक्षों की सहमति से प्रेम विवाह किया था। तब से प्रिया ससुराल में रहती थीं। वह राधा माधव स्कूल में पढ़ाती थीं। ससुराल पक्ष के लोगों का टेलरिंग का काम है।

सास बोली- बदल गया था प्रिया का व्यवहार : प्रिया की सास अंजलि रस्तोगी ने बताया कि शनिवार सुबह ही वह प्रिया को लेकर उसके मायके उसके बदले व्यवहार की शिकायत करने गई थीं। शाम को बहू के साथ ही घर लौट आईं। अचानक प्रिया ने यह कदम क्यों उठा लिया, इस बारे में जानकारी नहीं है। वहीं मायके वालों ने दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव का रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिली तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। प्रेमनगर थाना क्षेत्र की चाहबाई निवासी ज्योति जौहरी (30) पत्नी आदित्य जौहरी शुक्रवार रात घर में ही आग से झुलस गई थीं। शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इससे पहले ज्योति के बयान दर्ज किए गए। बताते हैं कि बयान में ज्योति ने मॉर्टिन क्वाइल जलाने के दौरान पास में पड़ी तेल की शीशी गिरने और उससे आग लगने की बात कही।

मोदी और राम लहर के नाम पर विश्वास से भरी है पार्टी, 51 में 44 मौजूदा सांसदों को दिया टिकट

लखनऊ , एजेंसी। उत्तर प्रदेश में प्रत्याशियों की पहली सूची में भाजपा ने राम लहर और मोदी की गारंटी के बूते आत्मविश्वास से लबरेज होने का संदेश दे दिया है। पार्टी ने 51 प्रत्याशियों में 44 मौजूदा सांसदों को टिकट देकर यह भी संदेश देने की कोशिश की है कि मोदी सरकार के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है।

करीब एक वर्ष पहले भाजपा ने जब लोकसभा चुनाव के लिए पहले दौर का सर्वे शुरू कराया था, तब सर्वे में पार्टी के 30-40 फीसदी मौजूदा सांसदों की रिपोर्ट नकारात्मक आई थी। सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद चुनाव में बड़ी संख्या में सांसदों के टिकट कटने की आशंका जताई जा रही थी। यही नहीं, केंद्रीय नेतृत्व की ओर से कराए गए सर्वे में भी सांसदों की जमीनी रिपोर्ट ज्यादा अच्छी नहीं थी। उसके बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मोदी की गारंटी' का नारा दिया। राशन से लेकर आवास, सड़क से सुरक्षा और रोजगार से इलाज तक मोदी की गारंटी के नाम पर उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को साधने का अभियान शुरू हुआ।

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देश में चली राम लहर चली। उत्तर प्रदेश में तो खासतौर पर भाजपा के पक्ष में माहौल बनना शुरू हुआ। उधर, आरएसएस, भाजपा और संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों ने भी इस लहर को चुनाव तक बनाए रखने की योजना पर काम शुरू किया। पार्टी को तीसरे दौर के सर्वे में मोदी की गारंटी और राम लहर का घर-घर तक आभास हो गया। इसी के बूते पार्टी ने 51 में से 44 मौजूदा सांसदों को प्रत्याशी बनाने और हारी हुई चार सीटों में से तीन पर हारे हुए चेहरों पर ही दांव खेलने का जोखिम उठाया है। पार्टी ने विपक्षी दलों को संदेश देने की कोशिश की है कि विकास और विरासत को सम्मान के दम पर वह यूपी में फिर एक बार बड़ी जीत हासिल करेगी। जानकार बताते हैं कि जिन 44 सांसदों को फिर से टिकट दिया गया है , उनमें मुजफ्फरनगर, चंदौली, कन्नौज जैसी सीटें भी हैं। जहां 2019 में जीत का अंतर 6 से 15 हजार के बीच ही रहा था।

यह भी हैं विश्वास के आधार

भाजपा ने मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का बड़ा वोट बैंक तैयार किया है। पहली सूची में अगड़े, पिछड़े और दलितों की सभी प्रमुख जातियों को प्रतिनिधित्व देकर सामाजिक संतुलन भी बनाया है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव से पहले सुभासपा और रालोद से भी गठबंधन कर लिया है।

बसपा सुप्रीमो मायावती लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं। 2019 में सपा और बसपा के मजबूत गठबंधन के बावजूद भाजपा ने 49.9 फीसदी वोट हासिल कर 80 में से 64 सीटें जीती थी। ऐसे में पार्टी को उम्मीद है कि त्रिकोणीय मुकाबले में वह मौके का फायदा उठा लेगी।

लखीमपुर और गौतमबुद्धनगर से भी बड़ा संदेश

लखीमपुर खीरी से सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की स्थानीय किसान संगठन लगातार खिलाफत कर रहे थे। पार्टी ने तमाम विरोध के बाद टेनी को टिकट देकर स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए जिताऊ और काडर सबसे महत्वपूर्ण है। गौतमबुद्धनगर में मौजूदा सांसद डॉ. महेश शर्मा का गत वर्ष त्यागी समाज ने पुरजोर विरोध किया था। पार्टी ने उन्हें लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनाकर ना केवल क्लीन चिट दी है, बल्कि सरकार और संगठन की ताकत के बूते मुकाबले का भी संदेश दिया है।

थ्री डी मैप दिखाकर आशियाना दिलाने का सपना बेच दिया, केस दर्ज- तलाश में जुटी पुलिस

गोरखपुर , एजेंसी। गोरखपुर में बीसीडी प्रोजेक्ट वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड नाम से तारामंडल में ऑफिस खोलकर जालसाजी का मामला सामने आया है। बेलीपार के तालनदौर में किस्त पर प्लॉट और आशियाना का सपना दिखाकर जालसाजी की गई है। लोगों को झांसे में लेने के लिए जालसाजों ने थ्रीडी मैप भी दिखाया। सभी ग्राहकों से जमीन बुक कराते समय बीस फीसदी जमा कराया गया और बाकी की रकम किस्त में देनी थी।

जमीन, मकान नहीं मिलने के बाद एक साथ 13 लोगों ने सीएम योगी के जनता दर्शन में बीते दिनों शिकायत की थी, जिसके बाद रामगढ़ताल थाने में बुद्ध विहार कॉमर्शियल निवासी अमित कुमार दुबे, अमलेश पांडेय, विशाल राय, शिवरतन मिश्रा उर्फ त्रिलोकी और हौशिला मिश्रा पर केस दर्ज किया गया है।

पीड़ितों ने तहरीर में लिखा है कि 11 अक्तूबर 2017 को कंपनी के कार्यालय में मुलाकात हुई थी। तब खुद को कंपनी का अधिकारी बताने वाला अमित कुमार दूबे, अमलेश पांडेय, विशाल राय ने उन्हें प्रास्पेक्टस दिया। शहर से निकट बेलीपार के ताल नदौर में स्थित आवासीय प्लाट का थ्रीडी मैप दिखाया और बताया कि कंपनी सभी सुविधाओं से संपन्न कॉलोनी का निर्माण कर रही है, आसान किस्तों पर प्लॉट को खरीद सकते है।

प्लॉट खरीदने का शर्त यह है कि जमीन के कुल मूल्य का 50 प्रतिशत भुगतान 12 किस्तों में अदा करना था और रजिस्ट्री करते समय 20 प्रतिशत भुगतान और करके रजिस्ट्री बैनामा कराना था। शेष 30 प्रतिशत धनराशि जरिए चेक छह किस्तों में जमा करना था, जिसे कंपनी एडवांस छह चेक उक्त वर्णित धनराशि का प्राप्त कर लेती और नियत समय पर चेक कंपनी के खाते में कैश हो जाता। जमीन नहीं मिलने पर 11 मार्च 2023 को कार्यालय पर गए तो बंद मिला।

माफिया अतीक के बेटों उमर-अली का बनवाया बी वारंट, शिकंजा कसने की तैयारी

प्रयागराज , एजेंसी। उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद के जेल में बंद बेटों उमर व अली पर भी शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पुलिस ने दोनों का बी वारंट बनवाकर लखनऊ व नैनी जेल में तामील करवा दिया है। अब उन्हें कोर्ट में तलब कराकर रिमांड की अर्जी दी जाएगी।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि अब तक कि विवेचना में पुलिस को उमर व अली के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले हैं जो यह इशारा करते हैं कि इस हत्याकांड की साजिश में वह दोनों भी शामिल थे। मसलन मुख्य शूटर असद हत्याकांड से पहले कई बार लखनऊ जेल में जाकर बड़े भाई उमर व नैनी जेल में जाकर अली से मिला था। नैनी जेल में घटना के अन्य शूटर गुड्डू मुस्लिम, गुलाम व अरमान ने भी जाकर अली से मुलाकात की थी।

जेल भेजे गए शौलत हनीफ ने भी अपने बयान में बताया है कि अली व उमर को इस पूरी साजिश की जानकारी थी। जेल में जाकर मुलाकात करने पर असद को अली व उमर भी प्लानिंग समझाते थे। इन साक्ष्यों के आधार पर ही पुलिस ने दोनों का बी वारंट बनवाया है। साथ ही इसे संबंधित जेलों में तामील भी करवा दिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जल्द ही उन्हें कोर्ट में तलब कराकर रिमांड अर्जी दी जाएगी।

बता दें कि उमर लखनऊ के प्रॉपर्टी डीलर मोहित जायसवाल के अपहरण कांड में लखनऊ जेल में बंद है। जबकि अली हत्या के प्रयास, रंगदारी समेत अन्य मामलों में नैनी जेल में निरुद्ध है। उमेश पाल हत्याकांड में अब तक 10 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं जबकि छह शूटरों समेत सात मिट्टी में मिल चुके हैं। जबकि 11 के खिलाफ विवेचना जारी है। इन्हीं 11 में उमर व अली भी शामिल हैं।

तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए अस्पताल में घुसा, कोई हताहत नहीं

प्रयागराज , एजेंसी। नैनी कोतवाली क्षेत्र के चाका ब्लाक के सामने रविवार की भोर में बड़ा हादसा होते-होते बच गया। प्रयागराज-मध्य प्रदेश हाईवे पर भोर में करीब साढ़े चार बजे तेज रफ्तार एक ट्रक अंसुतलित हो गया। डिवाइडर को तोड़ते हुए ट्रक दूसरी पटरी पर खड़ी कार को रौंदने के बाद अस्पताल में घुस गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना में ट्रक के परखच्चे उड़ गए और अस्पताल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। यह ट्रक प्रयागराज के एक विधायक का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रक सतना से आ रहा था और उस पर गेहूं लदा था।

पूर्व सांसद रेवती रमण तोड़ सकते हैं सपा से नाता, भाजपा में जाने की अटकलें

प्रयागराज , एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश की 80 में से 51 लोकसभा सीट से प्रत्याशियों के नाम की सूची जारी करने के बाद अब सभी निगाहें फूलपुर और इलाहाबाद लोकसभा सीट पर टिकी हुई हैं। इन दोनों ही सीटों पर भाजपा का कब्जा है। इस बीच अब फिर से इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा के वरिष्ठ नेता रेवती रमण सिंह किसी भी दिन पार्टी से नाता तोड़ सकते हैं। उनके भाजपा में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं, कुछ लोगों ने उनके कांग्रेस से संपर्क में होने की बात कही है।

गठबंधन के बाद सपा ने इलाहाबाद लोकसभा सीट कांग्रेस को दे दी गई है। इस सीट से सपा के टिकट पर रेवती रमण सिंह लगातार दो बार सांसद रह चुके हैं। बताया जा रहा है कि वह इस सीट से अपने पुत्र उज्जवल रमण सिंह को टिकट दिए जाने की वकालत कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस के पास यह सीट जाने के बाद उन्हें काफी झटका लगा। इसे लेकर पिछले दिनों ही रेवती ने अपनी नाराजगी

भी जताई। उन्होंने यह भी कह दिया कि अखिलेश किसी की नहीं सुनते। बीते ढाई वर्ष से उनकी अखिलेश से बात भी नहीं हुई।

इलाहाबाद लोकसभा सीट पर 1984 के बाद से कांग्रेस चुनाव नहीं जीत सकी है। इस सीट पर समाजवादियों का वर्चस्व रहा है। रेवती के करीबियों का कहना है कि वह अब सपा से नाता तोड़ सकते हैं। इस बीच खबर यह भी आई है कि रेवती की भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी हो चुकी है। हालांकि, जब रेवती से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी वह सपा में ही हैं। मेरी न कांग्रेस से बात हुई है और न ही भाजपा से। अपने लोगों से बातचीत कर आगे क्या करना है उस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। वहीं, उनके पुत्र उज्ज्वल रमण का कहना है कि अभी हम सपा में ही हैं। कहा कि मेरी अखिलेश यादव से बात होती रहती है।

अब फूलपुर और इलाहाबाद सीट पर टिकी निगाहें: भाजपा द्वारा प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता को एक बार फिर से टिकट दिए जाने के बाद अब इस बात के आसार कम ही हैं कि फूलपुर और प्रतापगढ़ से किसी वैश्य उम्मीदवार को टिकट मिले। फूलपुर सीट से वर्तमान में सांसद केशरी देवी पटेल हैं।

ऐसे में उनकी दावेदारी तो इस सीट पर है ही, इसके अलावा विधायक प्रवीण पटेल, विक्रम सिंह पटेल, कौशलेंद्र पटेल के नाम भी इन दिनों चर्चा में हैं। इसी तरह इलाहाबाद सीट से सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी के अलावा विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी का भी दावेदार के रूप में नाम लिया जा रहा है। यहां से गिरीश चंद्र त्रिपाठी, योगेश शुक्ला, रईस शुक्ला, डॉ. एलएस ओझा, डॉ. भगवत पांडेय आदि का भी नाम सोशल मीडिया में चल रहा है।

फुल हो गई इन 10 ट्रेनों में बुकिंग, होली तक सीटें नहीं; एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग

आगरा, एजेंसी। होली के चलते ट्रेनों में बुकिंग फुल हो गई है। सामान्य दिनों के मुकाबले तीन गुना टिकट बुक हो रहे हैं। स्लीपर के लिए सबसे लंबी वेटिंग है। 10 से अधिक ट्रेनों में बुकिंग के लिए ज्यादा मारामारी है। ऐसे में रेलवे की विशेष ट्रेन चलाने की तैयारी है। आगरा कैंट, आगरा फोर्ट स्टेशन, राजा की मंडी समेत अन्य स्टेशनों से रोजाना 250 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। होली 25 मार्च को है। कामकाजी लोग अपने घरों में त्योहार मनाने जाएंगे। इसके चलते अब टिकट बुक कराने वालों को लंबी वेटिंग चल रही है। सबसे ज्यादा मालवा एक्सप्रेस (12919), झेलम एक्सप्रेस (11077), मंगला एक्सप्रेस (12618), गोवा एक्सप्रेस (12780), पंजाब मेल (12138), कोटा एक्सप्रेस (13238), छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (18238), मरुधर एक्सप्रेस (14864), जोधपुर-हावड़ा सुपरफास्ट (12308) और मुंबई राजधानी एक्सप्रेस (22222) में सबसे ज्यादा मारामारी है। शास्त्रीपुरम निवासी मोहित आहूजा का कहना है कि होली पर परिवार के साथ पंजाब जाना है, रिजर्वेशन के लिए लंबी वेटिंग है। रेलवे वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि होली पर 8-10 ट्रेनों में रिजर्वेशन के लिए लंबी वेटिंग है। यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन चलाने के साथ फेरे भी बढ़ाए जाएंगे।

तेंदुए का 24 घंटे बाद भी नहीं कोई सुराग, वन विभाग ने तीन पिंजरे लगाए, दिखे तो इन नंबर पर करें कॉल

मेरठ , एजेंसी। मेरठ के कंकरखेड़ा में एक दिन पहले कंकरखेडा में घनी आबादी में घुसा तेंदुआ शनिवार को भी वन विभाग की टीम के लिए चुनौती बना रहा। टीम को अभी तक उसके पंजों के निशान के अलावा कोई सुराग नहीं लगा है। टीम लगातार सर्च अभियान चला रही है। तेंदुए को पकड़ने के लिए अब केंकरखेड़ा और कैंट क्षेत्र में तीन पिंजरे लगाए गए हैं।

इसके अलावा 12 ट्रैप कैमरों को लगाकर नजर रखी जा रही है, लेकिन शनिवार को तेंदुआ किसी भी कैमरे में नजर नहीं आया। उधर कंकरखेड़ा के लोगों में दहशत है। लोग लाठी डंडे लेकर सड़कों और गलियों में पहरा दे रहे हैं।

आर्य नगर में शुक्रवार सुबह शारदा देवी के मकान में लगे सीसीटीवी में तेंदुए की फुटेज सामने आई थी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए की तलाश की थी, लेकिन तेंदुए का सुराग नहीं लग सका था। शनिवार को भी पूरे दिन तेंदुए की दहशत क्षेत्र में बनी रही। तुलसी कॉलोनी, आर्य नगर व गोविंदपुरी सहित अन्य कॉलोनी में लोगों ने हाथों में डंडा लेकर खुद ही पहरा दिया। वन विभाग की टीम ने कई घंटे तक क्षेत्र में कांबिंग की। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए आरवीसी सेंटर व सरधना रोड पर कृषि फार्म हाउस में जाल व पिंजरा लगाया। लेकिन 24 घंटे बाद भी तेंदुए हर नजर से दूर रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार तेंदुए ने क्षेत्र के कुत्तों का शिकार भी किया है। आर्य नगर में एक कुत्ते पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

वन विभाग ने जारी किए नंबर: वन विभाग की ओर से नंबर जारी किए गए हैं। अगर क्षेत्र के लोगों को तेंदुए के संबंध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो वह इन नंबरों पर जानकारी दे सकते हैं। लोगों से अपील की गई है कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और अगर कोई वीडियो या कोई सूचना होती है तो उसे शेयर करें।

आयोग के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पर लगा पेपर लीक का दाग

प्रयागराज, एजेंसी। शासन की ओर से समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 को निरस्त किए जाने के बाद उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पर पेपर लीक का दाग लग गया है।

आरओ/एआरओ के 411 पदों के लिए 1076004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। परीक्षा के लिए प्रदेश के 58 जिलों में 2387 केंद्र बनाए गए थे। 11 फरवरी को हुई परीक्षा में 64 फीसदी अभ्यर्थी शामिल हुए थे। आयोग की किसी भी परीक्षा के लिए पहली बार इतनी अधिक संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे और पहली बार किसी परीक्षा के लिए सबसे ज्यादा केंद्र भी बनाए गए थे। हालांकि, आयोग ने परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए इस बार कई नए कदम उठाए थे।

पहली बार परीक्षा केंद्रों में 50 फीसदी से अधिक बाहरी कक्ष निरीक्षक तैनात किए गए थे। आयोग ने तो शासन को यह प्रस्ताव भी भेजा था कि राजस्थान की तर्ज

पर यहां भी परीक्षा के दौरान इंटरनेट सेवा बंद कर दी जाएं, लेकिन इससे आम लोगों को होने वाली दिक्कत के मद्देनजर शासन ने इसकी अनुमति नहीं दी। आयोग की पूरी मेहनत पर पानी फिर गया, जब परीक्षा से डेढ़-दो घंटे पहले पेपर व्हाट्सएप पर वायरल हो गया।

आंदोलन तेज होने पर शासन को करना पड़ा हस्तक्षेप: शुरुआत में आयोग मानने को तैयार था कि पेपर लीक हुआ है लेकिन कुछ दिनों बाद हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में भी पेपर लीक हो गया और शासन ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त कर दी। यह परीक्षा निरस्त होने के बाद आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा के अभ्यर्थियों ने भी परीक्षा निरस्त किए जाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया और इस मामले में शासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। आयोग तो आंतरिक कमेटी से इसकी जांच करा ही रहा था, शासन ने भी अपने स्तर से जांच शुरू करा दी और अभ्यर्थियों से पेपर लीक से जुड़े साक्ष्य मांग लिए। आयोग की जांच पूरी होती इससे पहले शासन ने ही परीक्षा निरस्त करने का निर्णय ले लिया। फिलहाल अब तक हुई जांच में यह सामने नहीं आ सका है कि पेपर लीक की जड़ कहां है लेकिन परीक्षा निरस्त हो जाने से आयोग के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पेपर लीक के लिए याद रखी जाएगी।

साक्ष्य देने की मियाद पूरी होने से पहले परीक्षा निरस्त: यूपीपीएससी की ओर से अभ्यर्थियों को साक्ष्य उपलब्ध कराने की जो मियाद दी गई थी, उसके पूरा होने से पहले शासन ने परीक्षा निरस्त कर दी। अभ्यर्थियों ने आयोग के साथ शासन को भी पेपर लीक से जुड़े साक्ष्य उपलब्ध कराए थे। आयोग ने अभ्यर्थियों से दो मार्च तक साक्ष्य मांगे थे। ऐसे में माना जा रहा था कि साक्ष्य लेने की मियाद पूरी होने के बाद ही परीक्षा पर कोई निर्णय लिया जाएगा। वहीं, परीक्षा निरस्त किए जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थी बेमियादी धरने पर बैठ गए थे। शनिवार को साक्ष्य उपलब्ध कराने का अंतिम दिन था। शाम को अचानक शासन स्तर से परीक्षा निरस्त करने की घोषणा कर दी गई।

आरओ/एआरओ प्री-2016 भी हुई थी निरस्त: इससे पहले आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2016 में भी पेपर लीक का मामला सामने आया था। इस मामले की सीबीसीआईडी जांच कराई गई थी और एजेंसी ने इसे क्लीन चिट दे दी थी। बाद में मामला कोर्ट में चला गया। बाद में आयोग ने परीक्षा ही निरस्त कर दी। आयोग ने प्रारंभिक परीक्षा दोबारा कराई। अब यह भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। एक और परीक्षा जांच के हवाले- एक तरफ सीबीआई अप्रैल अप्रैल 2012 से मार्च 2017 के हुई आयोग की 599 परीक्षाओं की जांच कर रही हैं। वहीं, अब एसटीएफ आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 की जांच करेगी। सीबीआई को जांच के दौरान कई परीक्षाओं में धांधली के सुराग भी मिले और इन्हीं सबूतों के आधार पर सीबीआई ने पीसीएस-2015 एवं एपीएस भर्ती परीक्षा-2013 के मामले में मुकदमा भी दर्ज किया। एपीएस परीक्षा-2013 के मामले में तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक को भी नामजद किया लेकिन किसी भी मामले में सीबीआई ने अब तक कोई सीधी कार्रवाई नहीं की है। एसटीएफ आयोग की दूसरी परीक्षा की जांच करने जा रही है। इससे पूर्व एसटीएफ ने आयोग की ओर से आयोजित एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती-2018 की जांच भी की थी। इस परीक्षा में सामाजिक विज्ञान और हिंदी के पेपर प्रिंटिंग प्रेस से लीक होने के आरोप लगे थे।

एक्टर नहीं, सिंगर बनना चाहती थी रागिनी खन्ना

एक्ट्रेस रागिनी खन्ना पिछले काफी समय से छोटे परदे से दूर हैं। तकरीबन 12 साल पहले वो फिक्शन शो ससुराल गेंदा फूल में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आई थीं। अपने चुलबुले अंदाज से रागिनी ने घर-घर में अपनी जगह बनाई थी। इसके बावजूद, बीते काफी समय से वह किसी फिक्शन शो में नजर नहीं आईं। साल 2016 में वो आखरी बार रियलिटी शो कॉमेडी नाइट्स लाइव में नजर आई थीं। इन दिनों, रागिनी अपने सोशल मीडिया पर खुद के बनाए कंटेंट पर काम कर रही हैं। इतना ही नहीं, वो अपनी मां कामिनी खन्ना के सपनों को पूरा करने की राह पर भी निकल पड़ी हैं। एक्ट्रेस की मानें तो किसी और के विजन की बजाए खुद के विजन पर काम करना काफी संतोषजनक है।

दरअसल, रागिनीं सिंगर बनना चाहती थी। अपनी मां और नानी, श्री निर्मला देवी जोकि एक पॉपुलर क्लासिकल सिंगर थी, उनकी राह पर चलने की ख्वाहिश थी। लेकिन, मुझे मम्मी से म्यूजिक डायरेक्टर्स को कॉल लगवाने में शर्म आती थी। मुझे अपनी मां या नानी से तुलना होने का बहुत डर लगता था। मैं शुरू से ही थोड़ी अंडर-कॉन्फिडेंट रही हूं। जब मैंने अपने भाई अमित को एक्टिंग के लिए ऑडिशन देते हुए देखा तो सोचा इस फील्ड में अपनी किस्मत आजमाती हूं। ऑडिशन में लोगों को पता भी नहीं चलेगा। मैं थोड़े बहुत पैसे कमा के निकल जाऊंगी। ऑडिशन देना शुरू किया। कई एड मिले। कुछ महीनों बाद, पहला टीवी शो- राधा की बेटियां ऑफर हुआ। उसके बाद, कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। लेकिन हां, सिंगिंग का शौक आज भी रखती हूं। हर दिन, रियाज करती हूं। बतौर एक्टर, सबसे चैलेंजिंग एस्पेक्ट है कि आप दूसरों के ओपिनियन और कमेंट्स से कितने अप्रभावित रहते हो।

डेली शो में काम करना आसान नहीं

मैंने भी अपने करियर में बहुत ठोकरें खाई हैं। मैं एक दिन में आठ ऑडिशन दिया करती थी। एक हफ्ते में 50 ऑडिशन देती थी जिसमें तीन से चार में शॉर्टलिस्ट होती थी। फिर उनमें से आपको एक काम मिलता या वो भी नहीं। कभी जैसे तैसे काम मिल जाए तो उसके बाद एक अलग स्ट्रगल शुरू। डेली शो में काम करना आसान नहीं।

एक्टिंग से कुछ अलग करना था इसीलिए प्रोड्यूसर बनी

एक्ट्रेस कृति सेनन फिल्म 'दो पत्ती' से प्रॉडक्शन के क्षेत्र में अपने कदम बढ़ा रही हैं। फिल्म प्रॉडक्शन के लिए जिस तरह उन्होंने क्रिएटिव काम किया, उससे वह काफी संतुष्ट हैं। कृति ही नहीं, इस फिल्म में काजोल भी अहम रोल अदा कर रही हैं। डायरेक्टर शशांक चतुर्वेदी की इस फिल्म की स्क्रिप्ट कनिका ढिल्लन ने लिखी है। कृति ने बताया कि वह चाहती थीं कि एक्टिंग से अलग कुछ ऐसी भूमिकाएं भी निभाएं, जिनमें उन्हें कुछ क्रिएटिव करने के लिए मिले। इसी वजह से एक प्रोड्यूसर के तौर पर उन्होंने इस फिल्म के साथ जुड़ना चाहा। उन्होंने बताया 'फिल्म 'मिमी' के बाद मुझे ऐसी भूमिकाएं चाहिए थीं जो बहुस्तरीय हों, गहन हों और उसमें मैं कुछ हटकर कर सकूं।'

कृति इस बात में विश्वास नहीं करती कि उन्हें समय मिलने पर सही मौका मिल जाएगा और न ही वह इसका लंबे समय तक इंतजार कर सकतीं। वह तो खुद में कुछ करने पर यकीन करती हैं। उन्होंने कहा कि जब आपको सही और अच्छा मौका न मिले, तो खुद से इसे बना दो। फिल्म 'दो पत्ती' ने उन्हें ऐसा ही कुछ अलग करने को मिला, जिसे करके वह काफी संतुष्ट भी हैं। कृति ने कनिका की भी प्रशंसा की और कहा कि वह फिल्म की प्लानिंग से लेकर प्राडॅक्शन तक हर स्टेज पर भागीदार बनीं। कृति को उनकी फिल्म 'मिमी' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस के रूप में नैशनल फिल्म अवॉर्ड भी दिया जा चुका है। उन्हें बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम करते हुए 9 साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। फिल्म 'दो पत्ती' की शूटिंग खत्म होने के वक्त कृति ने एक खास मेसेज भी दिया था। उन्होंने कहा था, 'हर फिल्म में मेरे दिल का टुकड़ा होता है, लेकिन कुछ में मेरी आत्मा होती है।' अब प्रोड्यूसर के तौर पर उन्होंने पूरी मेहनत से काम किया है।

आदित्य दत्त के निर्देशन में एक्शन अवतार में नजर आएंगे गुलशन देवैया

बीता साल अभिनेता गुलशन देवैया के लिए बहुत ही शानदार साल रहा। वह वेब सीरीज दहाड़, गन्स एंड गुलाब्स और दुरंगा सीजन 2 के अलावा फिल्म 8 AM मेट्रो में अलग अलग किरदारों में नजर आए। अब नए साल में भी उनकी कई फिल्में और वेब सीरीज आएंगी, जिनमें वह अलग अलग किरदार निभा रहे हैं। इन दिनों गुलशन अपनी आगामी सीरीज बैड कॉप की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभिनेता गुलशन देवैया की ये वेब सीरीज जर्मन वेब सीरीज बैड कॉप-क्रिमिनल गट की आधिकारिक रीमेक हैं। इस फिल्म को हिंदी में अस्थाई शीर्षक बैड कॉप के नाम से बनाया जा रहा है। पिछले महीने रिलीज फिल्म क्रैक-जो जीतेगा वो जिएगा के निर्देशक आदित्य दत्त इस सीरीज का निर्देशन कर रहे हैं। सीरीज की शूटिंग पिछले तीन हफ्ते से मुंबई के अलग -अलग लोकेशन पर हो रही है। इस सीरीज का प्रसारण डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा। वेब सीरीज बैड कॉप आठ एपिसोड की है। सीरीज में गुलशन देवैया के अलावा अनुराग कश्यप, हरलीन सेठी, सौरभ सचदेवा और ऐश्वर्या सुष्मिता की मुख्य भूमिकाएं हैं।

करण जौहर के कारण दिशा पटानी बनी अभिनेत्री

सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पटानी और राशि खन्ना स्टारर योद्धा इस साल की बहुप्रतिक्षित फिल्मों में से एक है। इस हार्ड कोर एक्शन थ्रिलर फिल्म को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से योद्धा को दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। फिल्म का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है, फिलहाल फिल्म की स्टारकास्ट इसके प्रमोशन में जुटी हुई है। इस दौरान एक साक्षात्कार में फिल्म की मुख्य कलाकार दिशा पटानी ने अपने अभिनेत्री बनने के सफर को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया। दरअसल, मेकर्स ने गुरुवार को फिल्म का ट्रेलर जारी किया। इस दौरान फिल्म की पूरी टीम और मेकर्स ने इसमें हिस्सा लिया, जहां पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए दिशा पटानी ने अपने अभिनेत्री बनने के सफर को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया। दिशा ने कहा, जब मैं अठारह साल की थी, तभी करण जौहर ने उन्हें देखा था और उन्हें विश्वास दिलाया था कि मैं एक अभिनेत्री बन सकती हूं। दिशा ने आगे कहा, अगर मैं अभिनेत्री हूं, तो इसका एक यह भी है, जब मैं मॉडलिंग कर रही थी तो उसी दौरान करण ने मुझे देखा था। तब मैं सिर्फ 18 साल की थी। मुझे लगता है कि तब अगर करण ने मुझे पर विश्वास नहीं दिखाया होता तो शायद मैं आज यहां नहीं होती। इस दौरान दिशा ने नेपोटिज्म की ओर इशारा करते हुए कहा, मैं इंडस्ट्री से बाहर की हूं, लेकिन मुझे इसका कभी एहसास नहीं हुआ। मुझे वे मौके मिले,जो मैं चाहती थी। करण ने मुझे योद्धा में जो मौका दिया वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

ये काली काली आंखें के दूसरे सीजन को लेकर उत्साहित हैं ताहिर राज भसीन

ये काली काली आंखें के दूसरे सीजन की घोषणा के बाद एक्टर ताहिर राज भसीन बेहद खुश हैं। एक्टर ने कहा कि यह थ्रिलर सीरीज उनके लिए इसलिए खास है क्योंकि उन्हें पर्दे पर एक ऐसे नायक का किरदार निभाने का मौका मिला है, जिसमें ग्रे शेड्स भी हैं। सीरीज के बारे में बात करते हुए ताहिर ने कहा, मेरे करियर के पिछले कुछ साल बेहद अच्छे रहे हैं। मेरे काम को चौतरफा प्यार मिलने से लेकर बैक टू बैक हिट तक और शानदार भूमिकाएं निभाने तक मेरी यह यात्रा सफल और उत्साहजनक रही है। उन्होंने आगे कहा, सीरीज ये काली काली आंखें मेरी लिस्ट में सबसे ऊपर है, क्योंकि मुझे स्क्रीन पर एक ऐसे नायक की भूमिका निभाने का मौका मिलता है जो जरूरत पड़ने पर ग्रे शेड्स के साथ भरोसेमंद भी दिखता है। ये काली काली आंखें एक ऐसा प्रोजेक्ट है जिसने शायद मुझे मर्दानी के साथ-साथ सबसे अधिक प्रशंसा दिलाई है। नेटफ्लिक्स पर ये काली काली आंखें के दूसरे सीजन की खबर को लेकर एक्टर बेहद खुश हैं। उन्हें ऐसी उम्मीद है कि इसके जरिए उन्हें और अधिक प्यार और अधिक प्रशंसा मिलेगी।

अपनी फिल्मों के लिए कैटरीना ने हमेशा खुद की है डबिंग

अभिनेत्री कैटरीना कैफ आज बॉलीवुड का चमकता नाम हैं। पिछले 20 साल से उन्होंने बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। पिछले दिनों वे फिल्म मेरी क्रिसमस में नजर आई थीं। दर्शकों ने उनके इस फिल्म को काफी सराहा था। हाल ही में, अभिनेत्री एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया है कि उनकी फिल्मों की डबिंग हमेशा उन्होंने ही की है। साल 2003 में बूम के साथ अपनी अभिनय यात्रा शुरू करने वाली अभिनेत्री कैटरीना कैफ की पहली फिल्म ज्यादा सफल नहीं रही, लेकिन इसके बाद उन्होंने अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन की सरकार जैसी सुपरहिट फिल्मों में छोटी भूमिका निभाई और फिर 2005 में सलमान खान की मैंने प्यार क्यों किया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं, कैटरीना का अभिनय करियर फलने-फूलने लगा। हिंदी में बात न कर पाने के कारण उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा था। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने उन सभी बातों को खारिज किया, जिसमें यह दावा किया गया कि उनकी शुरुआती फिल्मों में एक डबिंग कलाकार ने उनके लिए डबिंग की थी। कैटरीना ने इस बात से इनकार किया है कि किसी और ने उनके लिए डब किया है। इसके बाद अभिनेत्री ने खुलासा किया कि इसके लिए उन्होंने अपने करियर की शुरुआत में हिंदी का प्रशिक्षण लेना शुरू किया था।

खुद को बहुत लकी मानते हैं अपारशक्ति खुराना



अपारशक्ति खुराना जी सिने अवार्ड्स शो को भाई आयुष्मान खुराना के साथ होस्ट करते दिखाई देंगे। अपारशक्ति ने एम टीवी के शो रोडीज से अपने सफर की शुरुआत की। अपारशक्ति ना सिर्फ एक्टर बल्कि सिंगर, कॉमेडियन, शो होस्ट और रेडियो जॉकी भी रह चुके हैं।

होस्टिंग और एक्टिंग में आपको इतना प्यार मिला है। अपने आपको कितना खुशनसीब मानते हैं?

इस पर अपारशक्ति कहते हैं- मैं रोज सुबह खुद को द जी सिने अवार्ड्स में कुछ अनोखा जरूर देखने को मिलेगा।

मैं फ्लो में काम करने में यकीन करता हूं

अपारशक्ति खुराना ने दंगल, स्त्री, पति, पत्नी और वो, जुबली जैसी फिल्मों में काम किया है। हर फिल्म में आप अपनी एक छाप छोड़ देते हैं। किस तरह से खुद को किरदारों के लिए ढालते हैं? इस पर अपारशक्ति ने कहा- मैं इस बारे में नहीं सोचता कि कोई भी रोल मुझे हटके कैसे करना है। मुझे ऐसा लगता है कि जब आप एक-एक चीज प्लान करके करते हैं तो वो जबरदस्ती पर्दे पर नजर आती है। मैं बस फ्लो के साथ काम करता हूं। इस तरह से मेरी एक्टिंग ईमानदारी के साथ नेचुरल अंदाज में ऑडियंस के सामने आती है।

मैं पूरी मासूमियत के साथ किरदार निभाता हूं

अपारशक्ति खुराना को लोग अक्सर आयुष्मान खुराना के भाई के नाम से जानते थे। एक्टर से इस बारे में भी पूछा गया कि उन्हें ऐसा सुन कर कैसा लगता था। इस पर अपार ने कहा- सच कहूं तो मेरे दिमाग में कभी ऐसी बातें नहीं आईं। ना पहले कभी आई थीं, ना आज आई हैं और ना ही फ्यूचर में आएंगी। मुझे जैसे जो रोल मिलते हैं, मैं उन्हें दिल से करता हूं। अपनी तरफ से पूरी मासूमियत के साथ किरदार में ढलता हूं। ज्यादा सोचता नहीं हूं। मैंने कभी किसी को ये पॉइंट प्रूव करने की कोशिश नहीं की, कि मेरी खुद की एक आइडेंटिटी है। मैं एक आर्टिस्ट हूं, जिसको अपने काम में मजा आता है। इसलिए मैं बस वही कर रहा हूं।

विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म करना चाहती हैं रश्मिका

रश्मिका मंदाना साउथ की बेहतरीन हीरोइनों में से एक हैं। हाल ही में वह बॉलीवुड मूवी एनिमल में भी नजर आईं। अब वह विजय देवरकोंडा के साथ किसी फिल्म में दोबारा काम करना चाहती हैं। उन्होंने हाल ही में बताया कि वह और विजय किसी अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं। काफी समय हो गया है रश्मिका ने विजय के साथ कोई फिल्म नहीं की है। अगर कुछ बढ़िया मिलता है, तो ये दोनों जरूर साथ में काम करेंगे। बता दें कि रश्मिका पुष्पा 2 में नजर आएंगी, तो विजय फैमिली स्टार में दिखाई देने वाले हैं।

टीम इंडिया में वापसी के लिए आईपीएल 2024 काफी नहीं !

ईशान और श्रेयस के सेलेक्शन पर संकट

नईदिल्ली, एजेंसी। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को उस समय अपने करियर का अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा होगा, जब उनका नाम बीसीसीआई के एनुअल सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 2023-24 में नहीं दिखा होगा। बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट जारी करते हुए एक बात लिखी थी कि बोर्ड ने श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को इसलिए अनुबंध की सूची में शामिल नहीं किया है, क्योंकि चयनकर्ताओं ने उनकी सिफारिश नहीं की है।

इसके पीछे का कारण ये सामने आया है कि इन दोनों खिलाड़ियों ने बीसीसीआई की रणजी ट्रॉफी खेलने की चेतावनी को नजरअंदाज किया था। अब खबर है कि इन दोनों की टीम इंडिया में वापसी भी बहुत ही ज्यादा कठिन होने वाली है। बता दें कि नेशनल ड्यूटी से मानसिक थकान का हवाला देकर ब्रेक लेने वाले ईशान किशन पार्टी करते नजर आए थे और आईपीएल की तैयारियां कर रहे थे। वहीं, श्रेयस अय्यर चोट के बहाना बनाकर रणजी ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल से हटे और कोलकाता नाइट राइडर्स के कैंप में नजर आए। अब इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट कहते है कि दोनों खिलाड़ी आईपीएल भले ही खेलें, लेकिन टीम सेलेक्शन के लिए अभी कंसीडर नहीं किए जाएंगे। उनको फिर से घरेलू क्रिकेट खेलने होगी और फिर टीम में जगह बनानी होगी।

सूत्र ने बताया, ईशान को वह अवकाश मिल गया जो वह चाहते थे, लेकिन उन्होंने एनसीए या राज्य इकाई को रिपोर्ट नहीं किया है, लेकिन अकेले प्रशिक्षण जारी रखा। इन परिस्थितियों में, बीसीसीआई के पास केंद्रीय अनुबंध की पेशकश करने का कोई मौका नहीं था। इसी तरह श्रेयस के साथ भी हम मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार चले। उनके लिए अभी भी दरवाजे खुले हैं, बशर्ते वे नियमित रूप से घरेलू क्रिकेट खेलें। आईपीएल के आधार पर टी20 वर्ल्ड कप के लिए सेलेक्शन होना है। ऐसे में दोनों का सेलेक्शन भी संदेह के घेरे में है।

लियोन ने रचा इतिहास

डब्ल्यूटीसी के इतिहास में यह कमाल करने वाले पहले गेंदबाज

रवि अश्विन भी रह गए पीछे

वेलिंग्टन, एजेंसी। ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई। न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और उसकी पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट हासिल किए।

अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार मैच में 10 या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइटवॉचमैन के रूप में 41 रन की महत्वपूर्ण पारी भी खेली थी।

नाथन लियोन ने बनाए ये रिकॉर्ड्स

ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन के नाम अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा (10) फाइव विकेट हॉल हो गए हैं, उन्होंने भारत के रविचंद्रन अश्विन (नौ) को पछाड़ दिया है। लियोन अब टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं, उन्होंने दिग्गज क्रिकेटर कर्टनी वॉल्श को पछाड़ दिया। लियोन के नाम अब 128 टेस्ट मैचों में 527 विकेट हो गए हैं और उनका औसत 30.35 का है। उन्होंने अपने करियर में उन्होंने 24 बार पांच विकेट और पांच बार 10 विकेट लिए हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने 11 मैच में लियोन ने 18.90 की औसत से 60 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम 50 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में उनका औसत पांचवां सर्वश्रेष्ठ है। लियोन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन बार पांच विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा वह न्यूजीलैंड में छह विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर बन गए हैं।

संक्षिप्त समाचार

रिटायरमेंट के 10 बाद ही टीम में वापसी करेंगे नील वैंगनर?

वेलिंग्टन, एजेंसी। न्यूजीलैंड की टीम अपने ही घर पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट मुकाबला हार गई। ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन टेस्ट में मेजबान कीवी टीम को 174 रन से मात दी। इस हार के बाद कप्तान टिम सउदी ने इशारा दिया कि 5 दिन पहले संन्यास लेने वाले नील वैंगनर वापसी कर सकते हैं। वैंगनर की वापसी की चर्चा के पीछे का कारण है विल ओ'रोरके का चोटिल होना। टेस्ट के तीसरे दिन रोरके को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव हो गया था। वह अपने 8वें ओवर में पांच गेंदे करके मैदान से बाहर चले गए थे। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में उनकी वापसी नहीं हुई। चौथे दिन उन्होंने बल्लेबाजी की लेकिन वह विकेट्स के बीच दौड़ने में असहज दिखाई दे रहे थे। कीवी कप्तान टिम सउदी ने माना कि दूसरे टेस्ट के लिए उनके टीम सेलेक्शन में गलती हुई। उन्हें चार तेज गेंदबाजों को नहीं खिलाना चाहिए था। यहां गेंद स्पिन हुई। दूसरा टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में खेल जाएगा। यहां कि पिच ज्यादा स्पिन नहीं होती है। अगर रोरके दूसरे टेस्ट के लिए फिट नहीं होते तो टीम को चौथे तेज गेंदबाज की जरूरत होगी और ऐसे में वैंगनर के नाम पर चर्चा हो सकती है। सउदी ने कहा, 'हमने बहुत ज्यादा चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल के हालात कैसे है। फीजियो ने अब तक यह अपडेट नहीं दिया कि विल कब तक फिट होंगे। अगले कुछ दिन में क्या होगा हम नहीं जानते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें फैसला लेना है कि क्राइस्टचर्च में क्या होगा। वैंगनर को पिछले हफ्ते शानदार स्वागत मिला था। वह फैंसके पसंदीदा गेंदबाज रहे हैं। हम ट्रेंट बोल्ट को नहीं बुलाएंगे क्योंकि उनका ध्यान टी20 पर है।'

भारतीय टीम ने हासिल किया नंबर-1 का ताज

नईदिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की टीम को 172 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैच में गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। कैमरून ग्रीन ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया और उनकी वजह से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम मैच जीतने में सफल रही। उन्होंने मैच में 174 रनों की पारी खेली। लेकिन ऑस्ट्रेलिया की जीत से भारतीय टीम को तगड़ा फायदा हुआ है। भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर पहुंच गई है और न्यूजीलैंड को नुकसान हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच हारते ही न्यूजीलैंड की टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में एक स्थान का नुकसान हुआ है।

हैदराबाद की कप्तान करते दिख सकते हैं कमिंस, स्टेन को लेकर ये है अपडेट

आईपीएल- 2024

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच के रूप में अपनी भूमिका से ब्रेक का अनुरोध किया है, भले ही फ्रेंचाइजी 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के आगामी सीज़न के लिए कप्तान के रूप में पैट कमिंस की घोषणा कर सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, कहा जा रहा है कि स्टेन ने फ्रेंचाइजी से इस साल के लिए हैदराबाद में अपनी कोचिंग भूमिका से ब्रेक के बारे में पूछा है। इसमें कहा गया है कि फ्रेंचाइजी अब नए गेंदबाजी कोच की तलाश कर रही है और इस संबंध में जल्द ही घोषणा की जा सकती है।

दक्षिण अफ्रीका के लिए अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर में 93 टेस्ट, 125 वनडे और 47 टी20 मैच खेलने के अलावा, स्टेन ने आईपीएल में अब बंद हो चुकी डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए भी खेला था। 2022 में, स्टेन एक गेंदबाजी कोच की भूमिका में हैदराबाद फ्रेंचाइजी में शामिल हो गए और उन्हें तेज गेंदबाज उमरान मलिक के विकास में एक बड़ी भूमिका निभाने का श्रेय दिया गया, जिन्होंने टी20 और वनडे में भारत की कैप हासिल की और हाल ही में उन्हें बीसीसीआई से तेज गेंदबाजी अनुबंध का मौका मिला। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और आवश्यकताएं पूरी होने तक स्टेन के अगले सीज़न में फ्रैंचाइज़ी में लौटने की उम्मीद है। पिछले साल अंक तालिका में सबसे नीचे रहने के बाद, हैदराबाद को न्यूजीलैंड के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर डेनियल विटोरी के रूप में नया मुख्य कोच मिला, जो वर्तमान में ऑस्ट्रेलियाई टीम के सहायक कोच हैं। इस बीच, आईपीएल 2024 के लिए हैदराबाद कप्तानी के बारे में बात करते हुए, उम्मीद है कि पिछले साल दुबई में नीलामी में 20.5 करोड़ रुपये में उन्हें हासिल करने के बाद फ्रेंचाइजी कमिंस को अपना नया कप्तान घोषित करेगी।

कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) और पुरुष वनडे विश्व कप जीता था। पिछले दो सीज़न में हैदराबाद की कप्तानी एडेन मार्करम ने की थी, लेकिन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली। हालांकि, मार्करम ने एसए20 के पहले दो सीज़न में हैदराबाद फ्रैंचाइज़ी की सहयोगी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप को सफलतापूर्वक ट्रॉफी तक पहुंचाया। आईपीएल 2016 की विजेता सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में दो बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने 2024 अभियान की शुरुआत करेगी, इसके बाद 27 मार्च को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस.के खिलाफ अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी।

विराट कोहली को लेकर इमाम-उल-हक ने बोला था ये झूठ

● आगा सलमान ने किया खुलासा, कहा- मैंने मैसेज किया था लेकिन...

नईदिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली और गौतम गंभीर की आईपीएल 2023 के दौरान नोकझोंक हो गई थी, जिसकी काफी चर्चा रही। इस घटना के बाद पाकिस्तानी क्रिकेटर आगा सलमान ने इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजा था। वहीं, पाकिस्तानी बल्लेबाज इमाम-उल-हक ने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि सलमान ने मैसेज में कोहली को ईजी हो जा बच्चे लिखा। सलमान को इसपर काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। हालांकि, सलमान ने अब खुलासा किया है कि इमाम ने झूठ बोला था। उन्होंने कहा कि मैंने कोहली को मैसेज जरूर किया था लेकिन बच्चा नहीं कहा।

सलमान इन दिनों पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2024 में खेल रहे हैं। वह पीएसएल में इस्लामाबाद युनाइटेड फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। सलमान ने इस्लामाबाद युनाइटेड को इंटरव्यू दिया, जिसमें उनसे पूछा गया कि आपने विराट को क्या मैसेज किया था. इसपर सलमान ने कहा, इमाम की आधी बातें माना ही ना करें। यह फ्लो में बात काट जाता है और बाद में कवर करते-करते टाइम गुजर जाता है। मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा। मुझे भारतीय लोगों से बहुत गाली पड़ी हैं। हर कोई विराट का सम्मान करता है। कौन सा क्रिकेटर है, जो उनका सम्मान नहीं करता। मैंने उन्हें मैसेज किया था लेकिन ऐसा कुछ नहीं बोला कि ईजी हो जा बच्चे। उन्होंने कहा, कोहली की गंभीर से लड़ाई हुई थी। हीटेड मोमेंट था। फिर इस तरह की सिचुएशन हो गई कि वो फनी ले में जाने लगा। जो देखने वाले थे, वो कहने लगे कि ये क्या कर रहे हैं ग्राउंड में।

मैंने उसके बाद मैसेज किया। उसका जो स्टार्ट था वो विराट भाई है। बाकी आप अंदाजा लगा सकते हैं। मैंने शादाब खान को मैसेज के बारे में बता दिया था। आपने एक वीडियो देखी होगी, जिसमें मैं, शादाब और विराट एकसाथ खड़े (एशिया कप 2023 के दौरान) हैं। सलमान ने आगे कहा, शादाब ने फिर विराट को बताया था कि इसने आपको मैसेज किया। हमने काफी मजाकिया वे में लिया और मैंने उनको बताया कि मैसेज किया था। वो मजाक था। यह शादाब की कारिस्तानी थी। शादाब इंतजार कर रहा था कि एशिया कप आने दे फिर बताऊंगा। शादाब ने जब विराट को बताया तो उन्होंने मजाकिया तौर पर लिया। मैंने उनसे कहा कि आपने मैसेज नहीं देखा। जाहिर बात है, वो कहां मेरा मैसेज देखेंगे। विराट ने कहा कि जाकर देखता हूं और उसका स्क्रीनशॉट लगाऊंगा। मैं विराट की बहुत रिस्पेक्ट करता हूं।

महिला प्रीमियर लीग 2024 - मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स को 7 विकेट से हराया

बेंगलुरू, एजेंसी। यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन 2 के 9वें मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में हार से उबरकर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हरा दिया।

मुंबई इंडियंस ने पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए तीन शुरुआती विकेट चटकाए और फिर एलिसे पेरी की 38 गेंदों में नाबाद 44 रनों की पारी के बावजूद 20 ओवरों में 131/6 के मामूली स्कोर तक पहुंच गई। जहां पेरी ने अपनी 38 गेंदों की पारी के दौरान पांच चौके लगाए, वहीं जॉर्जिया वेयरहैम 27 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।जीत के लिए 132 रनों का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ने एलिसे पेरी, यास्तिका भाटिया और नैट साइवर-ब्रंट के योगदान की बदौलत 15.1 ओवर में 133/3 का स्कोर बना लिया और 29 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया।

दिल्ली कैपिटल्स पर शुरुआती दौर में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद मुंबई इंडियंस को अपने पिछले मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। शनिवार की जीत के बाद मुंबई इंडियंस चार मैचों में छह अंकों के साथ आगे है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स चार अंकों पर बनी हुई है।

दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को बॉब जोन्स पुरस्कार

फार हिल्स (अमेरिका), एजेंसी। दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है। वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल हैं।

वुड्स 9 बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने बयान में कहा, 'बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं।

वुड्स को 12 जून को उत्तरी कैरोलिना में यूएस ओपन के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

राजनीति में डेब्यू करेंगे पैरालिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र झाझरिया

नईदिल्ली, एजेंसी। बीजेपी ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में राजस्थान के 15 उम्मीदवारों का नाम भी शामिल है। इन 15 सीटों में चुरू के मौजूदा सांसद राहुल कासवां का नाम शामिल नहीं है। बीजेपी बीते 33 साल से इस सीट पर कासवां परिवार को ही टिकट दे रही थी लेकिन इस बार उन्होंने पैरालंपिक खेलों में दो बार गोल्ड मेडल जीतने वाले देवेंद्र झाझरिया पर भरोसा जताया है।

33 साल से बीजेपी के टिकट पर लड़ रहा है कासवां परिवार

कास्वां परिवार बीते कई सालों से राजनीति में है। वह बीते 33 साल से चुरू में बीजेपी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल कासवां 2014 से इस सीट से सांसद हैं। इससे पहले उनके पिता भी तीन बार इसी सीट से सांसद रहे थे। इसके बावजूद बीजेपी ने इस बार इस परिवार को टिकट नहीं दिया है। राहुल कास्वां और राजेंद्र राठौड़ के बीच हुए विवाद को इसका कारण बताया जा रहा है।

राजेंद्र राठौड़ और राहुल कासवां का विवाद

पिछले साल राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में सात बार के विधायक राजेंद्र राठौड़ तारानगर सीट से चुनाव हार गए थे। इसके बाद उन्होंने कहा कुछ जयचंद है जिनके भितरघात के कारण वह चुनाव हार गए। वहीं उनके समर्थकों ने खुलकर राहुल कासवां को जयचंद बताया था। इसी के बाद विवाद शुरू हुआ था। दोनों के बीच बयानबाजी जारी रही और इसे ही कास्वां का नाम कटने का कारण बताया जा रहा है।

कासवां से बीजेपी ने पैरालंपिक खिलाड़ी देवेंद्र को मौका दिया जो टिकट मिलने पर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, ये मेरे लिए बड़ी खुशी का पल है, देश के 5 से 7 करोड़ दिव्यांग लोगों में खुशी है कि आज भाजपा ने एक दिव्यांग व्यक्ति को टिकट दिया है।

कौन हैं देवेंद्र झाझरिया

42 साल के झाझरिया को बचपन की त्रासदी जिसके कारण उनका बायां हाथ काटना पड़ा, वह उन कई बाधाओं में से एक थी, जिनसे झाझरिया ने सफलता की सीढ़ी चढ़ने के लिए संघर्ष किया। झाझरिया ने 2004 और 2016 के ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं टोक्यो खेलों में सिल्वर मेडल जीता था। वह 2014 एशियाई पैरा खेलों में रजत विजेता होने के अलावा दो बार पैरा विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता भी हैं। वह विश्व रिकॉर्ड धारक भी रह चुके है।

एक नजर

दिल में छेद से पीड़ित 27 बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन

पटना (नि.सं.)। जन्मजात दिल में छेद की बीमारी से ग्रसित गरीब परिवार के 27 बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन आईजीआईसी में हुआ। यह ऑपरेशन डिवाइस क्लोजर विधि से (बिना चीर-फाड़ के) किया गया। शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ सह सर्जन हैदराबाद के डॉ. आशीष सप्रे और आईजीआईसी की डॉ. पूजा कुमारी द्वारा इन बच्चों का ऑपरेशन किया गया। संस्थान के शिशु रोग विशेषज्ञ सह आरबीएसके के नोडल पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना और आरबीएसके कार्यक्रम के तहत इन बच्चों का ऑपरेशन पूरी तरह से निःशुल्क हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील कुमार की देखरेख में दो दिवसीय कैंप का आयोजन शनिवार से किया गया था। कैंप में डॉ. एनके अग्रवाल, डॉ. अमरनाथ केसरी, निश्चेतक डॉ. पंकज, डॉ. संतोष पांडेय, डॉ. अविनाश कुमार और डॉ. कुणाल कृष्ण, डॉ. गजनफर और डॉ. वीरवर झा ने इस ऑपरेशन में सहयोग किया।

लोकसभा चुनाव में अबकी बार बीजेपी 370 और एनडीए 400 के पारः सम्राट चौधरी

बेतिया (नि.सं.)। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने रविवार को बेतिया में कहा कि जमीन, शराब और बालू माफिया को बिहार से बाहर करूंगा। किसी भी कीमत पर इन माफिया को बिहार में रहने नहीं दूंगा। यहां अब डबल इंजन की सरकार है। सुशासन की सरकार में सिर्फ राज्य का विकास होगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 और एनडीए 400 के पार के लक्ष्य को हमें पूरा करना है। सूबे के डिप्टी सीएम ने कहा कि रेलवे, बिजली, सड़क आदि क्षेत्रों में 70 हजार करोड़ की योजनाएं चल रही हैं। एक कदम आगे बढ़ते हुए पीएम नरेंद्र मोदी छह मार्च को बेतिया के हवाई अड्डा मैदान से हजारों करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। एनडीए के नेता और कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर तैयारी का जायजा लेने पहुंचे भाजपा नेता ने हरिवाटिका स्थित एक विवाह भवन में कहा कि एनडीए के सभी घटक दल के नेता और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और लोगों को कार्यक्रम शामिल होने को लेकर आमंत्रित करें। इससे पूर्व उन्होंने एनडीए नेताओं और कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पटना से बेतिया हाइवे, गोरखपुर से नौतन होते हुए सिलीगुड़ी तक भारतमाला परियोजना के तहत बनने वाले 6 लेन ग्रीन कॉरिडोर के बन जाने पर चंपारण का तेजी से विकास होगा।

सनातन महिला ब्रिगेड का सदस्यता शिविर 17 मार्च को

पटना (नि.सं.)। विश्व सनातन मंच की ओर से स्थापित सनातन महिला ब्रिगेड के लिए सदस्यता शिविर का आयोजन 17 मार्च को कच्ची तालाब में लगाया जाएगा। मंच के बिहार प्रदेश संयोजक उमेश सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष वाराणसी के संत बौराहा बाबा के निर्देशन में विश्व सनातन मंच की ओर से देश के सभी राज्यों में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार आदि के लिए महिला व युवा ब्रिगेड का गठन किया गया है। इसके लिए सभी राज्यों में सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत पूरे देश में दस हजार युवतियों, महिलाओं को सनातन महिला ब्रिगेड का सदस्य बनाया जाएगा।

महुआ शराब के साथ धंधेबाज हुआ गिरफ्तार

नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)। नबीनगर थाना क्षेत्र के मझियावां गांव निवासी अकल राम को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान पीटीसी त्रिलोकी नाथ सिंह एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से 17 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि महुआ शराब को जप्त कर थाना लाया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर धंधेबाज को जेल भेज दिया गया है।

बाजार समिति में सड़क पर लग रही फलों की दुकानें

पटना (औरंगाबाद) (नि.सं.)। बाजार समिति मुसल्लहपुर में राज्य की सबसे बड़ी फल मंडी और थोक बाजार है, लेकिन यहां के कारोबारी बीते डेढ़ वर्षों से सड़क पर फल बेचने को मजबूर हैं। बाजार समिति में पुनर्निमाण कार्य वर्ष 2021 से ही चल रहा है। पुनर्निमाण कार्य के कारण कारोबारियों को खुले में सड़क पर फल का कारोबार करने की मजबूरी है।

समाज की सेवा करना सबका है दायित्व : राज्यपाल

निज संवाददाता

पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि समाज की सेवा करना हम सबका दायित्व है। चाहे हम किसी भी क्षेत्र एवं पेशा से संबंध रखते हों। ये बातें उन्होंने नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन, बिहार प्रांत एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में आईजीआईएमएस के ऑडिटोरियम में आयोजित छठे स्वामी विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा यात्रा सम्मान समारोह में रविवार को कहीं। कहा कि हम सब अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से अपने-अपने कार्य करते हैं, लेकिन कोई व्यक्ति जब इससे अलग हटकर विशिष्ट कार्य करता है तब समाज के अन्य लोगों को उससे प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के अनुसार मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। स्वामी जी की इस विचारधारा का आधार वसुधैव कुटुम्बकम है। पूरा विश्व ही हमारा परिवार है और इस परिवार की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन एवं सेवा भारती इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर कार्य कर रहे हैं। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन का कार्य सेवा उन्मुख राष्ट्रवादी चिकित्सकों को तैयार कर समाज के लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सुदूर गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हमारा दायित्व है। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन एवं सेवा भारती इस कार्य में रेडक्रॉस सोसाइटी की मदद ले सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सबकी सहभागिता आवश्यक है। चिकित्सकों को भी इसमें योगदान करना चाहिए। मौके पर राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा यात्रा के सेवा सहयोगियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में आईजीआईएमएस, पटना के प्रभारी निदेशक डॉ. वीएम दयाल, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन, बिहार के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार झा, उपाध्यक्ष डॉ. नम्रता कुमारी, सेवा भारती (दक्षिण बिहार) के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, बिहार के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों से आए चिकित्सकगण, छात्र-छात्राए, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल थे।

दायित्वों के प्रति गंभीर बनें विवि पदाधिकारी : राज्यपाल

राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ राजभवन में बैठक कर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के एकेडमिक कैलेंडर की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। साथ ही विभिन्न विश्वविद्यालयों की लंबित परीक्षाओं का आयोजन शीघ्र कराने और स्नातक सत्र 2024-28 में नामांकन आदि की समीक्षा की और महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में निर्देश दिया गया कि कुलपति के साथ-साथ विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारियों यथा- प्रतिकुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक आदि भी अपने दायित्वों के प्रति गंभीर बनें। राज्यपाल ने कहा कि हमसब मिलकर बिहार में उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने का प्रयत्न करेंगे। उन्होंने कहा कि कुलपति का समाज में काफी आदर और सम्मान है और वे अपने परिश्रम, निष्ठा और कर्तव्यों के प्रति समर्पण से इसे बनाये रखें। राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू, बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

राजा नारायण सिंह नाटक का लोकार्पण धूमधाम से संपन्न

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद में समाहरणालय के समीप अवस्थित श्रीकृष्ण सिंह स्मृति भवन के प्रांगण में प्रेम शंकर प्रेमी रचित राजा नारायण सिंह नाटक का लोकार्पण किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में आयोजित लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने किया।जबकि संचालन महामंत्री धनंजय जयपुरी ने किया।लोकार्पण समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर डा सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, समकालीन जवाबदेही के प्रधान संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, जिला विधिक संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय,डॉ रामाधार सिंह, डॉ शिवपूजन सिंह,राजा नृपेश्वर नारायण सिंह, राम किशोर सिंह, डॉ चंद्रशेखर पांडेय, प्रो. विजय कुमार सिंह कुमार योगेंद्र नारायण सिंह, रेड क्रॉस के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह,नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता ने नाटक का लोकार्पण किया।नाटक की भूमिका पर प्रेमी जी ने विशेष प्रकाश डाला। संबोधन के क्रम में चंद्रशेखर पांडेय, नृपेश्वर नारायण सिंह, डॉ शिवपूजन सिंह ने कहा कि राजा नारायण सिंह के जीवन पर विशेष शोध होना चाहिए जिससे उनके जीवन के अनछुए पहलुओं से रुबरु हो सकें। डॉ रामाधार सिंह ने कहा कि इस नाटक में पर्यावरण स्वरुप सोन नदी की चर्चा है। रामकिशोर सिंह ने काव्य पाठ करके उन्हें याद किया। डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि प्रेमी जी की नाटक पत्थरों में खुश्बू पैदा करने वाली दृश्य जैसी है।अध्यक्षीय उद्बोधन में डा सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि नाटक में दृश्य एवं श्रव्य दोनों परम्परा साथ साथ चलती है। लोकार्पण समारोह के मौके पर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी, विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, कल्प वृक्ष धाम के अशोक कुमार सिंह, राजा चंद्रेश्वर सिंह चांद बाबू, राजीव प्रताप सिंह, मनोज सिंह चौहान, रविंद्र कुमार सिंह, श्रीराम राय, हिमांशु चक्रपाणि, विनय मामूली बुद्धि, नागेंद्र कुमार केसरी, सुमन अग्रवाल, जग नारायण सिंह, लवकुश प्रसाद सिंह,राम भजन सिंह,पुरुषोत्तम पाठक, अनुज बेचैन, आफताब राणा, लालदेव प्रसाद, अमरेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

चिकित्सक की तीसरी पुण्यतिथि पर परिजनों ने जरूरतमंदों के बीच किया वस्त्र दान

निज संवाददाता

नवीनगर(औरंगाबाद)। नबीनगर प्रखंड के बेलाई गांव में रविवार को सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. हरिवंश नारायण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान लोगों ने उनके स्मारक स्थल पर पुष्पार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। इसके बाद स्वजनों ने डॉ . हरिवंश नारायण सेवा संस्थान के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदो को जलपान एवं वस्त्र प्रदान किया। परिजनो ने पुण्यतिथि पर 100 लोगों को साड़ी, धोती, चादर और गमछा दिया। गौरतलब है कि डॉ. हरिवंश नारायण सिंह आयुर्वेद के स्वर्ण पदक प्राप्त चिकित्सक थे। ज उन्होंने बिहार, बंगाल और झारखंड में चिकित्सा के क्षेत्र में प्रसिद्धि प्राप्त की थी। इस मौके पर परिजन डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पूर्वजों की स्मृति से सुख चैन की प्राप्ति होती है। कहा कि डॉ. हरिवंश नारायण सेवा संस्थान जरूरतमंदों की सेवा में अनवरत कार्य कर रहा है। प्रत्येक रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान किया जाता है। इसका लोग लाभ उठाए। वही संजय मिश्रा ने कहा कि संस्थान द्वारा वर्ष में दो बार इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है जिससे गरीबों को बहुत राहत मिलती है। इस मौके पर डॉ . धनंजय सिंह, किशोर कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, डॉ मनोज सिंह, ललन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, बिनोद सिंह, हरेन्द्र सिंह, सुधीर कुमार, राम किशुन, रामचन्द्र, शंकर, जयकांत, बृजदेव राम, मोगल राम सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

आरपीएफ-जीआरपी ने बैग से जब्त किया 54 लीटर विदेशी शराब

निज संवाददाता

पटना। पटना के फतुहा में गश्ती कर रही आरपीएफ, जीआरपी ने ट्रेन संख्या 13424 की चेन पुलिंग के दौरान फतुहा और बंका घाट स्टेशन के बीच उतर कर जा रहे दो युवकों को रोका। पुलिस को देखते ही दोनों अपना पिट्ठू बैग छोड़कर भाग निकले। बैग की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की गई। जब्त की गई करीब 54 लीटर विदेशी शराब की कीमत 50 हजार रुपये से अधिक है। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर बिनोद कुमार विश्वकर्मा, जीआरपी थानाध्यक्ष गनौरी दास और आरपीएफ, जीआरपी के जवान मौजूद थे।

बता दें कि जवानों ने चैन पुलिंग कर भाग रहे दो युवकों को रोकना चाहा। जवानों ने दोनों को खदेड़कर पकड़ना चाहा। इस दौरान युवक शराब छोड़ मौके से फरार हो गए, जब आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने सभी बैग और थैले को चेक किया गया। चेकिंग में सभी बैग से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। वहीं, फतुहा आरपीएफ थानाध्यक्ष विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि भारी मात्रा में शराब की टेट्रा पैक समेत अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत 50 हजार रुपए से ज्यादा की है। राज्य में शराबबंदी कानून लागू होने की वजह से शराब जब्ती की सूची तैयार कर छपरा जीआरपी को सुपुर्द कर दिया गया। जीआरपी ने मद्य निषेध कानून के तहत अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

प्रखंड प्रमुख के निर्वाचन पर निर्णय आज

निज संवाददाता

पटना। पटना सदर की प्रखंड प्रमुख बनी नीलम देवी के निर्वाचन से जुड़े मामले में सोमवार को पटना हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। पूर्व प्रखंड प्रमुख अमरजीत कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया को गलत करार देते हुए इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद ही स्पष्ट होगा कि सदर एसडीएम की देखरेख में हुआ प्रखंड प्रमुख का चुनाव सही है या नहीं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने 23 फरवरी को सदर एसडीएम कार्यालय में विधिवत निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की थी। सदर एसडीएम श्रीकांत कुंडलिक खंडेकर ने प्रखंड प्रमुख का निर्वाचन कराने के बाद उसी दिन नये प्रमुख को शपथ भी दिला दी थी, लेकिन उसी दिन अपराह्न दो बजे के बाद पटना उच्च न्यायालय की ओर से निर्वाचन स्थगित करने से संबंधित पत्र प्रशासन को प्राप्त हुआ था, लेकिन इससे पहले सभी प्रकार की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। इसलिए इस मामले में कोर्ट में चार मार्च को सुनवाई के लिए तिथि निर्धारित की गई है। निर्वाचन प्रक्रिया को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि बैठक और प्रोसिडिंग की प्रक्रिया सही नहीं है। हालांकि, सदर एसडीएम श्रीकांत कुंडलिक खंडेकर ने बताया कि प्रखंड प्रमुख का निर्वाचन राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कराया गया है, जो नियमानुकूल है, लेकिन कोर्ट का इस संबंध में आया आदेश भी अनुपालन करना है इसलिए आगे की प्रक्रिया न्यायालय के आदेशानुसार की किया जाएगा।

संपत्ति कर नहीं देने वाले 784 लोगों को निगम ने किया डिफॉल्टर घोषित

पटना (नि.सं.)। नगर निगम ने मिशन-30 के तहत 31 मार्च तक सभी बकायदारों से संपत्ति और कचरा शुल्क वसूलने के लिए अभियान चला रखा है। सभी वार्डों से संपत्ति कर के बड़े बकायदारों की सूची तैयार की है, जिसमें से 784 लोगों को डिफॉल्टर घोषित किया है। ये ऐसे लोग हैं जिनके पास निगम की ओर से कई बार नोटिस भेजा गया, लेकिन संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया गया। ऐसे लोगों के घर पर अब नगर निगम की टीम जा रही है। संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने पर घर की कुर्की की कार्रवाई भी होगी।

डाक विभाग और बीआईए मिलकर बिहार के उद्यमियों की करेंगे मदद

पटना। डाक विभाग और बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (बीआईए) मिलकर अब बिहार के उद्यमियों को मदद करने के लिए काम करेगा। इसके तहत दोनों के बीच जल्द समझौता होगा। डाक विभाग के निर्यात केंद्र से बिहार के उद्यमियों को जोड़ा जाएगा। मिथिला पेंटिंग से बने उत्पाद, कृषि उत्पाद, पारंपरिक कला और शिल्प से बने उत्पाद, कपड़े आदि का कारोबार कर रहे उद्यमियों को बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की मदद से चिह्नित किया जाएगा। इसके बाद डाक निर्यात केंद्र से जोड़कर उनके उत्पादों को विदेशी बाजार तक पहुंचाया जाएगा। डाक निर्यात केंद्र से उत्पाद विदेशों में भेजने के लिए उद्यमियों को कस्टम क्लियरेंस के लिए बार- बार चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इससे उद्यमियों को और भी सहूलियत होगी। कस्टम क्लियरेंस भी डाक विभाग में ही हो जाएगा। पहले कस्टम क्लियरेंस के लिए कोलकाता जाना पड़ता था। कागजी प्रक्रिया से लेकर कस्टम क्लियरेंस की प्रक्रिया सभी डाक विभाग के कर्मचारियों की ओर से ही पूरी की जाएगी। डाक निर्यात केंद्र की मदद से उद्यमी या व्यापारी 35 किलोग्राम तक के वजन के पार्सल को विदेशों में भेज सकेंगे। इसके लिए उद्यमियों को डाक विभाग का भी चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उद्यमी घर बैठे https://dnk.cept.gov.in/customers.web/ लिंक पर जाकर अपना पंजीयन, केवाईसी और अनिवार्य दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद डाक विभाग के कर्मचारी उद्यमी के घर से पार्सल का संग्रह करेंगे। डाक विभाग में पार्सल के पैकेजिंग, लेबलिंग का जिम्मा डाक विभाग का होगा। उद्यमियों को सामान के वजन के हिसाब से ही शुल्क का भुगतान करना होगा।

बदला मौसम का मिजाज, हल्की बारिश ने बढ़ाई ठंड, रब्बी फसलों को नुकसान

निज संवाददाता

औरंगाबाद/गोह। औरंगाबाद में अचानक हुई बेमौसम की बारिश ने गेहूं, सरसों, मसूर व अरहर की फसलों को भारी नुकसान से किसानों की चिंता बढ़ गई है। वही बारिश से मौसम काफी सर्द हो गया है। शनिवार की देर रात से ही हल्की रुक रुक कर बारिश हो रही है। सुबह में भी आसमान में बादल छाए रहे और रुक रुक कर दिन भर बारिश होती रही। तेज हवा भी चल रही है। हवा में नमी की मात्रा भी बढ़ गई है। अचानक ठंड बढ़ने से जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सुबह में घना कुहासा भी दिखा। हर दिन की तरह सड़क पर चहल पहल भी काफी कम है। ऐसे में अब बेमौसम बरसात से किसानों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीण इलाकों में भी हल्की-हल्की हो रही बारिश के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों में लगी रबी फसल के लिए इस माह में होने वाली हल्की बारिश की भी कोई जरुरत नहीं थी। इससे न सिर्फ कीटों का प्रभाव बढ़ेगा बल्कि फसल उत्पादन में भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे और बूंदा-बांदी बारिश भी रुक-रुक कर हो रही है। अगर इसी तरह बारिश होती रही और तेज हवा चलती रही तो खेतों में लगी रब्बी की फसल के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

विनियामक आयोग के छठे अध्यक्ष बने आमिर सुबहानी

पटना (नि.सं.)। मुख्य सचिव पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आमिर सुबहानी को बिहार विद्युत विनियामक आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। आयोग के वे छठे अध्यक्ष होंगे। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की ओर से शपथ ग्रहण के बाद सुबहानी आयोग के अध्यक्ष का विधिवत कामकाज संभालेंगे। उनके आयोग के अध्यक्ष बनने की अधिसूचना ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस की ओर से जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार आमिर सुबहानी जिस दिन पदभार ग्रहण करेंगे।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433